▶▶ जबलपुर, शनिवार
21 मार्च 2026
▶▶ वर्ष 31 अंक 264
▶▶ पृष्ठ 12
▶▶ मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'सपने मुफ्त होते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने की कीमत चुकानी पड़ती है'

2 चैत्र नवरात्र के द्वितीय दिवस में उमड़ा...
5 मां रेवा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल ...
7 तेल व्यापार ठप, टूटे संबंध और तबाही...
11 सिंहस्थ में दुनिया देखेगी सनातन...

# आखिरकार पेट्रोल-डीजल तक पहुंच ही गई युद्ध की आग

## प्रीमियम पेट्रोल 2.09 और इंडस्ट्रियल डीजल 22 रुपये प्रति लीटर महंगा

नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध का असर भारत में भी दिखने लगा है। एलपीजी संकट के बीच अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ इंडस्ट्रियल डीजल के दाम भी बढ़ा दिए हैं। शुक्रवार को सरकारी तेल कंपनियों ने स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2.09 रुपये से 2.35 रुपये प्रति लीटर तक की भारी बढ़ोतरी कर दी है। इस वृद्धि के बाद राजधानी भोपाल में प्रीमियम पेट्रोल की दरें 117 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच गई हैं। यह बढ़ोतरी अलग-अलग शहरों में लागू की गई हैं और संशोधित दरें 20 मार्च 2026 से ही प्रभावी हो गई हैं। इंडस्ट्रियल डीजल भी अब 22.03 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने इंडस्ट्रियल डीजल की कीमत 87.67 रुपये से बढ़ाकर 109.59 रुपये प्रति लीटर कर दी है। इंडस्ट्रियल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी उद्योग, ट्रांसपोर्ट और बिजली उत्पादन लागत को प्रभावित करेगी, और इससे महंगाई बढ़ेगी जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा।

इंडस्ट्रियल डीजल का इस्तेमाल आम गाड़ियों में नहीं, बल्कि फैक्ट्री व कारखानों में औद्योगिक कामों के लिए किया जाता है, इसे इंडस्ट्रियल या बल्क डीजल के रूप में बेचा जाता है। इस डीजल पर कोई सब्सिडी नहीं होती है। फैक्ट्रीज़, शॉपिंग मॉल, डेटा सेंटर और वे बड़ी बिल्डिंग्स जो बिजली जाने पर बड़े जेनरेटर पर चलते हैं, वहां इंडस्ट्रियल डीजल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा, जेसीबी, बुलडोज़र और इंफ्रा प्रोजेक्ट्स में



इस्तेमाल होने वाली हैवी मशीनों में भी इंडस्ट्रियल डीजल का इस्तेमाल होता है। भले ही इंडस्ट्रियल डीजल का इस्तेमाल आम गाड़ियों में नहीं होता है लेकिन इसके दामों में बढ़ोतरी का असर आम जन जीवन पर जरूर देखने को मिलेगा। क्योंकि, इससे कंपनियों की लागत बढ़ेगी और इसका बोझ ग्राहकों पर डाला जा सकता है।

### एलपीजी: हालात चिंताजनक



एलपीजी संकट को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अब पैनिक बुकिंग में कमी आई है। देशभर में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन हालात अभी भी चिंता वाले बने हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को करीब 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग हुई। वहीं, करीब 7500 उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से ये बातें केंद्रीय मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गई।

### क्यों बढ़ी कीमतें?

- बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पेट्रोल की कीमतों में इस अचानक वृद्धि का मुख्य कारण कच्चे तेल का महंगा होना है।
- ईरान में जारी युद्ध की स्थिति के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गई हैं।
- भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत, जो पहले 70 डॉलर के आसपास थी, अब बढ़कर 156 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है।
- भारत अपनी तेल जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, ऐसे में वैश्विक अस्थिरता का सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है।

### 300 अवैध बेटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक

नई दिल्ली

सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे।

### पीएसीएल घोटाले में 5,046.91 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली (वार्ता)

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने पीएसीएल लिमिटेड और उसकी संबंधित कंपनियों द्वारा संचालित एक सामूहिक निवेश योजना से जुड़ी लगभग 48,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की जांच में पंजाब और दिल्ली में स्थित 5,046.91 करोड़ रुपये मूल्य की 126 अचल संपत्तियों को कुर्क कर दिया है।

### 23 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स जब्त

मिजोरम

मिजोरम के चम्फाई में 23 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त हुई। असम पुलिस के मुताबिक बरामद ड्रग्स में मेथामफेटामाइन टैबलेट थी, जिनका वजन 7.9 किलो है। गुप्त सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और असम पुलिस ने मिलकर यह एक्शन लिया।

### पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है: सुको

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा, 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।' जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा- अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। जस्टिस मेहता ने कहा- आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा- आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का कहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव औद्योगिक निवेश पर जयपुर में करेंगे संवाद

भोपाल

मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में 'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' में उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ निवेश पर विस्तृत चर्चा करेंगे। इस सेशन में राज्य की नीतिगत स्पष्टता, प्रशासनिक तत्परता और निवेश समर्थक दृष्टिकोण को देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जयपुर में होने वाले सेशन में मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीति, क्षेत्रवार प्रोत्साहन, विकसित औद्योगिक क्षेत्रों की उपलब्धता, अधोसंरचना विस्तार, लॉजिस्टिक नेटवर्क, कौशल विकास तंत्र और त्वरित स्वीकृति प्रणाली का समग्र



प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राघवेन्द्र कुमार सिंह राज्य में उपलब्ध निवेश अवसरों की विस्तृत जानकारी देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधि भी अपने विचार रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योग जगत के साथ सीधे संवाद में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करेंगे और बताएंगे कि मध्यप्रदेश निवेश के लिए स्थिर नीति वातावरण, पारदर्शी प्रक्रिया और समयबद्ध निर्णय व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। वे निवेश को रोजगार सृजन, कौशल उन्नयन और औद्योगिक विस्तार से जोड़ने की राज्य की प्रतिबद्धता को सामने रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुख्य संबोधन राज्य की औद्योगिक दिशा और दीर्घकालिक विकास दृष्टि को केंद्र में रखेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चयनित उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग में प्रस्तावित परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। जयपुर में आयोजित यह निवेश संवाद मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति और निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीय उद्योग समुदाय से सीधे जोड़ने की एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल साबित होगा।

# मप्र में 1 लाख से अधिक शिक्षकों की नौकरी खतरे में

## पूर्व मंत्री बोले- सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करे

भोपाल



मध्यप्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने से 1 लाख से ज्यादा शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर शिक्षकों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करे। पीसी शर्मा ने पत्र में लिखा कि प्रदेश के बड़ी संख्या में शिक्षकों में डर और निराशा का माहौल बन गया है। जिन शिक्षकों की नियुक्ति पहले ही तय नियमों और योग्यताओं के आधार पर हो चुकी है, उन्हें अब दोबारा परीक्षा देने के लिए बाध्य करना उचित नहीं है। शर्मा ने लिखा कि स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जुलाई-अगस्त 2026 में परीक्षा हो सकती है। शिक्षकों की भर्ती पहले ही तय नियमों के तहत की गई है। उनके पास डीएड, बीएड जैसे जरूरी प्रशिक्षण भी हैं। साथ ही उन्हें समय-समय पर ट्रेनिंग भी दी जाती रही है। शर्मा ने यह भी कहा कि अन्य राज्यों में भी इस मामले में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है, इसलिए मध्य प्रदेश सरकार को भी शिक्षकों के हित में ऐसा कदम उठाना चाहिए, ताकि उन्हें टीईटी से राहत मिल सके। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में नई भर्तियों के लिए टीईटी अनिवार्य किया जा सकता है, लेकिन पुराने शिक्षकों को राहत दी जानी चाहिए। साथ ही मुख्यमंत्री से जल्द सकारात्मक फैसला लेने की अपील की है।

### परीक्षा की जगह ट्रेनिंग कराए सरकार



वहीं, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से परीक्षा लेने के बजाय उनकी ट्रेनिंग कराई जानी चाहिए। इससे शिक्षकों की गुणवत्ता भी बढ़ेगी और अनावश्यक दबाव भी नहीं बनेगा। वर्तमान सरकार शिक्षकों में डर का माहौल बना रही है, जो उचित नहीं है।

# ईरान के खिलाफ पेश प्रस्ताव को भारत ने दिया समर्थन

## होर्मुज में जहाजों पर हमले पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** इजराइल-ईरान संघर्ष के बीच फारस की खाड़ी में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलमार्ग पर वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति को भारत ने अपना पूरा समर्थन दिया है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन की लंदन में हुई 36वीं असाधारण परिषद बैठक में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा पेश ड्राफ्ट घोषणा को भारत समेत 115 से अधिक सदस्य देशों ने सह-प्रायोजित किया। इससे ज्यादा 120 देशों ने भाग लिया। भारत ने इस प्रस्ताव का मजबूत समर्थन किया, जिसमें ईरान के हमलों और होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की कोशिशों की कड़ी निंदा की गई है। पश्चिम एशिया युद्ध की शुरुआत से ही भारत सउदी अरब, कतर, यूएई व अन्य देशों पर ईरान की तरफ से हो रहे हमले की निंदा करने की नीति पर कायम है। आईएमओ की तरफ से पारित इस प्रस्ताव में ईरान के कृत्यों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया और मांग की गई है कि ईरान तुरंत नौवहन में किसी भी तरह की बाधा या हमले बंद करे। साथ ही इसमें जोखिम वाले क्षेत्रों से जहाजों को सुरक्षित निकासी के लिए समुद्री सुरक्षा गलियारा बनाने का आह्वान किया गया है।



### विक्रम दोराईस्वामी ने बैठक में लिया हिस्सा

भारत ने पिछले हफ्ते भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी ईरान की कार्रवाइयों की निंदा की थी। ब्रिटेन में भारत के मौजूदा उच्चायुक्त (चीन में नवनियुक्त राजदूत) विक्रम दोराईस्वामी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत समुद्री सुरक्षा, नौवहन की स्वतंत्रता, सभी नाविकों की सुरक्षा और व्यापार-ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। तीन भारतीय नाविकों समेत सात नाविकों की मौत पर शोक व्यक्त करने के बाद दोराईस्वामी ने कहा कि, वाणिज्यिक शिपिंग पर हमले और नागरिक समुद्री ढांचे पर हमले अस्वीकार्य हैं। ऐसे हमलों से निर्दोष जानें गई हैं, चोटें पहुंची हैं और नाविकों को बढ़ते जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। हम सभी नाविकों की सुरक्षा और कल्याण को लेकर गहरी चिंतित है।

# दुष्कर्म के आरोपी के साथ दिखीं महिला आयोग अध्यक्ष

मुंबई

महाराष्ट्र में एक बड़े विवाद ने राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। सोशल मीडिया पर सामने आई कुछ तस्वीरों में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रुपाली चाकणकर को कथित रेप आरोपी और खुद को ज्योतिषी बताने वाले अशोक खरात के साथ देखा गया है। इसके बाद विपक्षी नेताओं ने उनके इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अशोक खरात को नासिक जिले में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक 35 वर्षीय महिला के साथ तीन साल तक बार-बार दुष्कर्म किया। जांच के दौरान पुलिस को एक पेन ड्राइव में 58 वीडियो मिले, जिनमें कुछ आपत्तिजनक क्लिप भी शामिल हैं। मामला तब और बढ़ गया जब सोशल मीडिया पर रुपाली



चाकणकर की कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए, जिनमें वह अशोक खरात के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में दिख रही हैं। एक वीडियो में वह उनके लिए छाता पकड़े नजर आती हैं। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि यह दो अलग-अलग मामले हैं। दुष्कर्म का केस अपनी जगह जांच में है, जबकि अगर चाकणकर की किसी ट्रस्ट में भूमिका को लेकर कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो उसकी भी जांच की जाएगी। विवाद बढ़ने पर रुपाली चाकणकर ने सफाई देते हुए कहा कि उनका आरोपी से सीमित

### महाराष्ट्र में सियासी तूफान: विपक्ष ने की इस्तीफे की मांग

संपर्क था और उन्हें उसके कथित अपराधों की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया की बातों पर तुरंत निष्कर्ष न निकालें और कानून को अपना काम करने दें। सफाई के बावजूद विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने वाली संस्था की प्रमुख का नाम ऐसे आरोपी से जुड़ना बेहद गंभीर मामला है। उसी पार्टी की नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि चाकणकर अब इस पद पर बने रहने की नैतिक अधिकार खो चुकी हैं और ऐसे में महिलाएं उनसे न्याय की उम्मीद कैसे करेंगी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता रुपाली ठोंबरे और कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने भी इस्तीफे की मांग की है।

# केरल में यूडीएफ की जीत निश्चित : राहुल

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल विधानसभा चुनाव में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) गठबंधन की जीत को निश्चित बताते हुए कहा है कि गठबंधन के सत्ता में आने के बाद वह राज्य सरकार के साथ मिलकर खूबसूरत केरल के निर्माण के लिए काम करेंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाला गठबंधन टीम यूडीएफ ही टीम केरल है। प्रत्येक उम्मीदवार केरल की जनता की आवाज, आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतिनिधित्व करता है। यह अनुभवी नेताओं और युवा परिवर्तनकारियों का एक समूह है-ऐसे सशक्त पुरुष और महिलाओं की टीम जो अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों की बारीकियों को समझते हैं। उन्होंने लिखा मेरे लिए केरल घर है और केरल की जनता मेरा परिवार है। जनता ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है और जिस प्यार और स्नेह से उन्होंने मुझे अपनाया है, उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं-मैं हमेशा आपका साथी रहूंगा। कांग्रेस नेता ने कहा केरल का संदेश स्पष्ट है कि जनता बदलाव के लिए तैयार है, वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो उनकी बात सुने, समझे और ईमानदारी से काम करे। आगामी यूडीएफ सरकार के साथ मिलकर, मैं इस खूबसूरत राज्य के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने में हर संभव प्रयास करूंगा। केरल विजयी होगा। यूडीएफ नेतृत्व करेगा।



# 'मुझ पर लगेगा हितों के टकराव का आरोप'

## चुनाव आयुक्त नियुक्ति केस से सीजेआई हुए अलग, 7 अप्रैल को नई बेंच करेगी सुनवाई

नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार समिति से सीजेआई को हटाने के 2023 के कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देनेवाली याचिकाओं की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। सीजेआई सूर्यकांत का कहना है कि इस मामले में हितों का टकराव होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को जस्टिस जायमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ की अध्यक्षता करते हुए कहा, मुझ पर हितों के टकराव का आरोप लगाया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले की सुनवाई एक ऐसी खंडपीठ को करनी चाहिए, जिसमें कोई न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में नहीं हो। याचिकाकर्ताओं में से एक के लिए उपस्थित अधिवक्ता प्रशांत भूषण के सुझाव पर मुख्य न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि मामले को 7 अप्रैल को एक अन्य बेंच के सामने सूचीबद्ध किया जाए और संकेत दिया कि नई बेंच में वे न्यायाधीश होंगे जो मुख्य न्यायाधीश के पद को ग्रहण करने की कतार में नहीं हैं। खंडपीठ उन



जनहित याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी, जो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के कुछ प्रविधानों की वैधता को चुनौती देती हैं। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के चयन पैनल से बाहर किया था। यह कानून, जिसे संसद ने दिसंबर 2023 में पारित किया जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक समिति द्वारा की जाए, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल हों। बेंच ने कहा था कि यह प्रणाली तब तक प्रभावी रहेगी जब तक एक नया कानून पारित नहीं होता।

### याचिका में क्या कहा गया?

लेकिन केंद्र ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता न्यायिक सदस्य की उपस्थिति से उत्पन्न नहीं होती। अब 2023 के अधिनियम के तहत चयन समिति में प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री के नामित एक केंद्रीय मंत्री और विपक्ष के नेता (या लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता) शामिल हैं। याचिकाओं में कहा गया है कि मुख्य न्यायाधीश का पैनल से बाहर होना नियुक्ति प्रक्रिया की स्वतंत्रता को कमजोर करता है। इस कानून को कांग्रेस नेता जया ठाकुर समेत कई याचिकाकर्ताओं ने चुनौती दी है।

# चैत्र नवरात्र के द्वितीय दिवस में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

## भठिया में संत कान्हा महाराज जी की अमृतमयी वाणी की होगी वर्षा

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



आदि शक्ति जगत जननी जिले की प्रमुख धार्मिक स्थान है। माता की ख्याति भारत वर्ष कई प्रांतों में फैली हुई है जिसके चलते माई के प्रांगण में भक्तो की भीड़ काफी बनी रहती है। और माई भी अपने भक्तो की सच्चे मन से की गई प्रार्थना की सभी मुरादें पुरा करने में कोई कमी नहीं करती है। भीड़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। माई के भक्तो को माई के दर्शन में किसी भी प्रकार का कष्ट न हो ऐसी व्यवस्था बनाई गई है। जगह जगह मां के भक्तो द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। मंदिर एवम मंदिर प्रांगण को बहुत ही अच्छा साज सज्जा किया गया है। जो आकर्षण केन्द्र बना हुआ है। शंध्या के समय यहां का दृश्य देखने लायक् रहता है। दुर दराज एवं स्थानीय व्यापारी दुकान भी क्रमबद्ध से लगाकर एवम झूला आकर्षण केन्द्र बना हुआ है। संध्या समय की भव्य आरती संगीतमय होती है उस समय का दृश्य देखते नहीं बनता और भक्तों का यहां से जानें को मन ही नहीं करता है। आरती के समय माई का पुरा प्रांगण भरा हुआ रहता है। चौत्र नवरात्रि के दूसरे दिन क्षेत्र में भक्ति और उत्साह और भी बढ़ गया है। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं, वहीं धार्मिक अनुष्ठान निरंतर जारी हैं। क्षेत्र के प्रमुख मां सिंहवाहिनी मंदिर भटिया में विशेष आकर्षण के रूप में आज से संत कान्हा महाराज के प्रवचनों का शुभारंभ हो रहा है। मंदिर प्रांगण में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को सुनने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना, कलश स्थापना और ज्वारों की स्थापना पहले ही दिन संपन्न हो चुकी है। दूसरे दिन भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। महिलाओं ने 251 मीटर की चुनरी अर्पित कर माता की आराधना पूरे विधिविधान से की वहीं भजन कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। प्रवचन कार्यक्रम के दौरान संत कान्हा महाराज द्वारा धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मंदिर समिति द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी, जिसमें कथा, भजन-कीर्तन और कन्या पूजन प्रमुख रहेंगे। पूरे क्षेत्र में च्जय माता दीज्ञ के जयकारों के साथ आस्था का उत्सव चरम पर है।



# जल गंगा संवर्धन अभियान की हुई शुरुआत

### भटिया देवी तालाब की हुई साफ सफाई

रसमोहनी (स्वतंत्रमत)।

ग्राम पंचायत भठिया जनपद पंचायत बुढार में जल संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के जल संवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत जनपद बुढार के ग्राम पंचायत भटिया में सिंह वाहिनी देवी तालाब में जयसिंह मरावी विधायक जैतपुर के मुख्य अतिथि में तालाब की साफ सफाई का कार्य श्रमदानकिया गया शासन की जल संवर्धन योजना 2026 का शुभारंभ हिंदू नव वर्ष चौत्र प्रतिपदा गुड़ी पड़वा जयंती के अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी अनु विभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर दीपक मंडावी तहसीलदार जैतपुर संदीप बघेल, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यंत्रिकी संभाग बुढार बीएस पेंडरो, जनपद पंचायत बुढार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव लघाटे पंचायत इंस्पेक्टर दिलीप पैकरा, पीएम आवास के ब्लॉक समन्वयक दीपक पटेल इपेसा समन्वयक लोकेश मरावी चंद्रमौली द्विवेदी ट्रस्ट सदस्य राजेंद्र सिंह शिक्षक सुरेंद्र सिंह जितेंद्र तिवारी ग्राम पंचायत भाटिया के सरपंच, सचिव पुरुषोत्तम सिंह ग्राम रोजगार सहायक पवन तिवारी ग्रामपंचायत कोल्हुवा के सचिव वाल्मीकि त्रिपाठी व अन्य ग्रामीण जनो एवं क्षेत्रीय लोगों की उपस्थित सराहनीय रही।

जैन संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत देवी माता मंदिर की सफाई का कार्य किया गया वहीं प्रतिवार स होने वाले दशहरा एवं रामनवमी त्योहार पर होने वाले कलश विसर्जन हेतु तालाब के बगल में बने छोटा तालाब में घाट निर्माण करने का आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया। पश्चात वर्ष 2026 में होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह स्थल का निरीक्षण भी द्वारा किया गया।

# शादी का झांसा देकर शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना गोहपारू क्षेत्र के अंतर्गत शादी का लालच देकर एक महिला का शारीरिक शोषण करने और उसे डराने-धमकाने वाले आरोपी अविनाश साहू (23 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता (उम्र 27 वर्ष) ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी अविनाश साहू, निवासी अकुरी, वर्ष 2024 से शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। आरोपी ने पीड़िता के साथ ग्राम करकट, मानपुर और हाल ही में शहडोल स्थित उसके किराए के कमरे में जबरन संबंध बनाए। आरोपी ने पीड़िता के कमरे में घुसकर चरित्र शंका करते हुए उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता के मंगेतर को बुलाकर उसकी फोटो दिखाई और बदनाम किया। आरोपी द्वारा पीड़िता को धमकी दी गई कि यदि उसने बात करना बंद किया तो वह उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिक घटनास्थल ग्राम करकट थाना गोहपारू होने के कारण शून्य पर अपराध पंजीबद्ध कर असल नंबर कायम किया गया। मामले को गंभीरता से देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी अविनाश साहू पिता गुलजारी साहू, उम्र 23 साल, निवासी ग्राम अकुरी पंजीबद्ध धाराएं 69, 115(2) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### 24 मार्च को 17445 बच्चो को वितरित किया जाएगा विद्यारंभ प्रमाण पत्र

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेष मिश्रा ने जानकारी दी है कि संचालनालय, महिला एवं बाल विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आंगनवाडी केन्द्रों में पंजीकृत 5-6 वर्ष के 17445 बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाडी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढीकरण के उद्देश्य् से जिले में एक साथ चतुर्थ मंगलवार 24 मार्च को बाल चौपाल के अवसर पर ग्रेजुएशन सेरेमनी के आयोजन करते हुए विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना ब्यौहारी के 3712, बुढार के 3977, जयसिंहनगर के 3585, गोहपारू 1760, शहरी शहडोल के 1160, सोहागपुर के 3251 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा।

# रोजगार के लिए 3 साल से भटक रहे भूमि स्वामी, एसईसीएल की लापरवाही से बढ़ी नाराजगी, कमिश्नर से लगाई गुहार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले की बुढार तहसील अंतर्गत ग्राम रामपुर में भूमि अधिग्रहण के बाद रोजगार की मांग को लेकर भूमि स्वामियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विद्या चतुर्वेदी, संतोष चतुर्वेदी, रामनिवास चतुर्वेदी सहित अन्य प्रभावितों ने आरोप लगाया है कि उनकी रोजगार फाइल पिछले करीब 3 वर्षों से लंबित है, जबकि उन्होंने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। प्रार्थीगण के अनुसार, उनकी कुल 2.732 हेक्टेयर (लगभग 6.75 एकड़) भूमि रामपुर बटुरा उपक्षेत्र परियोजना में अर्जित की गई थी। इसके एवज में उन्होंने वर्ष 2023 के आसपास रोजगार के लिए आवेदन किया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। मामले में पेच तब आया जब अर्जित भूमि पर स्थित वृक्षों को लेकर शिकायत हुई। जांच में पाया गया कि कुछ वृक्ष शासकीय भूमि एवं अन्य व्यक्ति की भूमि पर भी लगे हुए थे, जिनका मुआवजा प्रार्थियों को मिला था। इस पर प्रार्थियों ने स्पष्ट किया कि वृक्षों का रोपण उन्होंने अनजाने में किया था और शासकीय भूमि पर लगे 287 वृक्षों की मुआवजा राशि वापस करने के लिए लिखित सहमति भी दे दी है। वहीं अन्य व्यक्ति रामाधार गुप्ता की भूमि पर लगे 1083 वृक्षों के संबंध में भी भूमि स्वामी द्वारा शपथ पत्र देकर यह स्वीकार किया गया है कि वृक्ष प्रार्थियों द्वारा ही लगाए गए थे और मुआवजा भी उन्हें ही मिलना चाहिए। प्रभावितों का कहना है कि एसईसीएल के नियमों के अनुसार रोजगार भूमि अधिग्रहण के आधार पर दिया जाता है, न कि वृक्षों के मुआवजे के आधार पर ऐसे में जब उनकी भूमि स्वामित्व निर्विवाद है, तो रोजगार में देरी करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। पीड़ितों ने बताया कि वे लगातार महाप्रबंधक सोहागपुर कार्यालय और रामपुर बटुरा उपक्षेत्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार जांच का हवाला देकर फाइल को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। इससे वे मानसिक रूप से परेशान और आर्थिक रूप से भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासन से मांग भूमि स्वामियों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी रोजगार फाइल पर तत्काल कार्यवाही कर एसईसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया जाए, ताकि उन्हें जल्द से जल्द रोजगार मिल सके।

**मुआवजा लौटाने की सहमति के बावजूद फाइल लंबित, रामपुर बटुरा परियोजना में नहीं मिली नौकरी**



# रास्ता रोककर महिला से मारपीट आरोपी पर मामला दर्ज

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चंद्रागढ़ गांव में एक महिला के साथ रास्ता रोककर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए चंद्रागढ़ निवासी 30 वर्षीय महिला ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने पति ओमप्रकाश के साथ मोटरसाइकिल से बरसिंघा जा रही थी। मोटरसाइकिल उसके पति चला रहे थे और बीच में महेश उइके बैठा हुआ था। महिला के अनुसारए गांव के हॉस्टल के पास खजरी की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ललित कुमार सैयाम निवासी बिलगांव ने उनका रास्ता रोक लिया। इसके बाद पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने महिला के साथ गाली.गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में महिला को चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 126;2द्धए 296 ;बीद्धए 115;2द्ध और 351;2द्ध के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शाहपुर में उमड़ा जनसैलाब, श्रमदान से बदली तालाब की तस्वीर, जल संरक्षण का लिया संकल्प



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता की मिसाल पेश करते हुए जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर में श्जल गंगा संवर्धन अभियान 2026श् के तहत विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्रामीणोंए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने एकजुट होकर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान किया और स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने तालाब की साफ.सफाईए गाद निकासी और संरचना सुधार में सक्रिय भागीदारी निभाई।

सामूहिक श्रमदान के इस आयोजन ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

श्रमदान के पश्चात श्रीबीजी रामजी अधिनियम 2025श् के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनसंवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणोंए मेटए सचिवए सरपंच एवं ग्राम रोजगार सहायकों को अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानोंए उद्देश्यों और ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लोगों को इसके क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिंडौरी प्रमोद ओझा ने जनसंवाद के दौरान कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी और सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरीए वन विभाग एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारीए जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी चमरू सिंह नेतामए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्यौहारए सदस्य श्रीमती हीरा रुद्रेश परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विकासखंड सोहागपुर में हुआ जलगंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान के निर्देशानुसार विकासखंड सोहागपुर के ग्राम पंचगांव, दूधी ग्राम पंचायत अंतर्गत रजघटा लघु नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था तथा प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में नदी तट की साफ़ सफाई की गई साथ ही जल स्त्रोत पूजन, आरती एवं सभी को जल संरक्षण करने शपथ भी दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में जिला समन्वयक विवेक पांडेय,विकास खंड समन्वयक प्रिया सिंह नवांकुर संस्था से लोकनाथ नामदेव, प्रस्फुटन समितियों से पंकज पटेल, रानू पटेल, प्रमिला पटेल, रमलखन पटेल, सुधा पटेल, रामशंकर पटेल, नैना द्विवेदी, प्रीति द्विवेदी सहित मेंटर्स, छात्र एवं समिति के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# तेज रफ्तार ऑटो पलटा, लगी आग: चालक सहित 3 गंभीर, बालपुर में मची अफरा-तफरी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।





शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालपुर में एक बड़ा हादसा उस समय हो गयाए जब तेज रफ्तार से आ रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें अचानक आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरा.तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बालपुर में वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहा ऑटो गांव के प्रवेश द्वार के पास पहुंचते ही चालक का नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गया। पलटते ही ऑटो में आग भड़क उठीए जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई।

हादसे के दौरान ऑटो में सवार चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया और घायलों को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारए घटना के समय ऑटो से धुएं का घना गुबार निकल रहा थाए जिससे कुछ देर के लिए इलाके में दहशत फैल गई।

ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गयाए अन्यथा आग और विकराल रूप ले सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

# नवोदय विद्यालय धमनगांव में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 80 विद्यार्थियों का चयन

डिंडौरी(स्वतंत्र मत)।



जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। जारी चयन सूची के अनुसार जिले के कुल 80 छात्र.छात्राओं का चयन किया गया हैए जिससे विद्यार्थियों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। संस्था के प्राचार्य हर्षप्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों को इसकी सूचना भेज दी गई हैए ताकि वे निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकें।

प्राचार्य ने यह भी स्पष्ट किया कि चयन सूची प्रावधिक ;च्तवअपेपवदंसद्ध हैए अतः अंतिम प्रवेश दस्तावेजों के सत्यापन एवं पात्रता की शर्तों की पूर्ति के बाद ही सुनिश्चित किया जाएगा। अभिभावकों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्रए जाति प्रमाण पत्रए निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक कागजात समय पर प्रस्तुत करें।

ज्ञात हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय देशभर में ग्रामीण प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किए जाते हैं। हर वर्ष आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं भाग लेते हैंए जिनमें से मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाता है।

इस वर्ष आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले के 80 विद्यार्थियों का चयन होने से शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र छात्राओं के लिए उपलब्धि मानी जा रही है।

**जारी चयन सूची के अनुसार चयनित विद्यार्थियों के नाम** - गुनगुन, चेतना साहू, दीपांशु साहू, संयोग झरिया, कृष्ण कुमार यादव, अर्पिता बघेल, आरव साहू, शिखर राज हरदहा, भानु प्रभा साहू, अमायरा पटेल, गौरव झरिया, आदित्य राज, भावना झारिया, आदित्य राज, भावना झा, दिकेश , भानुनंद कुमार कुशराम, रेवांशी अर्मो, अथर्व परस्ते, संजना, नीलिमा परस्ते, राजनंदनी मरावी, माहिरा खान, दृष्टि साहू, उत्कर्ष नागेश, द्रोपती नायक, गौरव कुमार मरकाम, नैतिक, कीर्ति झारिया, नियति बघेल, दीपाली मानिकपुरी, मीनाक्षी गौतम, देवांशू ठाकुर, लक्की, दीपराज परस्ते, जय नारायण झरिया, हरिओम, शिवांश साहू, पार्थ नंदा, वरुण रजक, राजकुमार, हेमंत ठाकुर, लोकेश, आदर्श साहू, सोम साहू, शिव कुमार साहू, आदित्य मानिकपुरी, मिनाक्षी साहू, सोमया बर्मन, रौनक सेलोकर, सृष्टि साहू, आंशिक काछी , प्रियंश सुरजे, विनीत कुमार नागेश्वर, उमेश, देवेश झरिया, प्राची झरिया, रणजीत कुमार झरिया, देवांशु झरिया, लक्ष्य कुमार झरिया, युधिष्ठिर झरिया, संतोष कुमार मरावी, दिगंबर वयाम, देवांश कुमार परस्ते, ब्रिस्टी बामनसी, रोशन मरावी, सतीश, पारिधि घोरमारे, खिलेश मरावी, आयुष उइके, दामिनी धुर्वे, बसंत कुमार, मेला बाई, आराध्या मरावी, इमावली, प्रियांका, अभिलाषा पंद्राम , सरिता वालरे, उमंग सिंह टेकाम, चित्रा, भाव्या लोचन मरावी एवं हर्षित पन्द्राम शामिल हैं।

# जमीनी रंजिश का खूनी अंत

## पनागर में लाठियों से पीटकर भाई ने भाई को उतारा मौत के घाट, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पनागर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर रिश्तों के कत्ल का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पनागर थाना के ग्राम टिकारी में एक युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए घटना के महज 24 घंटों के भीतर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



जानकारी अनुसार पुलिस को 19 मार्च की दोपहर श्याम सिंह गौंड़ ने सूचना दी कि उनके भतीजे दिलीप सिंह और भनेज सुनील सिंह (उर्फ लल्लू) के बीच जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी दिलीप सिंह ने सुनील पर लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुनील को जब एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

### खेत में छिपा था आरोपी

पुलिस टीम ने साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी दिलीप सिंह अपने खेत में छिपा हुआ है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर 39 वर्षीय दिलीप सिंह गौंड़ को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लाठी और घटना के समय पहने हुए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

### सराहनीय भूमिका

आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी पनागर विपिन ताम्रकार, उप निरीक्षक आकाशसिंह राजपूत, रवि सिंह परिहार, बृजेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संजय मिश्रा, रामसनेही शर्मा, रामसनेही पटेल और आरक्षक विवेक चौधरी, दिलीप गुप्ता, द्वारिका मिश्रा व प्रिंस सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# घरेलू गैस की किल्लत के बीच चर्चा में मैकेनिक की बनाई देसी भट्टी

## 30 रुपए के खर्चे में 1 घंटे तक बना सकेंगे पकवान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। छोटी ओमती में इलेक्ट्रिक वर्क की दुकान चलने वाले एक मैकेनिक ने ऐसी भट्टी बनाई है, जिसमें मोटरसाइकिल और कार के गैरेज से निकलने वाले इंजन ऑयल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस भट्टी को मात्र 30 रुपए के खर्चे में 1 घंटे तक जलाया जा सकता है। छोटे दुकानदार इसका आसानी से उपयोग कर सकते हैं। भट्टी बनाने वाले मैकेनिक आसिफ का कहना है कि उसने अपने दोस्त की मदद करने इसे त्यार किया था, लेकिन अब इसकी डिमांड आने लगी है।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध की वजह से पेट्रोलियम पदार्थों की लगातार कमी होती जा रही है। रसोई गैस सिलेंडरों की लंबी लाइन है, जो लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है. घरेलू गैस की परेशानी के साथ ही कमर्शियल एलपीजी नहीं मिलने की वजह से लोगों के धंधे चौपट हो रहे हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए आसिफ ने डीजल के इस्तेमाल से जलने वाली भट्टी तैयार की है। लेकिन डीजल एक महंगा इंधन है, इसलिए आसिफ ने बाजार में उपलब्ध दूसरे ईंधन विकल्पों पर काम करना शुरू किया।

### नहीं होता धुआं



आसिफ को बाजार में सबसे सस्ता ईंधन जला हुआ आयल मिला। सामान्य तौर पर मोटरसाइकिल और कार की वर्कशॉप में बड़े पैमाने पर जला तेल निकलता है। यह बाजार में मात्र 30 रुपए प्रति लीटर के दाम पर उपलब्ध हो जाता है। आसिफ ने अपनी भट्टी में जब बर्न आयल डाला और उसे जलाया, तो भट्टी तेजी से जलने लगी। आसिफ का कहना है कि 1 लीटर तेल से उसकी भट्टी 1 घंटे तक जल सकती है। इससे पर्याप्त आग मिल जाती है जिससे छोटे दुकान संचालक आसानी से उपयोग कर सकते है साथ ही भट्टी को जलाने में बिल्कुल भी धुआं नहीं होता, इसलिए इससे प्रदूषण नहीं होता है।

# 5 मिनट मन स्व-जांच शिविर से बढ़ी मानसिक जागरूकता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत )**। वर्तमान समय में बढ़ते मानसिक तनाव एवं भावनात्मक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए 5 मिनट मन स्व-जांच ऑनलाइन शिविर का सफल आयोजन व्हाट्सएप माध्यम से किया गया। इस शिविर में कुल 67 सदस्यों ने सहभागिता की। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों एवं प्रश्नों के माध्यम से अपने मन की वर्तमान स्थिति को समझा तथा अपना मन अंक जानकर यह पहचानने का प्रयास किया कि उनका मन इस समय किस अवस्था में है। इस कार्यक्रम में भावनात्मक जांच, श्वास अभ्यास, विचार मुक्त करने का अभ्यास तथा कृतज्ञता अभ्यास जैसे आधुनिक एवं सरल तरीकों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को व्यवहारिक रूप में समझाया गया, जिससे प्रतिभागियों को आत्म-चिंतन और सकारात्मक सोच की दिशा प्राप्त हुई। कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस शिविर का आयोजन डॉ. रानी वैद्य (संस्थापक मन औरा परामर्श केंद्र) द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य था मन को समझकर जीवन को संतुलित एवं स्वस्थ बनाना।



# व्यापारी से शराब के लिये रुपयों की मांग कर चाकू से हमला

## संजीवनी नगर लाल मैदान के समीप वारदात, आरोपियों की तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

संजीवनी नगर थाना क्षेत्रातंर्गत लाल मैदार के समीप बीती रात बाईक सवार तीन बदमाशों ने एक थोक व्यापारी को रोका और उससे शराब पीने के लिये दो हजार रूपयों की मांग करने लगे। रूपये न देने पर आरोपियों ने व्यापारी पर चाकू से हमला कर दाहिने पैर में चोट पहुंचा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि संजीवनी नगर वन विभाग आफिस के समीप रहने वाले 46 वर्षीय सोहनलाल साहनी की गुरंदी में गोली-बिस्कुट की होलसेल दुकान है। बीती रात करीब नौ बजे वह अपनी दुकान बंद कर एक्टिवा गाड़ी से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे लाल मैदान मारूती मार्बल के घर के सामने रोड पर पहुँचे, तभी एक मोटर सायकल में तीन नकाबपोश व्यक्ति पहुंचे औश्र उनका रास्ता रोक-कर पूछने लगे कहां जा रहे हो, जैसे ही उन्होंने कहा कि मै अपने घर जा रहा हूँ, तभी तीनों लड़के उनसे शराब पीने के लिये दो हजार रुपये मांगने लगे। उनके मना करने पर बाईक पीछे बैठे लड़के ने चाकू से हमला कर उनके दाहिने पैर में चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुये रसोई गैस सिलेंडारों के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी को रोकने जिला प्रशासन द्वारा सूचना देने वाले व्यक्ति को जप्त सिलेंडरों की अनुमानित लागत की 25 प्रतिशत राशि पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं एलपीजी नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र अहके के अनुसार जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण रोकने प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति गैस सिलेण्डरों की ब्लैक मार्केटिंग अथवा अवैध भंडारण या व्यापार होने से संबंधित सूचना देगा तथा सूचना सही पाई जाने पर उस व्यक्ति को जप्तशुदा राजसात गैस सिलेण्डरों की अनुमानित राशि का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 5 हजार रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। संयुक्त कलेक्टर के मुताबिक सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी पूर्णत: गोपनीय रखी जायेगी।



# पहली पारी के आधार पर जबलपुर बना विजेता

## जबलपुर और मंडला के बीच खेले जा रहे रोमांचक मैच

**जबलपुर (स्वतंत्र मत )**। अंतर जिला अंडर 13 वर्षीय बालक वर्ग दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ओलम्पिक ग्राउंड ईस्ट लैंड तथा सुभाष ग्राउंड वेस्ट लैंड स्टेडियम खमरिया में किया जा रहा है। ईस्ट लैंड ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में जबलपुर बनाम मंडला जिले के मध्य खेले गए मैच में जबलपुर जिले ने पहली पारी में 106 रनों की बढ़त के साथ जीत हासिल की। जबलपुर जिले ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 10 विकेट पर 180 रन बनाए, जबलपुर जिले से आयूष विश्वकर्मा ने 50 , आर्यवीर सिंह ने 43 तथा सर्मथ राज पांडे ने 42 रनों की पारी खेली। मंडला जिले के पर्व साहू ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट, तन्मय चंद्रोल 3, दर्शन विनोद ने 2 विकेट लिए। मंडला जिले के बल्लेबाजो ने पहली पारी में काफी निराशाजनक प्रदर्शन किया और 10 विकेट पर मात्र 74 रन ही बना सके, सब से ज्यादा 27 रन अपूर्व ने बनाये ,जबलपुर जिले से यश पटेल और समर्थ राज पांडे ने 3-3 तथा शिवम् सिंह व अरहम जैन ने 2-2 विकेट लिए। जबलपुर जिले ने पहली पारी में 106 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की तथा मंडला जिले को फालोआन खेलने के लिए बुलाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर मंडला जिले ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 10 (07) रन बना लिए थे, अपूर्व राम 04 नाबाद तथा स्पर्श पटेल एक रन पर नाबाद लौटे। दूसरे दिन पानी गिर जाने के कारण पहली पारी के आधार पर जबलपुर जिले को विजेता घोषित कर दिया गया । मैच में अम्पायरस रामा राव, गौरव जनसारी तथा स्कोरर अंकित यादव रहे।

# जबलपुर लेडिज क्लब ने मनाया गुड़ी पड़वा पर्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत )**। जबलपुर लेडिज क्लब द्वारा गुड़ी पड़वा एवं हिन्दू नववर्ष स्थापना के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शिवा सारंग पण्डित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुरूप हुई, जिसमें चैत्र नवरात्रि की पावन शुरुआत, गुड़ी पड़वा के नववर्ष संदेश और चेती चांद की आस्था का सुंदर संगम देखने को मिला। इस दौरान एक आकर्षक सेमी क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह पावन दिन शक्ति, नवआरंभ, समृद्धि और श्रद्धा का प्रतीक है। माँ दुर्गा की कृपा, नववर्ष की नई ऊर्जा और भगवान झूलेलाल के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख-शांति और सफलता की कामना की गई। जबलपुर लेडिज क्लब की अध्यक्षा मनीषा दुबे ने सभी को इस पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम हैं।




# नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों का फील्ड प्रशिक्षण प्रारंभ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों (जेई) के लिए फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। मुख्यालय जबलपुर में इस प्रशिक्षण के लिए विशेष रूप से गठित कोर टीम के संयोजन में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कोर टीम के मार्गदर्शन में नव-नियुक्त अभियंताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने तथा उन्हें वास्तविक कार्य परिस्थितियों के लिए तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षण सर्किल स्तर के मेंटर्स के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है। अनुभवी मेंटर्स अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षुओं को बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के प्रारंभिक चरण में इंदौर स्थित 220 केवी मांगलिया सबस्टेशन में मेंटर्स कार्यपालन अभियंता विनीता भावसार द्वारा नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों को ट्रांसमिशन सिस्टम की व्यवहारिक जानकारी दी गई। यहां उन्हें सबस्टेशन के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा मानकों तथा आपात परिस्थितियों में कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।



# सोम डिस्टलरीज मामले में मप्र हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत )

सोम डिस्टलरीज के लाइसेंस निलंबन मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में शुक्रवार को लंबी और अहम सुनवाई हुई। जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट ने मामले की गंभीरता और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को देखते हुए इसे 23 मार्च 2026 को टॉप ऑफ द लिस्ट यानी सबसे पहले सुनने का आदेश दिया है। सोम डिस्टलरीज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने अपनी दलील में कहा कि शो-कॉज नोटिस (26 फरवरी 2024) उस लाइसेंस अवधि के लिए था, जो 31 मार्च 2024 को खत्म हो गई, इसलिए नोटिस स्वत: समाप्त माना जाना चाहिए। बाद में 2024-25 और 2025-26 के लिए नए लाइसेंस दिए गए, जिन पर पुराना नोटिस लागू नहीं हो सकता। एक साथ 8 लाइसेंस निलंबित करना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है। दो अलग-अलग कंपनियों को एक ही नोटिस देना कानूनी रूप से गलत बताया गया। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा कि जिन लोगों को सजा हुई, वे एक्साइज एक्ट के तहत दोषी नहीं हैं, इसलिए उनके आधार पर लाइसेंस निलंबन गलत है। याचिकाकर्ता का दावा रहा कि 3 दिसंबर 2023 को सेशन कोर्ट ने कंपनी से जुड़े कुछ लोगों को दोषी ठहराया गया। वहीं एक्साइज एक्ट की धारा 34(2) में दोषी ठहराए गए लोगों के नाम शो-कॉज नोटिस में स्पष्ट नहीं बताए गए। राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह ने दलील दी कि नाम शो-कॉज नोटिस में मौजूद हैं। ये लोग फर्जी परमिट से शराब परिवहन में शामिल थे। कंपनी के डायरेक्टर, सुपरवाइजर और ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोग खुद अपने रोल को अपील में स्वीकार कर चुके हैं। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि याचिकाकर्ताओं के पास वैकल्पिक उपाय का विकल्प मौजूद है, इसलिए सीधे याचिका उचित नहीं है।



# जमीन खरीदने पर चाकू से कराया हमला

## गोहलपुर मल्टी गेट के पास किराये के गुर्गो ने वारदात को दिया अंजाम

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

गोहलपुर थानातंर्गत मल्टी गेट के पास बीती रात एक व्यापारी से दो बदमाशों ने पहले तो रुपयों की मांग की, व्यापारी के मना करने पर आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं जाते-जाते धमकी देकर गये कि आकिब भाईजान की जमीन छोड़ दो वरना अच्छा नहीं होगा। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसने जो जमीन अमखेरा में खरीदी है उसका विवाद आकिब से चल रहा है हो न हो आकिब ने ही उस पर हमला कराया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

अस्पताल पहुंची पुलिस को मिलौनीगंज मछली मार्केट निवासी 50 वर्षीय वहजुल कमर ने बताया कि बीती शाम वह अपनी दुकान बंद कर ओला गाड़ी से घर जा रहा था। जैसे ही वह मल्टी गेट के पहले पहुंचा तभी एक बाईक पर दो लड़के पहुंचे और उनका रास्ता रोक-कर अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे। उन्होंने रूपये देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने उनके साथ गालीगलौज शुरु कर दी। इसी दौरान पीछे बैठे लड़के ने चाकू से हमला कर उनके पैर की जांघ व हाथ में चोट पहुंचा दी। उसकी चीख पुकार सुन उनका भाई वसीम और मोह. आयूब बचाने दौड़े तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए बोले कि आकिब भाईजान की जमीन छोड़ देना वरना ठीक नहीं होगा। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि कुछ रोज पूर्व उसने अमखेरा में एक जमीन बैंक से फाइनेंस कराकर क्रय की थी, जिसका विवाद आकिब भाईजान से चल रहा है हो न हो आकिब ने ही उस पर किराये के गुंडों से हमला कराया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सुख शांति और कल्याण प्रदान करती है श्रीरामकथा

सिहोरा ( स्वतंत्र मत)

खेरमाता मंदिर ग्राम देवालय में चैत्र नवरात्र के अवसर में श्रीरामकथा का आयोजन किया गया है , कथा के दूसरे दिन कथा वाचक गुरु प्रिया दीदी ने भारद्वाज और याज्ञबल्क्य के बीच हुए संवाद की चर्चा की और बताया यह संवाद प्रयाग में ऋषि भारद्वाज के आश्रम में ऋषि यज्ञबल्क्यके साथ होता है । जब भारद्वाज ने याज्ञबल्क्य से राम कथा सुनाने की प्रार्थना की थी । याज्ञबल्क्य ने भारद्वाज की प्रशंसा और कहा की वह भी राम कथा के रहस्य को भली भांति जानते हैं । उन्होंने राम कथा को कल्याणकारी और मोक्ष दायिनी बताया यह संवाद इस बात पर जोर देता है की श्रीराम कथा निस्वार्थ भाव से सुनने पर सुख शांति और परम कल्याण की प्राप्ति होती है । कथा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के कपिल गर्ग ,राजू सिंह ठाकुर, राकेश तिवारी ,अर्पित चौबे, हेमचंद असाटी, संदीप सोंधिया, सचिन तिवारी ,कुलदीप अवस्थी, गोंविद द्विवेदी ,गोटीराम राज पटेल, सचिन तिवारी, पीसी बर्मन, हेमंत दुबे ,संगम तिवारी ,मेजर सेन ,रोहणी पटैल एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे ।



# लोडिंग वाहन में भरकर मवेशियों को चुराने की कोशिश

जबलपुर (स्वतंत्र मत )

अधारताल थाने में शेख हुसैन उम्र 31 वर्ष निवासी निर्भयनगर कबीर ककुटि के पास अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह पशु पालन का काम करता है। विगत दिन वह अपने घर पर था तभी मोहल्ले में चिल्लाने की आवाज आने पर बाहर निकलकर देखा छोटे भाई तौसीफ मंसूरी ने बताया कि भट्टा मैदान में चर रहे उसके पांच नग भैंस पड़ा को कसाई मंडी में रहने वाले समीर, मोहसीन उर्फ बल्लू एवं चांद एक लोडिंग वाहन में चोरी कर ले जा रहे हैं। वह एवं उसका छोटा भाई तौसीफ मंसूरी एवं मोहल्ले के लोग एकत्रित होकर लोडिंग वाहन को घेराबंदी कर पकड़े थे गाड़ी में बैठे समीर, मोहसीन उर्फ बल्लू एवं चांद भीड़ का फायदा उठाकर अपनी लोडिंग वाहन एवं उसके 5 नग भैंस पड़ा को छोड़कर मौके से भाग गये थे यदि उसका छोटा भाई तौसीफ मंसूरी एंव मोहल्ले के लोग समय पर नहीं देखते तो उसके भैंस पड़ा को चुरा ले जाते, भैंस पडा को उसने लोडिंग वाहन से उतारकर अपने घर में बांध लिया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# एलटीटी-बनारस के बीच चलेगी द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रेलवे द्वारा आगामी समर पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01073/01074 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी।



गाड़ी संख्या 01073 एलटीटी से बनारस स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 01 अप्रैल से 09 अप्रैल 2026 तक (4 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक (6 ट्रिप) द्वि-साप्ताहिक (बुधवार एवं गुरुवार) लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात्रि 23.45 बजे, पहुंचकर अगले दिन रानी कमलापति 01.10 बजे, बीना सुबह 07.55 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए रात्रि 23.30 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01074 बनारस से एलटीटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 03 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक (4 ट्रिप) एवं समर के अवसर पर 17 अप्रैल से 02 मई 2026 तक (6 ट्रिप) द्वि-साप्ताहिक (शुक्रवार एवं शनिवार) बनारस स्टेशन से प्रात: 05.30 बजे प्रस्थान कर बीना रात 22.25 बजे, पहुंचकर अगले दिन रानी कमलापति 01.05 बजे, इटारसी 02.40 बजे पहुंचकर और शाम 16.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनसक्स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर एवं सूबेदारगंज (प्रयागराज) स्टेशनों पर रुकेगी।

# समग्र विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित : सुश्री मीना सिंह

## संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत मानपुर स्टेडियम में कार्यक्रम संपन्न





उमरिया (स्वतंत्रमत)

आकांक्षी विकासखंड योजना अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत शुक्रवार 20 मार्च को मानपुर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश कि सरकार सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत मानपुर में आयोजित कार्यक्रम का सभी ग्रामीण एवं शहरवासी लाभ उठाएं। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए संकल्प से समाधान अभियान का संचालन किया जा रहा है।अगर कोई व्यक्ति किसी योजना का लाभ पाने से किसी कारण वश वंचित रह गए है, तो वह योजना का लाभ पाने के लिए पात्रतानुसार आवेदन करें। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि अभियान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए, ताकि समय सीमा में ग्रामीण जनों को इसका लाभ मिले सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के तहत 1500 की राशि प्रतिमाह दी जा रही है। इसी तरह मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाएं स्व सहायता समूहों का गठन करके अपनी आजीविका चला रही है।आज के दौर में महिलाएं स्वयं शसक्त होने के साथ साथ अपने परिवार को भी नई ऊंचाई प्रदान कर रही हैं। आज महिलाएं पुरुषों के साथ साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं।किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गरीब,युवा,किसान और महिलाओं को शसक्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है,जिसका परिणाम है कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था में बन पाया है। इसी प्रकार कलेक्टर श्री धरणेंद्र जैन ने कहा कि नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशन में संपूर्णता अभियान 2.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अभियान के तहत 6 संकेतकों पर कार्य किया जाना है। अभियान के माध्यम से आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाले 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों का प्रतिशत, रिपोटिंग माह के दौरान आंगनबाडी केंद्रों पर नामांकित बच्चों की दक्षता मापना, क्रियाशील शौचालयों के साथ क्रियाशील आंगनवाड़ी केंद्रो का प्रतिशत, पेयजल सुविधाओं के साथ क्रियाशील आंगनबाडी केंद्रो का प्रतिशत,स्कूलों की कुल संख्या के मुकाबले लड़कियों के लिए शौचालयों की संख्या वाले विद्यालयों का प्रतिशत, गोजातीय टीकाकरण से टीकाकृत पशुओ का प्रतिशत शामिल है।उन्होंने सभी को विश्वास दिलाया कि सभी संकेतकों के निर्धारित लक्ष्य को 14 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का संचालन चार चरणों मे किया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। तृतीय चरण में खंड स्तरीय शिविर मानपुर में आयोजित किया गया है। खण्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में समस्याओं का निराकरण नही होने पर जिला स्तर पर आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि सभी परिवार अपने घर की 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष तीन माह तक की किशोरी बालिका को सर्वाइकल कैन्सर से बचाव हेतु एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं। इसी तरह जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रत्येक नगरीय निकायों एव ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है जो 30 जून तक चलेगा। अभियान के माध्यम से जल की एक एक बूंद को सहेजने का कार्य बोरी बंधान,तालाबो के आस पास साफ सफाई आदि करके किया जाएगा। उन्होने अपील करते हुए कहा कि अभियान में अधिक से अधिक ग्रामीण जन अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष भारती सोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानपुर ममता सिंह ने भी संबोधित किया । आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत मानपुर स्टेडियम आयोजित संपूर्णता अभियान 2.0 कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई।इस दौरान मप्र डे ग्रामीण आजीविका मिशन कि स्व सहायता समूह कि महिलाओं द्वारा साबुन,आचार,आलू चिप्स,कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न,गेहूं उत्पादन,स्कूल शिक्षा विभाग,पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा दवाइयों का वितरण, जन जातीय कार्य विभाग, श्रम विभाग,राजस्व विभाग के साथ ही जनपद कार्यालय मानपुर द्वारा स्टॉल लगाए गए । कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति कु0शगुन महोबिया द्वारा दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ जनपद पंचायत मानपुर प्रत्युष श्रीवास्तव, जनपद सदस्य सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## पाली नगर में अनूठी पहल.. माँ बिरासिनी में बोए गए जवारा में उपयोग हो रहा कम्पोस्ट खाद



**पाली (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका परिषद पाली द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। माँ बिरासिनी परिसर में बोए गए जावरा (जवारे) में इस बार रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक कम्पोस्ट खाद का उपयोग किया जा रहा है। नगर पालिका की देखरेख में स्थानीय महिलाओं एवं नागरिकों की सहभागिता से कम्पोस्ट तैयार किया गया, जिसे जावरा बोने के लिए उपयोग में लाया गया। इस प्रक्रिया में घरों से निकलने वाले जैविक कचरे को एकत्र कर वैज्ञानिक तरीके से खाद में परिवर्तित किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देना तथा लोगों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करना है। साथ ही, इससे मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है और फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है। माँ बिरासिनी स्थल पर चल रही इस गतिविधि में बड़ी संख्या में महिलाएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं, जिससे सामाजिक सहभागिता भी मजबूत हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक प्रेरणादायक कदम बताया है।नगर पालिका परिषद पाली सीएमओ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे शहर को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ बनाया जा सके।

## अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई प्रारंभ

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर धरणेंद्र जैन के मार्गदर्शन में एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह द्वारा अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बांधवगढ़ ने सार्वजनिक सूचना जारी कर स्पष्ट किया है कि ग्राम डबरौहा, तहसील बांधवगढ़ स्थित खसरा नंबर 306ध1 को 14 भूखण्डों में विभाजित कर बिना वैध अनुमति के अवैध प्लॉटिंग कर बिक्री की गई है,जो पूर्णत: नियम विरुद्ध है। जारी सूचना में बताया गया है कि संबंधित भूमि का ग्राम पंचायत (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रेशन) निर्गमन तथा शर्तों नियम 2014 के तहत विधिवत पंजीयन नहीं कराया गया है। साथ ही मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 61 (ड) एवं 61 (ड-1) के प्रावधानों का भी उल्लंघन किया गया है। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना रजिस्ट्रेशन एवं वैधानिक अनुमति के की जा रही प्लॉटिंग न केवल अवैध है, बल्कि आम जनता को भी भ्रमित करने का प्रयास है। ऐसे मामलों में संबंधित भूमि को मध्यप्रदेश शासन के अधिकार में लेने की कार्यवाही की जाएगी। सार्वजनिक सूचना के माध्यम से संबंधित 14 व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे 15 दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भूमि शासन के अधीन करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## 24 मार्च को आंगनवाड़ी केंद्रों में होगा विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भोपाल के निर्देशन तथा कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 24 मार्च को जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी ने बताया कि इस अवसर पर बाल चौपाल के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण कर विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी के रूप में सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 17 हजार बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम बच्चों के शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं शिक्षकगण भी शामिल होंगे, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन किया जा सके।

## जल गंगा संवर्धन की मानपुर में पन्हाई तालाब पर स्वच्छता अभियान के साथ हुई शुरुआत



मानपुर (स्वतंत्रमत)

गुरुवार 19 मार्च को नगर परिषद मानपुर द्वारा गंगा संवर्धन के तहत मानपुर नगर के पुननग्ई तालाब वार्ड नंबर 11 में रोड में तालाब की सफाई अभियान की शुरुआत की गई। क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस अभियान का उद्देश्य तालाब की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों का संरक्षण और आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भारती सतीश सोनी, सीएमओ, सभी वार्डो के पार्षद गण एवं आम नागरिक स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर तालाब के आसपास फैली गंदगी को हटाया, प्लास्टिक कचरे का निस्तारण किया और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने जल स्त्रोतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तालाब न केवल जल संग्रहण का प्रमुख साधन हैं, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी और भूजल स्तर को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए इनका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान में युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह संदेश गया कि समाज के हर वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से इस तरह के स्वच्छता अभियान चलाकर पन्हाई तालाब को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखेंगे।यह पहल न केवल मानपुर के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत करती है कि सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता

# हनुमान प्रतिमा कांड के विरोध में कटंगी बंद

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लोगों में उबाल, जनजीवन रहा ठप

कटंगी(स्वतंत्र मत)

बालाघाट जिले का कटंगी शहर 20 मार्च दिन शुक्रवार को पूरी तरह से बंद रहा। सुबह से ही साफतौर पर बंद का असर दिखाई दिया। अस्पताल, मेडिकल, पेट्रोल पंप, सरकारी-प्राइवेट स्कूल-कॉलेजों, बड़े-बड़े उद्योगों और अति आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी तरह के छोटे-छोटे प्रतिष्ठान बंद रहे। साप्ताहिक बाजार होने के बाद भी सब्जी मंडी में दूकानें बंद रही। दरअसल, गत दिवस सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम जाम के प्राचीन जामेश्वर मंदिर स्थित हनुमान प्रतिमा को किसी अज्ञात के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की घटना के 48 घंटे बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर हिंदू धार्मिक संगठन और हिंदू धर्म प्रेमियों1 ने शुक्रवार को कटंगी बंद बुलाया था। जिसे सर्वधर्मों के अनुयाईयों और छोटे-छोटे दुकानदारों का पुरजोर समर्थन मिला। बंद के दौरान यात्री बसें, ऑटो सहित निजी ट्रांसपोर्ट भी बंद रहा। जिस कारण राहगीरों को परेशानियों को सामना करना पड़ा। महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर को छोड़कर, जिला मुख्यालय बालाघाट-सिवनी और ग्रामीण अंचलों की ओर चलने वाली यात्री बसें बंद रही। हिंदू धार्मिक संगठन के पदाधिकारियों और हिंदू धर्म प्रेमियों ने नगर के सिनेमा चौक में बैठकर हनुमान चालीसा और धार्मिक भजनों का पाठ किया। वहीं दोपहर ढाई बजे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसडीएम के.सी.ठाकुर, एसडीओपी विवेक शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। बंद के कारण नगर की सभी सड़के सूनसान और दुकानों के शटर नहीं खुले। बंद को समर्थन करने के लिए ग्राम जाम से ग्रामीण मुख्यालय पहुंचे थे। वहीं बंद के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए बड़ी संख्या में जगह-जगह पर पुलिस तैनात की गई थी। प्रतिमा में आग लगाने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर के बंद को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई कुछ लोगों ने इस बंद को व्यर्थ बताया और कुछ लोग इसका समर्थन करते हुए नजर आए। दरअसल, ग्राम जाम के मंदिर में घटित आगजनी की घटना बेहद गंभीर और पुलिस की जांच का विषय है। यह घटना हिंदू वर्ग की धार्मिक भावना का ठेस पहुंचाने वाली है। जिस कारण आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों का पता लगाकर कठोर कार्रवाई की पहले ही दिन से मांग उठ रही है। वहीं पुलिस के लिए आरोपियों का पता लगाकर उनकी गिरफ्तारी करना उससे बड़ी चुनौती है। चूंकि पुलिस को घटनास्थल पर ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला जिससे पुलिस सीधे आरोपियों तक पहुंच जाए। क्योंकि घटना वाले दिन जब तक पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती उससे पहले ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच चुके थे। जिस कारण यहां मौजूद आरोपियों के भौतिक साक्ष्य समाप्त हो चुके थे। अब पुलिस अन्य तकनीक से आरोपियों को पता लगाने की कोशिश में है। इधर, समाज के एक बड़े तबके में यह चर्चा है कि जाम मंदिर में प्रतिमा में हुई आगजनी की घटना एक हादसा है ना कि जानबुझकर किया गया कृत्य। इन मतभेदों के बीच भी सभी की पुलिस से एक ही मांग है आरोपियों की पतासाजी और उनकी गिरफ्तारी। ज्ञात रहे कि जाम मंदिर जहां यह घटना हुई हैं वहां तंत्र-मंत्र किए जाने का अनुमान है। इसी तांत्रिक प्रक्रिया में मूर्ति में आग लगने की प्रबल संभावना आमजनों के द्वारा व्यक्त की जा रही है। खैर, इस पूरे मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 298 की कार्रवाई पहले ही कर रही है।

# मामूली विवाद में साथी के हमले में घायल मजूदर की मौत

**परिजन बोले- अस्पताल में इलाज के नाम पर लाखों मांगे**

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के रूपझर थाना क्षेत्र स्थित घोंदी जंगल में वन विभाग के काष्ठ दोहन कार्य के दौरान घायल हुए 26 वर्षीय मजदूर संदीप मरकाम की इलाज के दौरान 20 मार्च की अलसुबह मौत हो गई। 18 मार्च की शाम मामूली विवाद के बाद साथी मजदूर अर्जुन टेकाम उर्फ रितेश ने संदीप के सिर पर डंडे से हमला कर दिया था। संदीप ने शहर के सरदार पटेल अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने दोपहर 3 बजे करीब शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के भाई रंजीत मरकाम ने सरदार पटेल अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल ने इलाज के खर्च के लिए लाखों रुपयों की मांग की थी। परिजनों का दावा है कि पैसे न देने पर अस्पताल ने शव सौंपने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद पुलिस की दखल और शिकायत के बाद ही उन्हें शव मिल सका। हालांकि, डॉ. प्रिंस वर्मा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे केवल पुलिस प्रकरण की सूचना की प्रक्रिया बताया है।

### मौत के बाद हत्या की धाराओं में केस

रूपझर थाना प्रभारी दीपक त्रिपाठी ने बताया कि जंगल से लकड़ी परिवहन के दौरान संदीप और अर्जुन के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने पूर्व में आरोपी अर्जुन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था, जिसे अब संदीप की मौत के बाद हत्या की धाराओं में बदल दिया गया है। पुलिस ने संदेही अर्जुन टेकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक संदीप अपने पीछे तीन छोटे बच्चों और परिवार को छोड़ गया है। कोतवाली उपनिरीक्षक संजय किरार ने बताया कि अस्पताल की तहरीर पर मर्ग कायम कर पंचनामा किया गया है। मामले की केस डायरी आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए रूपझर थाना भेजी जा रही है ताकि घटनास्थल और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर साक्ष्य जुटाए जा सकें।

## मनरेगा योजना से संवरी जिंदगी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पुनी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से संचालित एक बगिया मां के नाम योजना ग्रामीण परिवारों के लिए आय और सम्मान का मजबूत माध्यम बन रही है।


**कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला-उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक/3592/न.परि./2026 मानपुर, दिनांक 17/3/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_491377_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD UNDER NP MANPUR SCHEME CM MONIT | (1) 12 माह (2) 73202197 | (1) 20000/- (2) 549020/- | 17/4/2026 | प्रथम निविदा |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
मानपुर, जिला-उमरिया (म.प्र.)



**कार्यालय ग्राम पंचायत नाटा**
**जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 20/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत नाटा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना,15 वित्त, 5 वां वित्त, विधायक निधि, सांसद निधि, गौण खनिज, जनपद निधि, स्वच्छ भारत मिशन, जीरामजी आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री-सीमेंट, ईट, गिट्टी, लोहा, रेत, मुरूम, पानी टेंकर, मिक्सर मशीन, दरवाजे खिड़की, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कम्प्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी लोहा कुर्सी, पुल-पुलिया आदि रजिस्टर्ड बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर वेंडर के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 20/03/2026 से 27/03/2026 तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय ग्राम पंचायत नाटा में वर्ष 2026-27 के लिये आमंत्रित है। निविदा खुलने का दिनांक 30/03/2026 को समय 11.00 बजे रहेगा।

कुंवरसिंह मेरावी (संरपच) सुमरबत्ती उयके (उपसरपंच) ललित कुमरे (सचिव)

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत नाटा



**कार्यालय ग्राम पंचायत सुकड़ी**
**जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 20/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत सुकड़ी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना,15 वित्त, 5 वां वित्त, विधायक निधि, सांसद निधि, गौण खनिज, जनपद निधि, स्वच्छ भारत मिशन, जीरामजी आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री-सीमेंट, ईट, गिट्टी, लोहा, रेत, मुरूम, पानी टेंकर, मिक्सर मशीन, दरवाजे खिड़की, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कम्प्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी लोहा कुर्सी, पुल-पुलिया आदि रजिस्टर्ड बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर वेंडर के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 20/03/2026 से 27/03/2026 तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय ग्राम पंचायत सुकड़ी में वर्ष 2026-27 के लिये आमंत्रित है। निविदा खुलने का दिनांक 30/03/2026 को समय 11.00 बजे रहेगा।

अर्जुन उयके (संरपच) करनसिंह उयके (उपसरपंच) बुधुसिंह परते (सचिव)

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सुकड़ी



**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरलांजी**
**जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 20/03/2026

**निविदा सूचना आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत खैरलांजी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना,15 वित्त, 5 वां वित्त, विधायक निधि, सांसद निधि, गौण खनिज, जनपद निधि, स्वच्छ भारत मिशन, जीरामजी आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निर्माण सामग्री-सीमेंट, ईट, गिट्टी, लोहा, रेत, मुरूम, पानी टेंकर, मिक्सर मशीन, दरवाजे खिड़की, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कम्प्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी लोहा कुर्सी, पुल-पुलिया आदि रजिस्टर्ड बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर वेंडर के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 20/03/2026 से 27/03/2026 तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय ग्राम पंचायत खैरलांजी में वर्ष 2026-27 के लिये आमंत्रित है। निविदा खुलने का दिनांक 30/03/2026 को समय 11.00 बजे रहेगा।

श्रीमती कमलबत्ती इनवाती (संरपच) शैलेन्द्र राहंगडाले (उपसरपंच) कुलदीप तेकाम (सचिव)
रोजगार सहायक -प्रवीण पुसाम

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत खैरलांजी



**कार्यालय ग्राम पंचायत पाथरी**
**जनपद पंचायत बैहर, जिला-बालाघाट (म.प्र.)**

क्रमांक /क्यू/2026 दिनांक 20/03/2026

**बाजार निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पाथरी अंतर्गत बैठकी एवं मवेशी बाजार की वार्षिक नीलामी दिनांक 24/03/2026, दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन पाथरी में आयोजित की जाएगी। नीलामी प्रक्रिया ग्राम पंचायत के नियमों के अनुसार खुले बोली के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति /ठेकेदार निर्धारित दिनांक को उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी की शर्तें निम्नानुसार रहेंगी: - 1)बोली में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति यों को निर्धारित धरोहर राशि (जमानत राशि) जमा करनी होगी। 2) सर्वाधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को नियमों के अनुसार नीलामी स्वीकृत की जाएगी। 3)नीलामी से संबंधित अन्य शर्तें नीलामी स्थल पर पढ़कर सुनाई जाएंगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अतः इच्छुक व्यक्ति यों से निवेदन है कि निर्धारित दिनांक को उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लें।

श्रीमती नेहा धुर्वे (संरपच) महेंद्र बागड़े (सचिव)

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पाथरी

# मां रेवा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल की जांच में बरत रहे लापरवाही सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की चल रही मिलीभगत

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

जिले भर में दर्जनों प्राईवेट कॉलेज संचालित हो रहे हैं इन कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर सवाल खड़े है कहीं अधिक फीस तो कहीं नियमित क्लास न लगना तो कहीं कहीं पर प्रोफेसर स्टॉफ की योग्यता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं इन कॉलेजों की नियमित जांच भी नही हो रही हैं। नियमों के विपरीत संचालित कॉलेजों में एक नाम मां रेवा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल का भी है। जिले में संचालित मां रेवा इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार संस्थान में शैक्षणिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्तर पर व्यापक अनियमितताएं सामने आई हैं वहीं संबंधित विभागों द्वारा समय पर कार्यवाही न किए जाने से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने 23 सितंबर 2025 को जिला कलेक्टर को संस्थान के विरुद्ध शिकायत प्रस्तुत की थी। यह मामला जांच के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया लेकिन आरोप है कि







कई महीनों बाद भी न तो निष्पक्ष जांच पूरी हुई और न ही शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की आधिकारिक जानकारी दी गई बार बार पूछताछ करने पर केवल जांच टीम गठित कर दी गई है कहकर मामले को टालने का आरोप भी लगाया गया है शिकायतकर्ता ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी लेकिन नियमानुसार जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। प्रथम अपील में यह दावा किया गया कि 7 जनवरी को जानकारी प्रदान कर दी गई जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्हें किसी भी माध्यम डाक, फोन या ई-मेल से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई इसके बाद 17 फरवरी को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य विभाग जबलपुर के समक्ष भी अपील प्रस्तुत की गई लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला मामले में एक और गंभीर पहलू सामने आया है जानकारी के अनुसार सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी की पत्नी उक्त संस्थान में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत रही हैं इस संबंध के चलते जांच प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है शिकायतकर्ता के अनुसार एक अन्य जिला स्तरीय विभाग द्वारा अक्टूबर से दिसंबर तक की गई जांच में कई आरोप सत्य पाए गए। जांच में सामने आया कि उपस्थिति पंजी में केवल दो हस्ताक्षर मिले एक व्यक्ति बीएससी योग्यता के साथ पढ़ा रहा था जो स्वास्थ्य संकाय से संबंधित नहीं है दूसरा हस्ताक्षर लैब असिस्टेंट का मिला जो अकादमिक स्टाफ में नहीं आता संस्थान में मानक के अनुसार एक भी योग्य अकादमिक स्टाफ कार्यरत नहीं पाया गया वित्तीय अनियमितताओं के आरोप ऑडिट रिपोर्ट में भी कई संदिग्ध आंकड़े सामने आए 2022-23 में रोगी कल्याण समिति में 1,90,800 दर्शाए गए 2020-21 में पूरे स्टाफ की वार्षिक सैलरी 55,700 लगभग 4,646 मासिक 2021-22 एवं 2022-23 में कुल 84,618 लगभग 7,051 मासिक इन आंकड़ों को लेकर वित्तीय गड़बड़ी की आशंका जताई गई है आरोप है कि अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को जानबूझकर परीक्षाओं से वंचित किया गया और कूटरचित तरीके से दस्तावेज तैयार किए गए जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा जांच समिति ने संस्थान को पूर्णतः बंद करने तथा छात्रों को अन्य पैरामेडिकल संस्थानों में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भेजा इसके बाद मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर द्वारा संस्थान की संबद्धता निरस्त कर दी गई और शासन व संबंधित परिषद को अनुशंसा भेजी गई इतनी गंभीर निष्कर्षों के बावजूद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा न तो समय पर जांच पूरी की गई और न ही सूचना के अधिकार के तहत पारदर्शिता दिखाई गई शिकायतकर्ता ने जनसुनवाई में भी आवेदन देकर उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उनका कहना है कि पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो जिले का यह मामला न केवल एक संस्थान की अनियमितताओं तक सीमित है बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता जवाबदेही और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या ठोस कदम उठाता है।

## चैत्र नवरात्रि पर कलश स्थापना

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** देश की आन्तरिक सुरक्षा में तैनात 148वीं वाहिनी सीआरपीएफ पुलिस लाईन मण्डला द्वारा नवरात्रि के पर्व के उपलक्ष्य में कैम्प स्थित सर्वधर्म प्रार्थना स्थल में कलश स्थापना एवं पूजन किया गया । इस अवसर पर वाहिनी कमाण्डेन्ट विक्रांत सारंगपाणि द्वारा मुख्यालय 148 वीं वाहिनी के सभी जवानों एवं उनके परिवार को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनायें दी । इस अवसर पर रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, मनोरंजन कुमार उप कमाण्डेन्ट के साथ वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## आराध्या तिवारी का सुयश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**



विगत दिवस माउंट फोर्ट स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित किए गए । जिसमें आराध्या तिवारी ने कक्षा सातवीं में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उसकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य ब्रदर बिनु चेरियन सभी शिक्षकों और अभिभावक ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात होवे कि आराध्या शिक्षक मीतेश तिवारी और मनीषा तिवारी की सुपुत्री है।

## झूलेलाल जयंती पर कार्यक्रम

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल का 1058 वा प्रकाश उत्सव जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल के तेल्यचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं फूलमाला अर्पण कर प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम सिंह राजपाल, यशवंत बजाज, अशोक नानकानी, बंटी बजाज, बंटी रावलानी, प्रिंस बजाज, हर्ष बजाज का सराहनी योगदान रहा। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नानकानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल जयंती चेटीचंड सिंधी समुदाय का सबसे प्रमुख त्यौहार है जो धूमधाम से त्यौहार मनाया जा रहा है। यह भगवान झूलेलाल वरुण देव के अवतार का प्राकट्य दिवस और सिंधी नव वर्ष (चेटीचंड) है। इस दिन जल देवता की पूजा, शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे जिले भर में आयोजित होते हैं।

## नरवाई पर एसडीएम ने ली बैठक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर द्वारा नरवाई प्रबंधन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नरवाई (फसल अवशेष) को जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा किसानों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में सहायक यंत्री कृषि, तहसीलदार नैनपुर, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी नैनपुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित क्षेत्र के हार्वेस्टर मालिक उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि हार्वेस्टर संचालक यह सुनिश्चित करें कि कटाई के दौरान नरवाई का उचित प्रबंधन किया जाए तथा किसी भी स्थिति में उसे जलाया न जाए। नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण, मृदा की उर्वरता में कमी तथा जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## जल प्रबंधन पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय में शासन के निर्देश पर जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत छात्राओं हेतु निबंध प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता,स्लोगन प्रतियोगिता , पोस्टर प्रतियोगिता व विचार संगोष्ठी का आयोजन आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शरद नारायण खरे के संरक्षण व डॉ अंजुसिंह संयोजन वपूजा टेमरे के सह-संयोजन में आयोजित की गईं संचालन में किया गया डॉ अंजली पंड्या ने उनका मार्गदर्शन व सहयोग किया डॉ एसपी धूमकेती ने सारगर्भित व उपयोगी जानकारियाँ प्रस्तुत की।

## श्रद्धा सम्मान के साथ मनाया बलिदान दिवस



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति की अग्रणी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर नगर के लालीपुर प्रतिमा स्थल में जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की उपस्थिति में श्रृद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनकी वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए। समारोह में प्रो शरद नारायण खरे, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, समाजसेवी नरेश कछवाहा, संघर्ष समिति के अध्यक्ष एड संजय चौरसिया जिला योजना अधिकारी ओम प्रकाश सिरसे, उमेश ठाकुर, राजकुमार दमाहे, गुलाब सिंगरौरे, बंधु ठाकुर कुंजन जंघेला, डीएल मोंगरे, लोधी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, आलोक जिला अध्यक्ष राजेश लोधी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा स्थल पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित किए गए। अपने उद्बोधन में इतिहासकार प्रो शरद नारायण खरे ने वीरांगना के शौर्य त्याग एवं समर्पण को याद करते हुए कहा कि अल्प आयु में देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाली रानी अवंती बाई आज भी भारतीय स्वाभिमान और नारी चेतना की प्रतीक हैं। इतिहासकार प्रशांत श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि रानी अवंती बाई के जीवन पर फिल्म निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है जिसके लिए उनसे जुड़ी ऐतिहासिक सामग्री एकत्रित की जा रही है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा ने कहा कि 1857 की क्रांति के दौरान रानी अवंती बाई ने राजाओं को चूड़ियां भेजकर युद्ध के लिए प्रेरित किया था जिससे राष्ट्रभाव जागृत हुआ। उन्होंने रानी अवंती बाई संघर्ष समिति के कार्यों को याद करते हुए कहा कि लालीपुर स्थित प्रतिमा और झूला पुल जैसे निर्माण उनके संघर्ष का परिणाम हैं।

## अवैध खनन को लेकर अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में नर्मदा नदी से हो रहे अवैध रेत उत्खनन का मामला एक बार फिर गरमा गया है। जनपद पंचायत मंडला के अध्यक्ष संतोष सोनी भलावी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई मांग की है। ज्ञापन में ग्राम गुरारखेड़ा एवं ग्राम मोहनिया पटपरा क्षेत्र में नर्मदा नदी से लगातार हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने अपने पत्र में उल्लेख करते हुए कहा कि उक्त क्षेत्रों में रेत का अवैध खनन खुलेआम जारी है। आरोप लगाया गया है कि खनिज विभाग की अनदेखी के चलते रेत माफिया सक्रिय हैं और बिना किसी रोक टोक के नदी से रेत निकाली जा



रही है। इससे न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है बल्कि नर्मदा नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि नर्मदा नदी क्षेत्र में लगातार मशीनों और वाहनों के माध्यम से रेत का उत्खनन किया जा रहा है जिससे नदी के किनारों का क्षरण बढ़ रहा है और जलस्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस गतिविधि पर आपत्ति जताते हुए प्रशासन से कई बार शिकायत की लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जनपद अध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग की है कि अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और तत्काल प्रभाव से इस कार्य को बंद कराया जाए। साथ ही खनिज विभाग की भूमिका की भी जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई गई है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि समय रहते अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में नर्मदा नदी के अस्तित्व पर संकट गहरा सकता है। पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने से क्षेत्र में जल संकट और भूमि क्षरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस दौरान कई जनपद सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की।

## चेटीचन्ड्र महोत्सव पर शोभायात्रा वाहन रैली

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल सांई का जन्मदिवस चेट्रीचन्ड्र महोत्सव के रूप में सिंधी समाज के द्वारा धूमधाम से मनाया गया पूज्य सिंधी पंचायत सिंधु नवयुवक मंडल एवं मातृशक्ति सदस्यों के द्वारा विविध आयोजन किए गए आयोजन की श्रृंखला में एक सप्ताह पहले गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ आरंभ किया गया जो कि नियमित रूप से पाठन किया गया पंडित रानूनाथ शर्मा की मौजूदगी में भगवान श्री झूलेलाल सांई का जल अभिषेक किया गया तत्पश्चात झूलेलाल सांई का श्रृंगार किया गया श्री गुरुद्वारा साहिब में भजन कीर्तन आरती पूजा के साथ सभी परिवारों की सुख शांति के लिए अरदास की गई। तत्पश्चात



आम लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सभी शामिल जनों ने प्रसादी ग्रहण की सुबह सामाजिक जनों के द्वारा विशेष ड्रेस कोड के साथ वाहन रैली निकाली गई जिसको समाज के वरिष्ठ जनों ने झंडी दिखाकर रवाना किया वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में विराम ली रैली भगवान झूलेलाल सांई के जयकारों के साथ गुंजायमान रही वाहन रैली का जोर शोर से स्वागत किया गया।

आयोजन में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम शामिल हुए इन्होंने भगवान झूलेलाल एवं श्री गुरुग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया माथा टेककर आशीर्वाद लिया आयोजित लंगर में शामिल होकर गुरु प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम को शॉल पहनाकर सम्मान किया गया सायंकाल में श्री बहिराणा साहब का पूजन अर्चन किया गया एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई ।

भगवान झूलेलाल, संत कंवर राम एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां से सुसज्जित बैंड बाजे सहित विशाल शोभायात्रा गुरु के जयकारों के साथ गुंजायमान रही शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मां नर्मदा के पावन तट पर गुरु अरदास एवं पल्लव पूजा के साथ संपन्न हुई।




**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही जिले में मानव सेवा की एक सराहनीय पहल सामने आई है। हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति मंडला द्वारा समाजहित में हरे माधव प्याऊ निःशुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सेवा कार्य परम् पूज्य हाजिरा हुजूर सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब जी की कृपा एवं आशीर्वाद से प्रारंभ हुआ। समिति के सदस्य गिरीश चंदानी ने बताया कि इस पुनीत कार्य का शुभारंभ शहर के प्रमुख स्थान बिनेका तिराहा के पास सतगुरु सेवक नितेश चंदानी के प्रतिष्ठान में किया गया। इसके साथ ही एक अन्य प्याऊ की शुरुआत कटरा दुर्गा मंदिर परिसर में सतगुरु सेवक कन्हैया छत्री प्रकाश होटल द्वारा की गई। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए यह पहल आमजन राहगीरों मजदूरों और जरूरतमंदों के लिए राहत भरी साबित होगी। यहां आने-जाने वाले लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।समिति के सदस्यों ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए यह सेवा शुरू की गई है ताकि जरूरतमंदों की प्यास बुझाई जा सके और समाज में सेवा भाव को बढ़ावा मिले।

## झूलेलाल जी के भजनों से गूंज उठा दरबार

### वाहन रैली व शोभायात्रा रही आकर्षण का केंद्र

नैनपुर( स्वतंत्र मत)।

गत एक सप्ताह से पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा श्री झूलेलाल जयंती मनाने जोरदार तैयारी चल रही थी। पाठ साहब आरंभ के साथ साथ चकरभाठा से आए परम पूज्यनीय लाल साईं जी का सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात प्रतिदिन सुबह नगर के विभिन्न वार्डो में प्रभात फेरी निकाली जाती रही जो नगर भ्रमण के साथ आयोलाल झूलेलाल जी के जयघोष के किये जाते रहे।

सुबह शाम आरती अरदास के साथ साथ बच्चों व माताओं बहनों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम



आयोजित किए गए। कार्यक्रम के चलते सामाजिक बन्धुओ का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। दरबार में झूलेलाल साईं जी के भजन कीर्तन आरती अरदास पल्लव के साथ भंडारा प्रसादी संपन्न हुई। मुख्य मार्ग स्थित माधव हार्डवेयर के सामने समाज के युवाओं द्वारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जो दिन भर अनवरत चलता रहा। तत्पश्चात शाम 6 बजे शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा में आयोलाल झूलेलाल जी के उदघोष के साथ विभिन्न मार्गो से नगर भ्रमण किया गया विभिन्न स्थानों में भक्तों के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया गया।

अंत में भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम दरबार साहिब में संपन्न हुआ। इस दौरान समाज अध्यक्ष चंद्रकुमार नागपाल, पूर्व अध्यक्ष संतोष नागपाल, प्रकाश गाजरानी सहित सामाज के वरिष्ठ दयाराम बोधानी, जमीयतराय कोटवानी, श्रीचंद नागपाल, ग्वालदास गाजरानी, कन्हैया चावला, रमेश लालवानी , रमेश गेमनानी, सुरेश कटियार, चेलाराम लालवानी, श्याम सायरानी, हेमन्त आडवानी, मुरलीधर बोधानी, प्रेम आसवानी, अरूण बोधानी, अशोक गुलाब चन्दानी, राजकुमार पंजवानी, हरेश नागरानी, घनश्याम गाजरानी, मनोज गाजरानी, नानकराम नागरानी, रूपेश कटियार , सुरेश लालवानी, चंद्रेश कटियार, कैलाश कटियार, दीपक आसवानी, मनोज गाजरानी, शंकर लालवानी , गुरपाल निरंकारी, विक्की नवानी, दिनेश हासानी, अशोक लालवानी, मुरली कटियार, श्याम कोटवानी, श्रीमति कृष्णा पंजवानी सहित बड़ी संख्या मात्र शक्ति व बच्चों सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

संपादकीय

## सवालों से घिरे दावे

भारतीय जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी लेकर होर्मुज जलमार्ग पार करके भारत पहुंच गए हैं। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निःशुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूस!

अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1.62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्या! इन दिनों 75 से 80 लाख बुकिंग हो रही हैं, जबकि इससे पहले एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्ठियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रखकर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है? यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है। नतीजतन मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। 12 साल एक लंबा वक्त होता है, लिहाजा अब प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की जिम्मेदारी है कि देश संकट में घिरना नहीं चाहिए। यदि संकट वैश्विक है, तो देश को विश्वास में लेना चाहिए कि प्रयास किए जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री का देश को संबोधित करना अनिवार्य है। सरकार कबूल करे कि तेल-गैस का संकट है और उससे पार पाने की कोशिशें की जा रही हैं। आगामी दो-तीन माह के दौरान बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव हैं। इन राज्यों में कुल 18 करोड़ मतदाता हैं और 11 लाख से अधिक गैस सिलेंडर रोजाना सप्लाई किए जाते हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा को एहसास होगा कि मतदाता का इस समय मानस क्या है? यदि देश में तेल-गैस का कोई भी संकट नहीं है, तो स्पष्ट बताएं। कांग्रेस को कोसने से संकट कम नहीं होने वाला है।

# वैश्विक दबंगई देखने को लाचार संयुक्त राष्ट्र

उमेश चतुर्वेदी

**कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है।**

ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली कार्रवाई के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और औचित्य दोनों पर सवाल उठा है। दिलचस्प यह है कि अमेरिका ने अतीत में जब भी ऐसी कार्रवाई की, उसने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों को लागू करने का बहाना बनाया। चूंकि मौजूदा अमेरिकी राष्ट्र डोनाल्ड ट्रंप अलबेले राजनेता हैं, उनके लिए नियम-कायदों और जगतगति से ज्यादा उनकी अपनी जुबान और सोच मायने रखत हैं। इसलिए ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की ओट लेने की औपचारिकता भी नहीं निभाई।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का सबसे बड़ा कारण प्रथम विश्व युद्ध के बाद गठित लीग ऑफ नेशन्स की असफलता रही। अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन की पहल पर प्रथम विश्व युद्ध के बाद 10 जनवरी 1920 को स्थापित लीग ऑफ नेशन्स पहला ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन था, जिसका मुख्य उद्देश्य कूटनीति और सामूहिक सुरक्षा के जरिए विश्व शांति बनाए रखना था। लीग ऑफ नेशन्स का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रों के बीच के विवादों को सुलझाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर निरस्त्रीकरण को अमली-जामा पहनाना रहा। लेकिन जिनेवा में स्थित वह संस्था ऐसा करने में पूरी तरह नाकाम रही। उसकी नाकामी के चलते जर्मनी और जापान ने विस्तारवादी नीतियां ना सिर्फ अपनाईं, बल्कि रोजाना नए-नए राष्ट्रों पर कब्जा और हमला करने लगे। इसके बाद जो हुआ, वह विश्व इतिहास के काले पन्नों में दर्ज है। बेशक लीग ऑफ नेशन्स को 20 अप्रैल 1946 को आधिकारिक रूप से भंग किया गया, लेकिन इसके पहले ही 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर दी गई। इसकी स्थापना के लिए बड़ा आधार जापान पर हुए अमेरिकी अणुबम हमले के बाद उपजी मानवीय त्रासदी रही। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाना और विश्व में शांति और सुरक्षा बनाए रखना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वह अपने इस प्राथमिक उद्देश्य में सफल है? इस पर चर्चा से पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर ध्यान देना जरूरी है, जिसके अनुसार संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य, दुनिया भर में शांति बनाए रखना और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। इसके साथ ही उसका एक और मकसद, राष्ट्रों के बीच समानता और आत्म-निर्णय के सिद्धांतों के आधार पर



दोस्ताना संबंधों का विकास करना भी रहा है। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में साफ लिखा है कि यह अंतरराष्ट्रीय संगठन बिना किसी जाति, लिंग, भाषा या धर्म के भेदभाव के पूरी दुनिया के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देगा। उसका मकसद, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग स्थापित करने के साथ ही, गरीबी दूर करने, भूख, बीमारी और निरक्षरता से लड़ने और प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता प्रदान करने के लिए कार्य करना भी है। इसके साथ ही उसकी भूमिका अंतरराष्ट्रीय संधियों और कानूनों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए प्रयास करने की भी है।

कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की हालत सड़क के किनारे बैठे उस असहाय व्यक्ति जैसी हो गई है, जो सड़क पर जारी मारपीट को असहाय भाव से टुकुर-टुकुर देखते को मजबूर रहता है।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का सबसे प्रमुख उद्देशय युद्धों को रोकना है। लेकिन ना तो यह शीत युद्ध को रोक सका, ना ही मौजूदा दौर के संघर्षों को रोक पा रहा है। 1991 के खाड़ी युद्ध के लिए तो अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव को ही बहाना बनाया था। 2001 में भी जार्ज बुश के बेटे जूनियर जार्ज बुश और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने भी इराक और अफगानिस्तान पर हमले के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों और उसकी सेना की ओट ली थी। 1994 का रवांडा का नरसंहार हो या फिर 2011 में दक्षिण सूडान में हुआ गृहयुद्ध, 1995 में सर्ब सेना द्वारा बोस्निया में किया गया नरसंहार हो या फिर 2010 के दौरान हुई कथित अरब क्रांति की आड़ में हुई मध्य एशिया की हिंसा, किसी को भी रोकने में संयुक्त राष्ट्र अभियान सफल नहीं रहे।

संयुक्त राष्ट्र का मंच राष्ट्रों के बीच संवाद बढ़ाने और विवादों को सुलझाने के बजाय,उनके बीच गाली-गलौज और आपसी आलोचना का केंद्रभर बनकर रह गया है। अभी संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख और ताकतवर अंगर सुरक्षा परिषद है। इसका गठन ही गैरबराबरी को बढ़ावा देने का बड़ा आधार बन गया है। इसमें तीन राष्ट्र ऐसे हैं, जो अक्सर अपने वीटो पॉवर का इस्तेमाल नकारात्मक तरीके से करते हैं। अमेरिका, चीन और रूस की ज्यादातर भूमिका नकारात्मक रहती है। रही बात ब्रिटेन और फ्रांस की तो उनकी भूमिका मध्यमार्गी है। हालांकि वे भी महत्वपूर्ण मसलों में सीधे हस्तक्षेप करने की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा नहीं सकते। इसमें तीन राष्ट्र ऐसे हैं, जो अक्सर अपने वीटो पॉवर का इस्तेमाल नकारात्मक तरीके से करते हैं। अमेरिका, चीन और रूस की ज्यादातर भूमिका नकारात्मक रहती है। रही बात ब्रिटेन और फ्रांस की तो उनकी भूमिका मध्यमार्गी है। हालांकि वे भी महत्वपूर्ण मसलों में सीधे हस्तक्षेप करने की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभा नहीं सकते। इसका ही असर है कि ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने हमला कर रखा है और रूस एवं यूक्रेन के बीच चार साल से युद्ध जारी है। मानवाधिकार के मुद्दों पर भी संयुक्त राष्ट्र प्रभानवी नजर नहीं आता। कोविड महामारी के दौरान जिस तरह विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के साथ पक्षपात पूर्ण भूमिका निभाई, वह भी संयुक्त राष्ट्र की नाकामी प्रतीक है।

जब से ट्रंप ने अमेरिका की दोबारा कमान संभाली है, तब से उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को और ज्यादा पंगु करने की कोशिश की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन समेत संयुक्त राष्ट्र के कई अंगों में अपनी आर्थिक भागीदारी और सहयोग उन्होंने घटाना शुरू कर दिया है। उनका मानना है कि संयुक्त राष्ट्र के मंचों के जरिए अमेरिकी करदाताओं की बड़ी रकम बेकार के कामों में खर्च हो रही है, जिसका अमेरिका को सीधे फायदा नहीं मिलना है। ऐसे में आने वाले दिनों में संयुक्त राष्ट्र की स्थिति और भी ज्यादा निरीह होने वाली है। ऐसे में अगर दुनिया के देश संयुक्त राष्ट्र के औचित्य पर ही सवाल उठाने लगें तो दुनिया को हैरत नहीं होनी चाहिए।

**सर्वोच्च न्यायालय के मील के पत्थर न्यायिक निर्णयों के आलोक में एक सशक्त शोध**

# सच्चे मृत्यु पूर्व कथन की पुकार, होती है स्वीकार



दिनेश चन्द सागर
(एडवोकेट)
लेखक भूतपूर्व विशेष DGP, IPS (वीरता के पुलिस पदक एवं उसके प्रथम बार से सम्मानित)

जब कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होता है और उसे लगता है कि उसकी मृत्यु होने वाली है, तो वह अपने हमलावरों, घटना के तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में बयान देता है। इस अंतिम बयान को ही डाइंग डिक्लेरेशन कहा जाता है। कानून इसे विशेष महत्व देता है क्योंकि यह माना जाता है कि मृत्यु के समय व्यक्ति झूठ नहीं बोलता। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 32(1) में पहले यह प्रावधान था। अब इसे भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (BSA) की धारा 26(a) में शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि मृत्यु के कारण या उससे जुड़ी परिस्थितियों के बारे में दिया गया बयान अदालत में प्रासंगिक माना जाएगा, चाहे व्यक्ति को मृत्यु का अनुमान हो या न हो।

**डाइंग डिक्लेरेशन किसके सामने दिया जा सकता है?**

मजिस्ट्रेट के सामने- सबसे विश्वसनीय (गोल्ड स्टैंडर्ड) माना जाता है।

चिकित्सक (डॉक्टर) के सामने- यदि मजिस्ट्रेट उपलब्ध न हो, तो डॉक्टर द्वारा दर्ज किया गया बयान भी मान्य है।

पुलिस अधिकारी के सामने- पुलिस द्वारा दर्ज किया गया बयान भी स्वीकार्य है, बशर्ते यह स्वेच्छा से और बिना दबाव के दिया गया हो।

निजी व्यक्ति के सामने- यदि उपरोक्त अधिकारी उपलब्ध न हों, तो किसी भी सामान्य व्यक्ति के सामने दिया गया बयान भी अदालत में मान्य हो सकता है, यदि यह साबित हो कि पीड़ित मानसिक रूप से सजग था।

लक्ष्मण बनाम महाराष्ट्र राज्य (2002) में संविधान पीठ ने कहा था कि डॉक्टर का प्रमाणपत्र अनिवार्य नहीं है; यदि बयान दर्ज करने वाला व्यक्ति संतुष्ट है कि पीड़ित मानसिक रूप से ठीक था, तो बयान मान्य होगा।

## सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय

**खुशल राव बनाम बॉम्बे राज्य (1958)**

**तथ्य**- बाबूलाल पर तलवार और भाले से हमला हुआ। उसने अस्पताल में तीन अलग-अलग बयान दिए।

**निर्णय**- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि बयान विश्वसनीय है तो केवल उसी आधार पर दोषसिद्धि हो सकती है।

**लक्ष्मण बनाम महाराष्ट्र राज्य (2002, संविधान पीठ)**

**तथ्य**- मृतका चंद्रकला को आग लगाई गई। उसने मजिस्ट्रेट को बयान दिया।

**निर्णय**- डॉक्टर का प्रमाणपत्र आवश्यक नहीं है; मानसिक सजगता ही मुख्य शर्त है।

**पुरुषोत्तम चोपड़ा बनाम दिल्ली राज्य (2020)**

**तथ्य**- शेर सिंह को जला दिया गया। उसने 100त्न जलने के बावजूद बयान दिया।

**निर्णय**-शारीरिक स्थिति नहीं बल्कि मानसिक सजगता महत्वपूर्ण है।

**उत्तर प्रदेश राज्य बनाम वीरपाल (2022)**

**तथ्य**- पीड़िता ने पहले आत्महत्या का कहा, बाद में मजिस्ट्रेट को बताया कि ससुराल वालों ने आग लगाई।

**निर्णय**- यदि बयान सच्चा है तो अकेले भी दोषसिद्धि का आधार बन सकता है।

**इर्फान @ आका बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2023)**

**तथ्य**- मृतका के कई डाइंग डिक्लेरेशन दर्ज हुए, जिनमें विरोधाभास था।

**निर्णय**- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डाइंग डिक्लेरेशन तभी मान्य है जब वह स्वेच्छा से, बिना दबाव और संगत हो। यदि कई बयान हैं, तो उनकी संगति और विश्वसनीयता की जांच जरूरी है।

**ललिता बनाम विश्वनाथ (2025)**

**तथ्य**- पीड़िता ने एफआईआर दर्ज कराई और बाद में मृत्यु हो गई।

**निर्णय**- एफआईआर को डाइंग डिक्लेरेशन तभी माना जाएगा जब मृत्यु सीधे उसी चोट से जुड़ी हो।

**चमन लाल बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य (2026)**

**तथ्य**- अभियोजन पक्ष हत्या का कारण साबित नहीं कर पाया, लेकिन मृतका ने आरोपी का नाम लिया।

**निर्णय**- अंतिम शब्दों की विश्वसनीयता मोटिव की अनुपस्थिति से अधिक महत्वपूर्ण है।

**निष्कर्ष**- डाइंग डिक्लेरेशन पीड़ित की अंतिम आवाज़ है, जिसे अदालतें बहुत गंभीरता से लेती हैं। यह मजिस्ट्रेट, डॉक्टर, पुलिस अधिकारी या किसी निजी व्यक्ति के सामने दिया जा सकता है। अदालत इसे तभी मान्य करेगी जब बयान स्वेच्छा से, संगत और मानसिक रूप से सजग अवस्था में दिया गया हो।

सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है कि यह अकेले भी दोषसिद्धि का आधार बन सकता है। यदि कई डाइंग डिक्लेरेशन हों, तो उनकी संगति और विश्वसनीयता की जांच अदालत करती है।

नए कानूनों- BSA (धारा 26), BNSS (धारा 183) और BNS (धारा 103 हत्या, धारा 80 दहेज मृत्यु)-ने इस सिद्धांत को आधुनिक रूप दिया है।

**डाइंग डिक्लेरेशन और संबंधित लैटिन सिद्धांत**

"Nemo moriturus praesumitur mentire "

कोई भी मरने वाला व्यक्ति झूठ बोलने की संभावना नहीं रखता। यही डाइंग डिक्लेरेशन का मूल आधार है। माना जाता है कि मृत्यु के समय व्यक्ति सत्य ही बोलता है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कई बार इस सिद्धांत को उद्धृत किया है, जैसे खुशल राव बनाम बॉम्बे राज्य (1958) और बाद के मामलों में।

# प्रलय से सृष्टि को बचाने भगवान विष्णु ने लिया मत्स्य अवतार



आज मत्स्य जयंती

चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन मत्स्य जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु के मत्स्यरूपी अवतार की पूजा करने का विधान है। मत्स्य अवतार भगवान विष्णु के दशावतार, यानी 10 अवतारों में पहला अवतार है। इस रूप में प्रकट होकर श्रीहरि ने प्रलय से सृष्टि को बचाया और वेदों को पुनः प्राप्त किया था।

## विधि-विधान से पूजन

मत्स्य जयंती पर नदी स्नान का महत्व है, लेकिन नदी स्नान संभव न हो तो आप घर पर ही शुद्ध जल या गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान के बाद सबसे पहले सूर्यदेव को अर्घ्य दें। इसके बाद व्रत का संकल्प लें। अब पूजा के लिए एक चौकी तैयार करें और इसमें पीले रंग का कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें। इस दिन भगवान विष्णु के मत्स्यरूपी अवतार की पूजा होती है। भगवान को पीले वस्त्र पहनाएं और चंदन का तिलक लगाकर फूल, फल, मिष्ठान, नैवेद्य आदि अर्पित करें। घी का दीपक जलाएं और इसके बाद भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की कथा या मत्स्य पुराण का पाठ करें। इसके बाद विष्णुजी की आरती करें।

ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या दक्षिणा का दान करें, इससे पुण्य की प्राप्ति होती है।

सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु ने सृष्टि के कल्याण के लिए सभी अवतार लिए। ठीक इसी तरह भगवान का मत्स्यरूपी अवतार भी सृष्टि के कल्याण के लिए था। भगवान विष्णु के विशालकाय मछली के रूप के बारे में धार्मिक व पौराणिक कथा के अनुसार सृष्टि को प्रलय की विपत्ति से बचाने के लिए भगवान को मत्स्य अवतार लेना पड़ा था। साथ ही इस अवतार में भगवान ने वेदों की भी रक्षा की। कथा के अनुसार कश्यप और दिति के दैत्य पुत्र ने वेदों को समुद्र की गहराइयों में छिपा दिया था, तब भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लेकर उनसे युद्ध किया और वेदों को पुनः प्राप्त कर महर्षि वेदव्यासजी को सौंप दिया।

## प्रमुख उपाय

- मछलियों को आटे की गोलियां या दाना खिलाना सबसे उत्तम उपाय माना जाता है, जिससे मन को शांति मिलती है।
- आर्थिक संकट दूर करने के लिए भगवान विष्णु के सामने रोली मिश्रित गाय के घी का दशमुखी दीपक जलाएं।
- इस दिन भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार की कथा या मत्स्य पुराण का पाठ करना बहुत फलदायी है।
- किसी भी तरह के विवाद या संकट को दूर करने के लिए भगवान विष्णु को अर्पित किए गए गेहूं के दाने मछलियों को खिलाएं।

# मजबूत सेना, स्वदेशी हथियार और नई युद्ध तकनीक, यही है सरकार की जबरदस्त सामरिक रणनीति

**पिछले कुछ वर्षों में भारत ने हथियार आयातक देश की छवि से बाहर निकलकर रक्षा निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उदाहरण के तौर पर हाल ही में इंडोनेशिया ने भारत से लगभग 3800 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का समझौता किया है।**



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

साल 2026 में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन, चीन की आक्रामक सैन्य विस्तार नीति, हिंद महासागर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सीमा क्षेत्रों में लगातार तनाव ने भारत को अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए मजबूर किया है। इसी पृष्ठभूमि में मोदी सरकार ने वर्ष 2026 में ऐसी सामरिक रणनीति अपनाई है जिसका मूल उद्देश्य है सैन्य शक्ति का तीव्र आधुनिकीकरण, स्वदेशी रक्षा उत्पादन का विस्फोटक विस्तार, नई युद्ध तकनीकों में निर्णायक बढ़त और वैश्विक रक्षा कूटनीति का विस्तार।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की सबसे पहली और सबसे स्पष्ट प्राथमिकता है रक्षा बजट में निरंतर वृद्धि। केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत सरकार ने रक्षा क्षेत्र के लिए लगभग 7.85 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। यह राशि भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दो प्रतिशत है और केंद्र सरकार के कुल खर्च का लगभग 14.67 प्रतिशत हिस्सा रक्षा क्षेत्र को जाता है। इस बजट में 2.19 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं ताकि सेना को अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान, आधुनिक युद्धपोत, पनडुब्बी, ड्रोन और स्मार्ट हथियारों से लैस किया जा सके।

मोदी सरकार की दूसरी निर्णायक रणनीति है सैन्य आधुनिकीकरण को तेज करना। पिछले कुछ वर्षों में यह स्पष्ट हुआ है कि भारत को एक साथ दो मोर्चों पर युद्ध की संभावना को ध्यान में रखते हुए अपनी सैन्य क्षमता बढ़ानी होगी। इसी रणनीति के तहत भारत ने नौसेना के लिए 26 आधुनिक राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का लगभग 7.4 अरब डॉलर का समझौता किया है, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री शक्ति और मजबूत होगी।

इसके साथ ही भारतीय वायुसेना के लिए नए लड़ाकू स्क्वॉड्रन, आधुनिक मिसाइल प्रणाली और लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले हथियारों पर तेजी से काम चल रहा है। सामरिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम चीन और पाकिस्तान दोनों से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों के जवाब में उठाया गया है।



तीसरी बड़ी प्राथमिकता है आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग का निर्माण। वर्ष 2026 के रक्षा बजट में पूंजीगत खरीद का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा घरेलू उद्योगों से खरीद के लिए निर्धारित किया गया है। इसका अर्थ है कि लगभग 1.39 लाख करोड़ रुपये भारतीय कंपनियों और रक्षा निर्माण इकाइयों को मिलेंगे। इससे न केवल सैन्य क्षमता बढ़ेगी बल्कि देश में विशाल रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित होगा।

इसी दिशा में उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा एक बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है जहां अब तक 35000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित हो चुका है। इस परियोजना का लक्ष्य भारत को वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र बनाना है और हजारों उच्च कौशल रोजगार पैदा करना है।

चौथी रणनीतिक प्राथमिकता है नई पीढ़ी के युद्ध क्षेत्रों में प्रवेश। पारंपरिक युद्ध अब अकेला निर्णायक तत्व नहीं रह गया है। ड्रोन, कृत्रिम बुद्धि आधारित युद्ध प्रणाली, डाटा युद्ध और साइबर युद्ध भविष्य की लड़ाइयों का आधार बनते जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत ने ड्रोन बल, सैन्य जियो स्पेशल एजेंसी, डाटा फोर्स और संज्ञानात्मक युद्ध इकाइयों की स्थापना की दीर्घकालिक योजना तैयार की है। इसका उद्देश्य है कि वर्ष 2047 तक भारत पूरी तरह तकनीकी रूप से उन्नत सैन्य शक्ति बन सके।


पांचवीं प्राथमिकता है रक्षा निर्यात का आक्रामक विस्तार। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने हथियार आयातक देश की छवि से बाहर निकलकर रक्षा निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उदाहरण के तौर पर हाल ही में इंडोनेशिया ने भारत से लगभग 3800 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का समझौता किया है। यह सौदा केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत की सामरिक उपस्थिति मजबूत होती है।

छठी रणनीतिक दिशा है भविष्य के युद्ध खतरों के लिए तैयारी। भारत की नई रक्षा दृष्टि में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु हमलों से निपटने के लिए विशेष सुरक्षा ढांचे का निर्माण भी शामिल है। रक्षा बल विजन 2047 दस्तावेज में स्पष्ट किया गया है कि भविष्य के युद्ध बहुआयामी होंगे और उनके लिए तेज प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना आवश्यक है।

इन सभी पहलों का व्यापक लक्ष्य है भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित और सैन्य दृष्टि से आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना। देखा जाये तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रस्तुत रक्षा विजन 2047 राष्ट्रीय शक्ति के समग्र विस्तार का खाका है जिसमें सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और तकनीकी नवाचार को एक साथ जोड़ा गया है।

कुल मिलाकर देखें तो वर्ष 2026 में मोदी सरकार की रणनीतिक प्राथमिकताएं बेहद स्पष्ट और आक्रामक हैं। विशाल रक्षा बजट, तेज सैन्य आधुनिकीकरण, स्वदेशी हथियार निर्माण, नई युद्ध तकनीकों में निवेश, रक्षा निर्यात का विस्तार और भविष्य के युद्धों के लिए तैयारी, ये सभी कदम मिलकर भारत को एक उभरती वैश्विक सैन्य शक्ति में बदलने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। यदि यह रणनीति इसी गति से लागू होती रही तो आने वाले दशक में भारत केवल दक्षिण एशिया की सुरक्षा व्यवस्था का केंद्र नहीं रहेगा बल्कि हिंद प्रशांत क्षेत्र की शक्ति संतुलन राजनीति में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# तेल व्यापार ठप, टूटे संबंध और तबाही का मंजर... ईरान-इजरायल जंग में कैसे फंस गए खाड़ी देश



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रही जंग अब पूरे मिडिल ईस्ट को अपनी चपेट में ले चुकी है। बुधवार रात ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजरायली हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई तेज कर दी है।

इस क्रम में गुरुवार को ईरान ने कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमला किया, जहां दुनिया का सबसे बड़ा लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) उत्पादन केंद्र है। इसके बाद कुछ रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान ने सऊदी की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको की SAMREF रिफाइनरी को भी निशाना बनाया है। यह हमला खाड़ी देशों पर ईरान के चरणबद्ध हमलों का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा ठिकानों को भी निशाना बनाया गया है। संयुक्त अरब अमीरात पर भी ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए। ये युद्ध जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है खाड़ी देशों के लिए स्थिति जटिल होती जा रही है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई। इस घटना के बाद ईरान ने तीव्र जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। ईरान ने मिसाइल और ड्रोन हमलों से इजरायली, अमेरिकी सैन्य ठिकानों और खाड़ी देशों के ऊर्जा और रणनीतिक ढांचे को निशाना बनाना शुरू किया। इन हमलों में बहरीन, कुवैत, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे देश प्रभावित हुए हैं। अमेरिकी बेस और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे पर हमले बढ़ गए हैं, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता गहरा गई है।

फारस की खाड़ी में अमेरिकी सैन्य गतिविधियां बढ़ने और युद्ध के बादल छाने के बीच खाड़ी देशों के नेता कूटनीति से संघर्ष रोकने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन, अब सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कुवैत और कतर खुद इस युद्ध की चपेट में आ गए हैं। ये देश, जो अमेरिका के सहयोगी हैं, ईरानी हमलों से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। युद्ध से पहले कीमतें लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थीं, जो अब 90-100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गई हैं। बुधवार को कीमतों में 5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

तेल-गैस संसाधनों से समृद्ध इन खाड़ी देशों के पास अब विकल्प बहुत कम बचे हैं। वे युद्ध से बचने के लिए कूटनीति पर निर्भर हैं, लेकिन स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। यह संघर्ष मिडिल ईस्ट की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। मौजूदा समय में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि खाड़ी देश अब आगे क्या करेंगे?

मिडिल ईस्ट की जंग शुरू होने से पहले तक कतर और ईरान में दोस्ताना संबंध थे। दोनों देश दुनिया के सबसे बड़े गैस उत्पादन क्षेत्र साउथ पार्स/नॉर्थ फील्ड को मिलकर चला रहे थे। यह क्षेत्र कतर की समृद्धि का मुख्य आधार था। युद्ध शुरू होने से पहले कतर ने इसे रोकने के प्रयास भी किए थे। इस युद्ध ने खाड़ी देशों और ईरान के बीच बने भरोसे को पूरी तरह खत्म कर दिया है। पार्स गैस फील्ड अब आग की लपटों में घिरा हुआ है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा पर गहरा संकट मंडरा रहा है।

भारी हमलों के बावजूद खाड़ी देशों ने अभी तक अमेरिका-इजरायल की आक्रामक कार्रवाइयों में औपचारिक रूप से शामिल नहीं हुए हैं। वे एक नाजुक मोड़ पर खड़े हैं। जहां एक तरफ वे अमेरिका और इजरायल के साथ संबंध बनाए रखना चाहते हैं, तो दूसरी तरफ ईरान से सीधे टकराव से बचना चाहते हैं। अरब देश न तो अमेरिका-इजरायल की खुली आलोचना कर रहे हैं और न ही ईरान का समर्थन, लेकिन अब उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। आगे हालात उनके लिए और भी जटिल होते जाएंगे।

## रास लाफान एलएनजी हब को हुए नुकसान की मरम्मत में लग सकते हैं पाँच साल : रिपोर्ट

**दोहा, (वार्ता/स्पुतनिक)।** कतर में स्थित दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी (द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) निर्यात केंद्र रास लाफान परिसर पर हुए हमलों के कारण इस केन्द्र का एक हिस्सा बंद हो गया है और नुकसान की मरम्मत में पांच साल तक का समय लग सकता है। यह जानकारी ब्लूमबर्ग ने अपने रिपोर्ट में दी रिपोर्ट के अनुसार, एलएनजी हब प्रत्येक सप्ताह बिजली कटौती का मतलब है कि सिडनी जैसे शहर को एक वर्ष तक बिजली देने के बराबर ऊर्जा का नुकसान होना। ब्लूमबर्ग के अनुसार, कई देश अपनी गैस खपत के एक चौथाई से अधिक के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाली आपूर्ति पर निर्भर हैं, जिसका मतलब है कि यह संघर्ष भी वैश्विक बाजारों को वर्षों तक के लिए प्रभावित कर सकता है। विश्लेषक सॉल कावोनिक ने कहा, हम अब एक प्रलयकारी गैस संकट की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि युद्ध समाप्त होने के बाद भी एलएनजी की आपूर्ति में महीनों या वर्षों तक व्यवधान जारी रह सकता है। एशिया के कुछ हिस्सों में पहले से ही कमी दिखने लगी है जहां उर्वरक से लेकर कांच उत्पादन तक विभिन्न उद्योगों में एलएनजी का व्यापक रूप से उपयोग होता है।

## ब्रिटेन और नाइजीरिया ने अवैध प्रवासियों की वापसी के समझौते पर हस्ताक्षर किए

**मॉस्को/लंदन, (वार्ता)।** ब्रिटेन और नाइजीरिया ने अवैध प्रवासियों की वापसी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने गुरुवार को जानकारी दी कि यह समझौता नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनूबू की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुआ, जो पिछले 37 वर्षों में किसी नाइजीरियाई नेता की लंदन की पहली राजकीय यात्रा है। नए समझौते के तहत वीजा अवधि से अधिक रुकने वाले, विदेशी अपराधियों और विफल शरण चाहने वालों को ब्रिटेन से निकालना कहीं अधिक आसान हो जाएगा। समझौते के अनुसार, नाइजीरिया अब उन ब्रिटिश लेटर्स को मान्यता देगा, जो ब्रिटिश गृह मंत्रालय द्वारा उन व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं जिनके पास वैध पासपोर्ट नहीं है। दोनों देश उन आपराधिक समूहों से निपटने के लिए एक मानकीकृत दस्तावेज सत्यापन प्रणाली लागू करेंगे जो वीजा का दुरुपयोग करते हैं। मंत्रालय ने उल्लेख किया कि कुछ नाइजीरियाई नागरिक जाली रोजगार और विवाह दस्तावेजों के साथ ब्रिटेन पहुंचते हैं। ब्रिटिश गृह मंत्री एलेक्स नोरिस ने कहा कि अवैध प्रवास के खिलाफ लड़ाई में नाइजीरिया, ब्रिटेन के लिए एक प्रमुख भागीदार है, क्योंकि यह यूके का सबसे बड़ा अफ्रीकी वीजा बाजार है।

## रूस ने ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने का किया आह्वान

**मास्को, (वार्ता/शिन्हुआ)।** रूसी विदेश मंत्रालय ने फारस की खाड़ी क्षेत्र में उत्पन्न स्थिति के संबंध में कहा कि मास्को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ बिना उकसावे वाले आक्रमण से उत्पन्न शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान करता है। रूसी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि मॉस्को लगातार मित्र अरब देशों और ईरान के बीच शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं पड़ोसी देशों के साथ सहअस्तित्व वाली परिस्थितियां बनाने की आवश्यकता की वकालत करता है। यान में कहा गया, हम इस बात पर बल देते हैं कि इस दिशा में पहला कदम अमेरिका और इज़रायल द्वारा अपने सैन्य अभियान का तत्काल त्याग होना चाहिए। मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की कि रूस इस क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थायी स्थिरता प्राप्त करने के लिए, वहां स्थित सभी देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए, राजनीतिक एवं राजनयिक माध्यमों से संघर्ष को सुलझाने और मौजूदा विवादों का समाधान खोजने में सहायता करने के लिए तत्पर है। बयान में आगे कहा गया,हम पश्चिम एशिया में राजनीतिक एवं राजनयिक माध्यमों से संघर्ष सुलझाने और मौजूदा विरोधाभासों को दूर करने में रचनात्मक सहायता प्रदान करना जारी रखने के लिए तैयार हैं, जिसमें क्षेत्र के सभी देशों के वैध हितों को संतुलित करने के लिए एक स्थायी समाधान खोजने हेतु संयुक्त प्रयासों के लिए परिस्थितियां बनाना शामिल है।

## वानुआतू द्वीप समूह में 6.1 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग, (वार्ता/शिन्हुआ)।** दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु द्वीप समूह में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह 02ः30 बजे 6.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र जीएफजेड ने दी। भूकंप का केंद्र गहराई में 10.0 किलोमीटर थी और शुरुआत में 19.47 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 168.19 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

## वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में 26 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए : रूसी रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को, (स्पुतनिक/वार्ता)।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ड्यूटी पर तैनात रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में यूक्रेन के 26 ड्रोन मार गिराए। मंत्रालय ने कहा, पिछली रात ड्यूटी पर तैनात रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 26 फिक्स्ड-विंग मानव रहित ड्रोन को आकाश में रोककर नष्ट कर दिया।

## चुनाव आयोग के तबादला विवाद पर ममता के समर्थन में आये उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, (वार्ता)**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा राज्य के बड़ी संख्या में अधिकारियों के तबादले करने के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति अपना समर्थन जताया है। उन्होंने इन तबादलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसी कार्रवाइयां 'केवल गैर-भाजपा शासित राज्यों' में ही देखने को मिलती हैं।

श्री अब्दुल्ला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अधिकारियों के तबादले चुनाव परिणामों को प्रभावित नहीं कर सकते। उन्होंने लिखा,

ऐसे बड़े पैमाने पर तबादले केवल गैर-भाजपा शासित राज्यों, विशेषकर पश्चिम बंगाल में होते हैं, लेकिन इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। हालांकि, पश्चिम बंगाल एक बार फिर वही साबित करेगा, जैसा हमेशा से मेरा मानना रहा है। अधिकारी राजनीतिक दलों के लिए चुनाव नहीं जीतते, बल्कि राजनीतिक दलों के नेता चुनाव जीतते हैं।

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग द्वारा किये गये किसी भी तरह के हेरफेर के प्रयास से नतीजे नहीं बदलेंगे। मतगणना के दिन ममता दीदी भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगी।

श्री अब्दुल्ला की यह प्रतिक्रिया सुश्री बनर्जी के उस पोस्ट के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग पर विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल को निशाना बनाने का आरोप लगाया था।

## ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए जमीनी कार्रवाई की जरूरत : नेतन्याहू

**तेल अवीव, मार्च (वार्ता)**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि केवल हवाई हमलों से ईरान के शासन को नहीं उखाड़ा जा सकता, बल्कि इसके लिए एक ज़मीनी कार्रवाई की आवश्यकता होगी। श्री नेतन्याहू ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजरायल और अमेरिका हवाई हमलों से ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को नष्ट कर रहे हैं, लेकिन सार्थक सत्ता परिवर्तन केवल हवाई अभियानों से संभव नहीं है। उन्होंने कहा, क्रांति केवल हवा से नहीं आ सकती, इसके लिए ज़मीनी कार्रवाई भी जरूरी है। उन्होंने यह साझा करने से इनकार कर दिया कि इस ज़मीनी कार्रवाई का स्वरूप क्या होगा। इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा कि ईरान में केवल शासन बदलना काफी नहीं है, बल्कि वहां की विचारधारा में बदलाव आना जरूरी है। उन्होंने इसकी तुलना इतिहास से करते हुए कहा, आप एक तानाशाह (अयातुल्लाह) को हटाकर दूसरे को नहीं लाना चाहेंगे। आप हिटलर की जगह दूसरे हिटलर को नहीं बिठाना चाहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजरायल और अमेरिका हवाई हमलों के जरिए केवल स्थितियां पैदा कर सकते हैं, लेकिन वास्तविक क्रांति और सत्ता का तख्तापलट केवल %ज़मीनी स्तर% पर ईरानी जनता के प्रयासों और सक्रियता से ही संभव है।

श्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मृत्यु के बाद शासन के भीतर काफी तनाव और दरारें हैं। उन्होंने उनके संभावित उत्तराधिकारी मुज्तबा खामेनेई पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अभी तक सामने नहीं आए हैं, जो शासन की कमजोरी को दर्शाता है।

अभियान के 20वें दिन श्री नेतन्याहू ने दावा किया कि ईरान अब यूरेनियम संवर्धन करने और बैलिस्टिक मिसाइल बनाने की क्षमता खो चुका है। उन्होंने कहा, हम इन क्षमताओं को धूल और राख में मिलाना जारी रखेंगे। ईरान आज पहले से कहीं ज्यादा कमजोर है, जबकि इजरायल एक क्षेत्रीय और वैकि शक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत इजरायल अब उन कारखानों को निशाना बना रहा है जो मिसाइलों के पुर्जे बनाते हैं, ताकि ईरान के औद्योगिक आधार को पूरी तरह खत्म किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मतभेदों की खबरों पर श्री नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि इजरायल ने अकेले कार्रवाई की थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के अनुरोध पर भविष्य के कुछ हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है।

उन्होंने उन आरोपों को खारिज किया कि उन्होंने अमेरिका को इस युद्ध में धकेला है। साथ ही, उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील रास्तों के विकल्प के रूप में अरब प्रायद्वीप से भूमध्यसागरीय बंदरगाहों तक पाइपलाइन बिछाने का सुझाव दिया। नेतन्याहू के इस संबोधन के कुछ ही घंटों बाद, ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल पर नए मिसाइल हमले किए, जिससे यरूशलम और इजरायल के अन्य हिस्सों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे।

## चीन ने जापान से गलत रास्ते पर आगे बढ़ने से बचने का किया आग्रह

**बीजिंग, (वार्ता/शिन्हुआ)**

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने जापान से अपने गलतियों पर विचार करने और उन्हें सुधारने, अपना रुख बदलने और गलत रास्ते पर आगे बढ़ने से बचने का आह्वान करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जारी एक रिपोर्ट के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये टिप्पणियां कीं। रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान पर जापान के पहले के रुख में काफी बदलाव आया है। हालांकि, जापानी सरकार ने कहा कि अस्तित्व खतरा को निर्धारित करने के उसके तरीके में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है श्री लिन ने कहा कि जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के ताइवान पर गलत बयान ने चीन के अंतरिक मामलों में खुलेआम हस्तक्षेप किया है, ताइवान मुद्दे में सशस्त्र हस्तक्षेप करने की जापान की महत्वाकांक्षा को उजागर किया है और चीन के खिलाफ बल के उपयोग की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि चीन ने इस संदर्भ में बार-बार अपनी गंभीर स्थिति व्यक्त की है। प्रवक्ता ने कहा कि रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय सुश्री ताकाइची की टिप्पणियों की दुर्भावनापूर्ण प्रकृति एवं प्रभाव के बारे में तेजी से जागरूक हो रहा है और जापान की सक्रिय उकसावे वाली कार्रवाइयों को उजागर करने वाले खतरनाक कदमों के प्रति सतर्क बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि जापान के लिए केवल यह दावा करके खुद को सही ठहराना और अपने एशियाई पड़ोसियों एवं अंतरराष्ट्रीय समुदाय का विश्वास जीतना मुश्किल है कि उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।

श्री लिन ने कहा, चीन जापान से आग्रह करता है कि वह अपनी गलतियों पर विचार करे और उन्हें सुधारे, अपना रुख बदले और चीन एवं जापान के बीच हुए चार राजनीतिक दस्तावेजों को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाए, अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहे, जापानी संविधान में निहित शांतिवादी प्रावधानों का पालन करे और गलत रास्ते पर और आगे न बढ़े।

## बुल्गारिया ने बेरूत धमाके से जुड़े रूसी नागरिक को किया रिहा

**मॉस्को, (स्पुतनिक/वार्ता)**

बुल्गारिया ने रूसी नागरिक इगोर ग्रेचुश्किन को रिहा कर दिया है, जिन्हें बेरूत में जहाज विस्फोट के सिलसिले में हिरासत में लिया गया था। रूसी नागरिक ग्रेचुश्किन के वकील येकातेरिना दिमित्रोवा ने यह जानकारी दी। ग्रेचुश्किन उस जहाज के मालिक थे, जिसके माल में बाद में 2020 में बेरूत बंदरगाह पर विस्फोट हुआ था। उन्हें इंटरपोल वारंट पर बुल्गारिया में हिरासत में लिया गया था। यह गिरफ्तारी छह सितंबर को बुल्गारिया की राजधानी सोफिया के हवाई अड्डे पर हुई, जहाँ 48 वर्षीय रूसी नागरिक ग्रेचुश्किन साइप्रस से पहुँचे थे। वकील दिमित्रोवा ने कहा, ग्रेचुश्किन को रिहा कर दिया गया है। उन्हें देश छोड़ने के लिए अदालत के मूल आदेश की प्रति प्राप्त करनी पड़ी और यात्रा प्रतिबंध हटवाना पड़ा, जिसमें अतिरिक्त एक-दो सप्ताह लग गए। वह अब पूरी तरह से स्वतंत्र हैं और परिवार के साथ साइप्रस में रह रहे हैं। चार अगस्त 2020 को बेरूत बंदरगाह पर एक विनाशकारी विस्फोट हुआ था। आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट 2,750 टन अमोनियम नाइट्रेट के भंडारण के दौरान हुए धमाके से हुआ, जिसे 2014 में एक जहाज से जब्त कर गोदाम में रखा गया था।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा की तैयारी कर रही हैं सई एम. मांजरेकर



बॉलीवुड अभिनेत्री सई एम. मांजरेकर प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा की तैयारी कर रही हैं। सई एम. मांजरेकर जल्द ही एक ऐसी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं, जो आज के समय से बिल्कुल अलग है। वह एक प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा की तैयारी कर रही हैं।यह प्रोजेक्ट उनके लिए एक बड़ा बदलाव है। सई का कहना है कि इस फिल्म की तैयारी काफी गहन, चुनौतीपूर्ण और उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव रही है। फिल्म के बारे में बात करते हुए सई ने बताया कि इस किरदार ने उन्हें एक्टिंग को एक अलग नज़रिए से समझने के लिए प्रेरित किया है। उस दौर के सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल को समझने से लेकर अपनी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और हाव-भाव बदलने तक, उन्होंने इस किरदार के लिए काफी रिसर्च और मेहनत की है ताकि वह उस समय को सही तरीके से पर्दे पर दिखा सकें। अपने अनुभव के बारे में सई ने कहा, यह प्रोजेक्ट मेरे लिए अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक यात्राओं में से एक रहा है। खासकर प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा के लिए सिर्फ डायलॉग याद करना और सेट पर पहुंच जाना काफी नहीं होता। इसमें बहुत तैयारी करनी पड़ती है – उस समय के बारे में पढ़ना, रिसर्च करना, यह समझना कि लोग कैसे रहते थे, कैसे बात करते थे, कैसे खुद को प्रस्तुत करते थे और अपनी भावनाएं कैसे व्यक्त करते थे। उस दौर में हर चीज़ एक अलग अनुशासन और सादगी से जुड़ी होती थी, जो आज की दुनिया से काफी अलग है। सई ने कहा, मुझे सबसे ज़्यादा इस प्रक्रिया की बारीकियां आकर्षित करती हैं। आपकी बॉडी लैंग्वेज, बैठने-उठने का तरीका, कमरे में प्रवेश करने का अंदाज़ या बिना कुछ कहे प्रतिक्रिया देना – कुछ भी आधुनिक नहीं लगना चाहिए। इसके लिए आपको अपनी कई आदतों को छोड़कर एक नई शारीरिक और भावनात्मक शैली अपनानी पड़ती है। यह मुश्किल ज़रूर है, लेकिन यही इसे खास बनाता है। एक अभिनेता के तौर पर मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला, जो मुझे एक अलग दौर को समझने और खुद को बेहतर बनाने का मौका दे रही है। इस प्रोजेक्ट को लेकर सई काफी उत्साहित हैं और उनका मानना है कि इस फिल्म ने उन्हें धैर्य, अनुशासन और अभिनय के कई अहम पहलू सिखाए हैं। अब वह इस फिल्म के जरिए इतिहास से जुड़ी कहानी को पूरी सच्चाई और गहराई के साथ दर्शकों तक पहुंचाने के लिए तैयार हैं, जो उनके करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकती है

## करण जौहर की नजदीकियां में नज़र आएंगे ताहा शाह बदुशा

बॉलीवुड अभिनेता ताहा शाह बदुशा फिल्मकार करण जौहर के नए प्रोजेक्ट नजदीकियां ने नजर आयेंगे। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित करने के बाद से ताहा शाह बदुशा अपने करियर में लगातार मजबूती हासिल करते जा रहे हैं। संजय लीला भंसाली के बाद फिलहाल ताहा,करण जौहर के नए प्रोजेक्ट नज़दीकियां के साथ आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ परेश पाहुजा, आकांक्षा सिंह और निकिता दत्ता भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। आधुनिक रिश्तों और गहरी भावनाओं पर आधारित यह कहानी दर्शकों को एक रिलेटेबल और दिलचस्प अनुभव देने का वादा करती है। ताहा ने कहा, धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म गिप्पी का हिस्सा बनने से लेकर अब करण जौहर के साथ दोबारा काम करना, यह सच में एक फुल-सर्कल जर्नी जैसा लग रहा है। संजय लीला भंसाली सर के साथ काम करने के बाद, मैं नज़दीकियां के जरिए एक बिल्कुल नए स्पेस को एक्सप्लोर करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं आभारी हूं और बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि दर्शक इसे देखें। मजबूत क्रिएटिव सहयोग और अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ, ताहा शाह बदुशा धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बना रहे हैं, और नज़दीकियां उनके इस उभरते सफर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार हैं।



## अभिषेक अग्रवाल ने फिल्म धुरंधर द रिवेंज की तारीफ की



बॉलीवुड फिल्मकार अभिषेक अग्रवाल ने आदित्य धर की फिल्म धुरंधर द रिवेंज की तारीफ की है। अभिषेक अग्रवाल ने फिल्म धुरंधर द रिवेंज की तारीफ करते हुये सोशल मीडिया पर लिखा, ये सिर्फ एक लहर नहीं है ये तो बॉक्स ऑफिस पर सुनामी है! धुरंधर 2 की ओपनिंग किसी जश्न से कम नहीं लग रही। शब्द कम पड़ रहे हैं। अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि आज के शोर-शराबे वाले दौर में आदित्य धर अपने काम को बोलने देते हैं।वह असली 'प्रोड्यूसर के डायरेक्टर' हैं, जो विज़न और रिस्क दोनों समझते हैं। बहुत कम डायरेक्टर्स होते हैं जो प्रोड्यूसर की परेशानियां समझकर भी अपना बेस्ट देते हैं।इतनी बड़ी फिल्म बनाने के बाद 'बेस्ट ऑफ लक' कहना बहुत छोटा लग रहा है। आदित्य को सिर्फ आदित्य ही पीछे छोड़ सकते हैं। अभिषेक अग्रवाल ने फिल्म के मजबूत सपोर्ट सिस्टम की भी तारीफ की। उन्होंने जियो स्टूडियोज और ज्योति देशपांडे की भी तारीफ की। उन्होंने रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और आर. माधवन का नाम लेते हुए कहा कि हर एक कलाकार स्क्रीन पर अपना अलग ही दम दिखाने वाला है।

## भोजपुरी फिल्म 'केवट' की शूटिंग वाराणसी में शुरू

उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक नगरी और संस्कृति का अटूट केंद्र वाराणसी में भोजपुरी फिल्म 'केवट' की शूटिंग शुरू हो गयी है। प्रसिद्ध म्यूजिक कंपनी और फिल्म प्रोडक्शन हॉउस वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स लिमिटेड के बैनर तले बन रही बहुप्रतीक्षित भोजपुरी फिल्म 'केवट' की शूटिंग महादेव की नगरी में पूरी भव्यता के साथ शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्माण जाने-माने निर्माता रत्नाकर कुमार कर रहे हैं, जबकि निर्देशन की कमान निर्देशक अनंजय रघुराज के हाथों में है। इस फिल्म को विश्व प्रसिद्ध भजन सम्राट और पद्म श्री से सम्मानित गायक अनूप जलोटा और रत्नाकर कुमार मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही भोजपुरी की उभरती और सशक्त अभिनेत्री माही श्रीवास्तव इन दिनों वाराणसी के विभिन्न क्षेत्रों, घाटों और गलियों में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। माही का किरदार इस फिल्म की धुरी बताया जा रहा है। इस फिल्म के लेखक राकेश त्रिपाठी, डीओपी के. वेंकट महेश, गीतकार मनोज भावुक, संगीत साजन मिश्रा ने दिया हैं। वहीं फिल्म में भोजपुरी के लोकप्रिय कलाकार पवन पांडेय, माही श्रीवास्तव, विद्या सिंह, संदीप यादव और शम्भू राणा प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म के पीआरओ ब्रजेश मेहर, रामचन्द्र यादव हैं। इस फिल्म को लेकर अनूप जलोटा ने कहा, फिल्म केवट की कहानी और इसकी भावनाएं दर्शकों के दिलों को जरूर छू लेंगी। मुझे खुशी है कि मैं इस खास प्रोजेक्ट का हिस्सा हूं। यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और मूल्यों को भी दर्शाएगी, जो दर्शकों को खास अनुभव देगी।

# सरकार की नीतियों के कारण मध्यप्रदेश लगातार पिछड़ रहा : नकुल नाथ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मध्य प्रदेश लगातार पिछड़ रहा है सरकार लोगों की सुन नही रही गूंगी बहरी बनी हुई है। युवा किसान और महिलाएं परेशान हैं। उक्त आरोप वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर जिला कांग्रेस द्वारा जनपद कॉम्लेक्स में आयोजित समारोह में छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने लगाए। श्री नाथ ने रानी अवंती बाई के बलिदान पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके संघर्ष से हम प्रेरणा लेना है और आज कांग्रेस को प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरना होगा। क्योंकि प्रदेश किसान युवा और महिला उत्पीड़न के मामलों में देश में अव्वल बन रहा है। सरकार हर मोर्चे पर असफल हो रही है महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है और किसान



परेशान है भ्रष्टाचार चरम पर है। आपने कहा कि अनेक स्थानों पर आंधी और बारिश के कारण रवि फसल को नुकसान हुआ है हमारी मांग है कि तत्काल सरकार सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दे। पूर्व सांसद नकुलनाथ ने बताया कि गैस पेट्रोल और अन्य चीजों के दाम कम करने की बात पर सत्ता में आई भाजपा लगातार इन वस्तुओं के दामों को बढ़ा रही है केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण गैस की समस्या बन गई है। श्रीनाथ ने आरोप लगाया कि प्रदेश और केंद्र सरकार के कारण लगातार शिक्षा स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थिति बिगड़ रही है। आपने युवा महिला और किसानों से अनुरोध किया कि वे कांग्रेस पार्टी से जुड़कर आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें । श्रीनाथ ने बताया कि पूर्व विधायक सुनील जायसवाल उन्हें नरसिंहपुर आने को कह रहे थे और संयोग हे कि नवरात्रि के पर्व पर मेरा यहां आना हुआ। समारोह के प्रारंभ में पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने स्वागत भाषण देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ और नरसिंहपुर जिले के संबंधों पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, नरसिंहपुर जिला कांग्रेस प्रभारी आलोक मिश्रा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने भी समारोह को संबोधित किया। समारोह में पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले,विनय सक्सेना, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, नरेंद्र राजपूत, दीवान शैलेंद्र सिंह, मनीष साहू, धनीराम पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अजय मालवीय ने किया। उक्त कार्यक्रम के पूर्व श्री नाथ के आगमन पर अनेक स्थानों पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

साथ ही पूर्व सांसद नकुल नाथ ने सांकल रोड के समीप जिला युवा कांग्रेस के कार्यालय का उद्घाटन किया। यहां पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ने उनका स्वागत कर इस स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री नाथ ने नरसिंहपुर जिला युवा कांग्रेस की सक्रियता की सराहना की।



## मनोहर सेवा संस्थान द्वारा एनपी साहू सम्मानित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सरोज मनोहर सेवा संस्थान नरसिंहपुर द्वारा भक्त शिरोमणि कर्मा देवी जंयती अवसर पर समाजसेवी एन पी साहू को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सावित्री सिग्नेचर नरसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान की ओर से मंयक और मिलिंद साहू ने नारायण प्रसाद साहू को शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र और इक्यावन सौ रुपये की राशि भेंटकर सम्मान किया। प्रो.के एल साहू ने गुरुवार एन पी साहू के कृतित्व व्यक्तिव पर प्रकाश डाला।

श्री साहू ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा कि यह सम्मान मुझे भगवान की भक्ति और समाज सेवा करने हेतु निरंतर प्रेरणा देता रहेगा।जिस तरह से सरोज देवी ने घर व समाज के लोगों की सेवा की।सेठ मनोहर लाल ने हमेशा ही सभी लोगों का भला किया वह अविस्मरणीय है।सम्मानित होने पर श्री साहू को गिरीश पटेल लक्ष्मीकांत सरावगी मनोज बाजपेई जे पी श्रीवास्तव बी डी रूसिया छोटू सोनी प्रफुल्ल सोनकिया खोबीलाल महोबिया महेश कुशवाहा के पी यादव पं मनीष गिरदोनिया दिनेश श्रीवास्तव सहित अनेक मित्रों स्वजनों ने बधाईयां दीं।

## तिलक वंदन कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** वैश्य महासम्मेलन की स्थापना दिवस एवं चैत्र नवरात्रि हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर वैश्य महासम्मेलन नरसिंहपुर इकाई द्वारा स्थानीय सदर मढ़िया परिसर में उपस्थित जन समुदाय को तिलक वंदन कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई इस कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सुनील कोठारी, जिला महामंत्री विनीत नेमा, तहसील इकाई अध्यक्ष इंजीनियर के के सोनी, विकास नेमा एडवोकेट ,संदीप नेमा, एडवोकेट नवीन सोनी ,महिला इकाई अध्यक्ष इंजीनियर निशा सोनी, विमला नेमा,सविता अग्रवाल, पुष्पा साहू , अर्चना सोनी, शकुन नामदेव ,भारती कौरव , भारती दीक्षित , इंद्रेश कौरव ,मनीष नेमा ,आशुतोष, बसंत सोनी , संजय राय एवं बड़ी संख्या में वैश्य बंधु एवं मात्रशक्ति उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**मण्डला।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मण्डला के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीएसईबी कम्प्रेस्ड स्टेबलाइज्ड अर्थ ब्लॉक तकनीक आधारित आवास निर्माण के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने की जनसुनवाई, 215 आवेदनों का निराकरण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** नरसिंहपुर विधानसभा ही नहीं, बल्कि समस्त जिले में लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल गुरुवार को अपने नरसिंहपुर स्थित निवास पर जनसुनवाई करते है इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और सीधे तौर पर अपनी बात रखी जनसुनवाई के दौरान कुल 215 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजा गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, पेंशन एवं अन्य शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि जनता के प्रिय मुन्ना भैया जालम सिंह पटेल का आमजन से सीधा जुड़ाव ही उनकी लोकप्रियता का मुख्य आधार है। लोग बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखते हैं और वे भी सहजता के साथ उनके समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके हर गुरुवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में जिले के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं। यह पहल न केवल आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान का मंच प्रदान कर रही है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी भी ला रही है। क्षेत्रवासियों ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया ।

## विक्रम संवत सृष्टि आरंभ दिवस है, जो भारतीय संस्कृति इतिहास और परंपरा से ओतप्रोत है

### जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में आयोजित हुआ सूर्य उपासना दिवस का कार्यक्रम

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में गुरूवार को नरसिंह मंदिर परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर भगवान सूर्य देव को अर्घ्य देकर उनकी उपासना तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे समूचा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में ऋतु रंगशाला नरसिंहपुर द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित 'वेताल पच्चीसी' कथा का आकर्षक नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। अतिथियों ने कलाकारों का शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रम संवत 2083 पर भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं परंपरा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिकता एवं वैज्ञानिकता का समन्वय है, जो मानव जीवन को संतुलित बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने बताया कि आज से विक्रम संवत का शुभारंभ होता है। चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर माँ भगवती की आराधना के साथ प्रकृति में भी नवपरिवर्तन दृष्टिगोचर होता है। इस कालखंड में नई फसलों का आगमन, वृक्षों में नई पत्तियों का विकास तथा ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ जीवन में परिवर्तन एवं ऊर्जा के संचार का प्रतीक है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी नागरिकों से आव्हान किया कि वे इस पावन अवसर पर अपने विचार, आचरण एवं जीवनशैली में शुद्धता एवं सकारात्मक विचारों को अपनाएं। साथ ही अपने हृदय में श्रेष्ठ गुणों का विकास कर व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में चेतना एवं प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें। पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने विक्रम संवत 2083 की



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्ति एवं साधना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के इस अवसर पर सभी को सुख, शांति एवं समृद्धि का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने खानपान एवं आचार-विचार को ऋतु एवं मौसम के अनुरूप अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली का अनुसरण करें। श्री पटेल ने सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर ने कहा कि आज का दिन चैत्र वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ का अत्यंत पावन अवसर है। इस दिन हम माँ दुर्गा की भक्ति, श्रद्धा एवं आस्था के साथ आराधना करते हैं। उन्होंने बताया कि विक्रम संवत ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, जो प्रकृति में नवजीवन, नवोत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार करता है। इस अवसर पर किसान नई फसलों की प्राप्ति के साथ अपने जीवन में सुख, समृद्धि एवं उन्नति की दिशा में नए अध्याय का शुभारंभ करते हैं। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि नववर्ष हम सभी के लिए उत्साह, सुख-शांति एवं वैभव का संदेश लेकर आता है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस पावन अवसर पर सकारात्मक सोच, नवचेतना और ऊर्जा के साथ अपने जीवन व समाज के विकास में योगदान दें। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर श्री नीरज दुबे ने विक्रम संवत 2083 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, नवचेतना एवं आध्यात्मिक उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि यह विक्रम संवत 2083 हम सभी के लिए नई ऊर्जा, उत्साह एवं सकारात्मकता का संदेश लेकर आया है।

## संबल योजना और मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कल्याण मंडल अंतर्गत श्रमिकों की ई-केवायसी अनिवार्य

नरसिंहपुर। स्वतंत्र मत

श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत और मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों की ई-केवायसी करना अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवायसी के माध्यम से श्रमिकों की पहचान एवं पात्रता का सत्यापन किया जाएगा, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके। जिन श्रमिकों द्वारा अभी तक अपना ई-केवायसी नहीं कराया है, वे शीघ्र ही नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क अथवा संबंधित कार्यालय में जाकर अपना ई-केवायसी पूर्ण कराएं। निर्धारित समय सीमा में ई-केवायसी नहीं कराने की स्थिति में श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा हो सकती है। श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ने सभी पात्र श्रमिकों से आग्रह किया है कि वे इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए समय पर अपना ई-केवायसी अवश्य पूर्ण कराएं।

## सिंगरी नदी के बाबाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

### जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में गतिविधियां आयोजित की गई



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ किया। इसी क्रम में विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में जिला मुख्यालय नरसिंहपुर स्थित सींगरी नदी के बाबाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू वार्ड, गांधी वार्ड एवं राजीव वार्ड के वार्ड विकास प्रस्फुटन समितियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, नदी एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जल कलश पूजन, सूर्य उपासना एवं अर्घ्य अर्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर सूर्य ध्वज की स्थापना की गई। धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ प्रकृति संरक्षण का यह संगम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। अभियान के अंतर्गत नदी तट की स्वच्छता, पौधारोपण, जल संरचनाओं के निर्माण, कंटूर ट्रेंच निर्माण एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान जल कलश यात्रा निकाली गई और सभी को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा, विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक, श्री प्रतीक दुबे, वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, बाल कल्याण समिति नरसिंहपुर के अध्यक्ष श्री शिव कुमार रैकवार सहित नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर सुदर्शन जनकल्याण समिति बम्होरी, जय ज्वाला शिक्षा प्रचार-प्रसार समिति, वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति गांधी वार्ड एवं बाबाघाट पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रभावी जनजागरूकता का संदेश दिया गया। सामुदायिक सहभागिता से संपन्न इस आयोजन ने नागरिकों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु प्रेरित करते हुए नवसंवत्सर पर एक सकारात्मक सामाजिक वातावरण का निर्माण किया।



## ईदगाह में होगी ईद उल फितर की सामूहिक नमाज

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** रमजान में मुस्लिम समुदाय ने रोजा रखकर नमाज पढ़कर तिलावत कर रब को याद कर दुआएं मांगी । रमजान में काफी खुशनुमा माहौल रहा सभी लोग नमाज रोजा इबादत में मशगूल रहे और नेक काम कर नेकिया कमाते रहे रमजान के आखरी अलविदा जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों का जन सैलाब नजर आया । हजारों लोगों में जुमा की नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया । जामा मस्जिद में भारी संख्या में मुस्लिम भाईयो ने नमाज अदा की । नमाज के पहले हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब ने तकरीर करते हुए सरकार मोहम्मद मुस्तफा की सुन्नतों पर अमल करते हुए नेक काम करने की हिदायत दी। दुआ के दौरान अहले वतन की खुशहाली तरक्की अमन शांति की दुआ की गई ।

जुमा की नमाज में फैजाने मदीना मस्जिद, छोटी मस्जिद में नमाज अदा की गई , जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान ने बताया कि आज 21 मार्च को ईद उल फितर मीठी ईद की नमाज राजीव वार्ड स्थित ईदगाह सुबह 8.30 बजे, जामा मस्जिद शुक्रवारा बाजार में सुबह 9 बजे, छोटी मस्जिद पानी की टंकी पर सुबह 9 बजे, फैजान ए मदीना मस्जिद बड़ेवली सुबह 9.30 बजे नमाज होगी । ईदगाह में सामूहिक रूप से ईद की नमाज हाफिज व कारी जुबेर आलम द्वारा पढ़ाई जाएगी । मस्जिद के आसपास व शुक्रवारा बाजार में ईद की सेवइयां एवं पकवान की दुकानें जमकर खरीददारी हुई कपड़ो की दुकानों पर भी भारी भीड़ देखने को मिली । ईद का चांद नजर आने के बाद मस्जिदों में यहतकाफ पर बैठे हुए लोगों को फूल माला पहनाकर उन्हें जुलूस की शक्ल में उनके घर तक रुखसत किया गया ।

## महाकौशल क्षेत्रीय गहोई सभा का भव्य आयोजन गाडरवारा में हुआ सम्पन्न



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

विगत दिवस महा कौशल क्षेत्रीय गहोई सभा के पदाधिकारियों के मनोनयन उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन कोचर रिसोर्ट में स्थानीय गहोई समाज द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई समाज के अध्यक्ष सुनील सोनी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरोल्या ( डल्लू भैया) तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सांवला, गहोई महासभा के वरिष्ठ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सेठ, महासभा के मंत्री अमरचंद कठल, नवयुवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लकी नोगरैया, महाकौशल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष शिवकुमार नीखरा, मध्य मालवा क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सोनी, चंवल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष राजीव सेठ, महासभा के विकास मंत्री रामगोपाल ददरया, संयुक्त मंत्री सौरभ नीखरा , चित्रकूट भवन के प्रबंधक श्री प्रेम नारायण लहरिया, परिवार समन्वय प्रकल्प के अध्यक्ष राधेलाल गेड़ा आदि की उपस्थिति में किया गया।

इस मौके पर महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बी पी गुप्ता , वरिष्ठ संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद कठल, नवयुवक मंडल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत तपा, देव राधाबल्लभ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री घनश्याम सराबगी, रमन सेठ एवं महिला मंडल महासभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा ददरया, महाकौशल की पूर्व महिला अध्यक्ष श्रीमति सीता सरावगी व श्रीमति कृष्णा सरावगी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम का संचालन महाकौशल के पूर्व वरिष्ठ संघ के मंत्री जगदीश बरसैया एवं सतीश सेठ जबलपुर, अवधेश रुसिया द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन, माँ सरस्वती पूजन एवं सूर्य आराधना के उपरांत किया गया।

तत्पश्चात सभी मंचासीन पदाधिकरियों एवं समस्त गहोई समाज की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वजगीत का गायन हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति गाडरवारा महिला मंडल द्वारा की गई । मंचासीन अतिथियों का स्वागत तिलक, माला, शाल-श्रीफल से स्थानीय गहोई समाज वरिष्ठ एवं स्थानीय गहोई समाज पंचायत व देव राधाबल्लभ मंदिर ट्रस्ट , महिला मंडल , नवयुवक मण्डलनके पदाधिकारी द्वारा किया गया ।

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-6 सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार अभिलेख दुरुस्ती की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 2/4/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/54 | 1500 वर्गफुट | सुमित कुमार नाबा. वल्द रमेशचंद वली मां श्रीमति राजकुमारी जैन सा. कंदेली | सुमित कुमार जैन आ. रमेशचंद जैन निवासी आनंद नगर रामवार्ड कंदेली |

आज दिनांक 12/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर



# किसानों और लाडली बहनों के साथ छल कर रही प्रदेश सरकार

## पिपरिया बाकल में वीरांगना के बलिदान दिवस पर सरकार पर बरसे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

कटनी (स्वतंत्रमत)।

समीपी ग्राम पिपरिया में वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर आयोजित मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 97 प्रतिशत किसान कर्ज में डूबे हुए हैं और वर्तमान सरकार केवल खुद को किसान हितैषी बताती है, जबकि जमीनी स्तर पर किसान खाद और बीज जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि तीन हजार रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन केवल पंद्रह सौ रुपये ही दिए जा रहे हैं। सरकार लाडली बहनों और किसानों के साथ छलावा कर रही है। उन्होंने जनता से समर्थन मांगते हुए भरोसा दिलाया कि यदि उनकी सरकार बनती है तो हर संकट में वे किसानों और आम जनता के साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कांग्रेस प्रवक्ता साधना भारती ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी पार्टी शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोधी समाज के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि जबलपुर रेलवे स्टेशन का नाम वीरांगना रानी अवंती बाई के नाम पर रखने की मांग की जा रही है। इस दौरान



उन्होंने आगामी चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस को सत्ता में लाना है तो खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में ओबीसी प्रत्याशी उतारना जरूरी होगा। उन्होंने लोधी समाज से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि जनता के विश्वास के चलते उनके कार्यकाल में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए केवल आरक्षण ही नहीं, बल्कि शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज शिक्षित और संगठित नहीं होगा, तब तक समृद्धि की कल्पना अधूरी रहेगी। कार्यक्रम संयोजक ओबीसी महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह लोधी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में दलित और पिछड़े वर्गों का शोषण हो रहा है। उन्होंने संविधान में संशोधन कर ओबीसी वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने की मांग की। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से 1857 की क्रांति की वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे और सामाजिक एकता व अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

### दो घंटे रुककर रबाना हुए पीसीसी चीफ

पिपरिया वाकल में आयोजित वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा अनावरण समारोह में हेलीकाप्टर से पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती पूर्व विधायक सौरभ सिंह ओवीसी प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिह लोधी सहित जनप्रतिनिधियो ने पिपरिया पहुंचर सर्वप्रथम अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण पूजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तत्पश्चात विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जहां आयोजन समिति द्वारा अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, साधना भारती, प्रवक्ता राष्ट्रीय कांग्रेस पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह, कार्यक्रम संयोजक प्रदेश अध्यक्ष ओवीसी महासभा राकेश सिंह लोधी, धर्मेन्द्र कुछवाहा, अजय गोटिया, विधायक वहरूवापू, छत्तर सिह, सरपंच पान बाई लोधी, जनपद अध्यक्ष लाल कमल वंशल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, व्रजविहारी पटेल, अंशु मिश्रा, युकां जिलाध्यक्ष एनएसयू आर से अजय खटीक, गिरधारी लाल पटैल, डॉ. के एल जैन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोश पटेल, नरेन्द्र सैनी, पूर्व विधायक निशिथ पटैल, नीरज पटेल, पूर्णेन्द्र पटेल, जाहर सिंह पटेल, कैलाश महतो कार्यक्रम के आयोजक राजेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संयुक्त संचालन गोविन्द पटेल, गंगाराम पटेल, डॉ. नारायण पटेल द्वारा किया गया।

## बारडोली साहित्य उत्सव में जुट रहे हैं देश के वरिष्ठ साहित्यकार

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** देश के वरिष्ठ साहित्यकार आगामी 23 मार्च सोमवार को शहीद दिवस पर कटनी में आयोजित बारडोली साहित्य उत्सव में व्याख्या, कहानी एवं कविता पाठ में सहभागिता के लिए पधार रहे हैं। म.प्र. साहित्य सम्मेलन एवं इंटैक कटनी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बारडोली साहित्य उत्सव का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ एवं दुबे कालोनी के मध्य स्थित भार्गव कंपाउंड में आगामी 23 मार्च शायं 4 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ लब्धप्रतिष्ठ कवि/ निबंधकार अष्टभुजा शुक्ल, कवि/ कथाकार, पूर्व आईएएस राजीव शर्मा, कवि/ कथाकार उदय प्रकाश, कहानीकार/ उपन्यासकार तरुण भटनागर, कवि/ कथाकार, देवेंद्र कुमार पाठक, सुविख्यात कहानीकार विमल चंद पांडे, वरिष्ठ नवगीतकार, राम निहोर तिवारी, कवि लोकनाथ, कवि विवेक चतुर्वेदी, कवि दीपक जायसवाल, नवगीतकार विभूति तिवारी एवं नवगीतकार इति शिवहरे की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में व्याख्यान, द्वितीय चरण में कहानी एवं तृतीय चरण में कविता पाठ संपन्न होगा। इस अवसर पर लगाए जाने वाले पुस्तक विक्रय के स्टाल में देश के वरिष्ठ एवं चर्चित लेखकों की पुस्तकें भी क्रय किए जाने हेतु उपलब्ध रहेंगी। कटनी के रचनाकार अपनी पुस्तक भी विक्रय हेतु उक्त स्टाल पर उपलब्ध करा सकते हैं।

## कटनी में वैश्य महासम्मेलन ने भक्ति और उत्साह से मनाया हिन्दू नववर्ष व गुड़ीपड़वा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश इकाई द्वारा हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 एवं गुड़ीपड़वा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ राम जानकी मंदिर, बजरंग बाल रामायण समाज, रघुनाथ गंज में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्रीराम एवं राम भक्त हनुमान जी के पूजन और आरती के साथ हुआ। पूजन प्रांतीय उपाध्यक्ष दयाशंकर कनकने एवं प्रांतीय महामंत्री सुरेश सोनी द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें पूजन विधि नंदू खंताल द्वारा कराई गई। इस अवसर पर दयाशंकर कनकने ने संगठन की महत्ता एवं वैश्य समाज की एकजुटता पर प्रकाश डाला। वहीं प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी ने बजरंग बाल रामायण समाज के 88 वर्षों के भक्ति और संघर्षपूर्ण इतिहास की सराहना करते हुए कहा कि वैश्य समाज सदैव सनातन संस्कृति की रक्षा एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नवीन गुप्ता ने किया। जिला युवा अध्यक्ष हितेश बिलैया ने उपस्थित जनों को हिन्दू नववर्ष के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला यह नववर्ष वसंत ऋतु के आगमन और प्रकृति में नवजीवन का प्रतीक है। उन्होंने सभी को विक्रम संवत 2083 की शुभकामनाएं भी दीं।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर कनकने, महिला जिला प्रभारी जयंती खंताल, महिला जिला महामंत्री शालिनी सोनी, युवा जिला प्रभारी अग्रज लहरिया, युवा जिला अध्यक्ष हितेश बिलैया सहित वैश्य महासम्मेलन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। राधा बिहारी रामायण मंडल की बहनों– रेखा बिजपुरिया, आशा सुहाने, प्रीति खंडेलवाल, रश्मि बरसैया, अंजली सोनी, नीतू, सुमन सेठिया, प्रतिभा बिलैया, रंजीता गुप्ता ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही नंदू भैया, साधना दीदी एवं उनकी टीम ने भी भक्ति संगीत से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैश्य समाज के बंधु, मातृशक्ति एवं युवा उपस्थित रहे। अंत में भजनों के साथ प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री नवीन कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

## भव्यता से मना वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** रानी अवंती बाई लोधी का 168वां बलिदान दिवस बड़े ही श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अवंती बाई तिराहा बाकल में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती की प्रमुख उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए साधना भारती ने शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज के समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा कि रानी अवंती बाई ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनका संघर्ष और त्याग आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर ओबीसी महासभा के राकेश सिंह लोधी, नारायण सिंह, मनोज पटेल, काशीराम पटेल, नीरज बघेल, संतोष यादव, गोविंद पटेल, विमल सिंघई, अमान सिंह, रामकुमार सराफ, आनंद पटेल, भगत सिंह पटेल, विमल सिधई, विहारी पटेल, आर.एस. पटेल, राजेंद्र पटेल, अजय सिंह पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने मनाया नवरात्रि पर्व

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ–कटनी द्वारा चैत्रशुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष तथा चैत्र नवरात्र के अवसर पर कटनी के हृदय स्थल सुभाष चौक में तिलक लगाकर एवं दिया जलाकर मिष्ठान वितरण द्वारा पर्व मनाया गया एवं सभी उपस्थित साथियों तथा नगर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम के आयोजन में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ कटनी के गणेश शंकर गर्ग, सुरेश पांडे, शिव कुमार सोलंकी, मनीष दीक्षित सचिव, संजय अग्रवाल राज्य कर्मचारी संघ, रमाशंकर तिवारी, आजाद अध्यापक संघ, प्रदीप तिवारी, अजय चतुर्वेदी, मनीष सोनी, विनय गुप्ता, शिव गोविन्द गौतम, गणेश चौरीहा, विजेंद्र बसक, वीरेन्द्र सिंह लोधी, पुष्पराज पटैल, पीयूष त्रिपाठी एवं रोहित तिवारी सहित अन्य पदाधिकारीयो सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## जल संरक्षण पर निकाली रैली, पानी बचाने का दिया संदेश

कटनी (स्वतंत्रमत)।

बाकल जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गुरहाई तालाव प्रांगण बाकल मे जिला कलेक्टर आशीश तिवारी जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन तथा सीईओ बहोरीबंद अभिषेक कुमार राजेश चौधरी डॉ. पीयूश अग्रवाल कमलेश सेन की प्रमुख उपस्थिति मे किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्जल ही जीवन है, और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जल बचाओ, जीवन बचाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली स्थानीय गुरहाई तालाव की साफ–सफाई में



महिलाओ युवाओ ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण योजनाओं– जैसे तालाब गहरीकरण, कुओं के पुनर्जीवन तथा वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण की जानकारी दी गई।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली और दैनिक जीवन में जल की बचत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच मनोज पटेल, नारायण सिंह लोधी, गोविंद चौधरी, काशीराम पटेल, मनोज ताम्रकार, संजीव खरे, निलेश जैन, आनंद चौधरी, एपीओ मूलचंद, सिंगरौले ब्लाक समन्वयक नवीन साहू, सचिव वेडीलाल चौधरी, सहायक सचिव दीपक दुबे, राजीव पटैल, शुभम सोनी, संतोश पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

## जिला बदर का आरोपी निकला था करने तफरी, कुठला पुलिस ने लिया गिरफ्त में

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा समाज को भय मुक्त एवं निर्बाध जीवन यापन का वातावरण बनाएँ रखने एवं अपराधों में रोकथाम हेतु कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में 19 मार्च को कुठला पुलिस ने द्वारा न्यायालय जिला दण्डाधिकारी कटनी म.प्र. के आदेश जिला बदर प्रकरण क्रमांक/595/ रीकले/ 2026 13 जनवरी का उल्लंघन करते पाये से आरोपी मोनू निषाद को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी मोनू निषाद चन्द्रभान निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी पुरैनी थाना कुठला को पूर्व में जिला दण्डाधिकारी कटनी द्वारा कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा सीमावर्ती



जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं को 5 माह की अवधि के लिये बाहर जाने हेतु निष्कासित जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद आरोपी आदेश का उल्लंघन करते हुए पुन: जिले की सीमा में प्रवेश किया। 19 मार्च को मुखबिर सूचना मिली कि जिला बदर का अनावेदक मोनू निषाद चन्द्रभान निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी पुरैनी थाना कुठला का रहने वाला एफसीआई गोदाम पुरैनी के पास में खडा है जिसकी सूचना तस्दीक करने पर जो अनावेदक मोनू निषाद चन्द्रभान निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी पुरैनी थाना कुठला जिला कटनी का एफसीआई गोदाम के पास में खडा मिला जिसे कटनी में आने का कारण पूछा गया जो वैधानिक कारण या अवकाश के सम्बंध में कोई उत्तर नही दिया। जो आरोपी मोनू निषाद के द्वारा न्यायालय जिला दण्डाधिकारी कटनी म.प्र. के आदेश जिला बदर प्रकरण क्रमांक/595/ रीकले/ 2026 13 जनवरी का उल्लंघन करता पाया गया जो आरोपी मोनू निषाद को समक्ष गवाहो के गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 223(ए) बीएनएस 14 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई तथा माननीय न्यायालय पेश करने पर जेल भेज दिया गया है। मोनू निषाद चन्द्रभान निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी पुरैनी थाना कुठला जिला कटनी, थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र व उनकी टीम उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, आरक्षक अभय यादव व अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

## बसस्टैंड आडिटोरियम में विक्रमोत्सव 2026 का हो रहा भव्य आयोजन

### मुड़वारा विधायक और कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों की है मौजूदगी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सृष्टि के आरंभ दिवस और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत पर गुरुवार को यहाँ बस स्टैंड स्थित आडिटोरियम में विक्रमोत्सव 2026 का भव्य और अविस्मरणीय आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद हैं। इसके पूर्व बटुक आचार्यों ने स्वास्तिवाचन कर विक्रमोत्सव का आगाज किया।





## बस स्टेण्ड आटो से चोरी हुये बैग एवं नगद राशि का खुलासा

### 3 आरोपियों को नगदी सहित किया गिरफ्तार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को बढते अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु आदेशित किया था जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशानुसार एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के निर्देशन में चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड थाना कोतवाली उप.निरी. सिद्धार्थ राय द्वारा बस स्टेण्ड के पास आटो से चोरी हुये बैग का खुलासा 03 आरोपियो को नगदी सहित किया गिरफ्तार 09 मार्च के दोपहर करीबन 15/10 प्रार्थी उमेश नामदेव चांडक चौक से एक पीले हरे रंग का क्ङ्गङ्ख कम्पनी का आटो जिसके पीछे हिन्दी मे प्रभा और सफेद रंग के पेन्ट से 899347 क्ङ्गङ्ख 18 फरवरी २०25 लिखा था को रोका जिसमें पहले से तीन आदमी बैठे थे मे आटो में बैठ गया अज्ञात चोरो द्वारा बस स्टेण्ड के पास आटो से बैग के अन्दर रखे छोटा असामानी रंग का बैग जिसमें मेरे एसबीआई बैंक का खाता क्रमांक 53033505035 की पास बुक एवं एटीएम कार्ड, चैक बुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, आयुष्मान कार्ड व पोस्ट आफिस की पाँच पास बुक व नगद 15,000/– रूपये नहीं थे की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्र. 274/26 धारा 303(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अज्ञात आरोपियो की तलाश की गई। तलाश दौरान 18 मार्च को आरोपी बृजेश मिश्रा पिता बालमीक मिश्रा उम्र 21 वर्ष निवासी अमाहिया थाना अमहिया जिला रीवा, राजकुमार यादव पिता हीरालाल यादव उम्र 37 वर्ष निवासी बैंकट रोड संम्राट होटल के सामने थाना सिविल लाईन जिला रीवा, अज्जू उर्फ अजीजूउदीन अंसारी पिता पिता अब्दुल रऊफ अंसारी उम्र 31 वर्ष निवासी अमहिया अखाडा घाट थाना अमाहिया जिला रीवा के कब्जे से एक आटो कीमती 3,00,000/– आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक की पास बुक एवं 20,000, रु. नगद जप्त किया गया है। एक आटो कीमती 3,00,000/– नगदी 20,000/– कुल मशरुका 3,20ए000 रुपये नगद बृजेश मिश्रा पिता बालमीक मिश्रा उम्र 21 वर्ष निवासी अमाहिया थाना अमाहिया जिला रीवा, राजकुमार यादव पिता हीरालाल यादव उम्र 37 वर्ष निवासी बैंकट रोड संम्राट होटल के सामने थाना सिविल लाईन जिला रीवा, अज्जू उर्फ अजीजूउदीन अंसारी पिता पिता अब्दुल रऊफ अंसारी उम्र 31 वर्ष निवासी अमाहिया अखाडा घाट थाना अमाहिया जिला रीवा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय, उप.निरी. सिद्धार्थ राय, स.उ.नि. बाल गोविन्द प्रजापति, दीपेन्द्र शर्मा, प्र.आर. 330 सुशील पाण्डे, प्र.आर. 538 मनोज पटेल, आर. 694 अनमोल सिंह, आर. 29 मनू त्रिपाठी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

## टीईटी के विरोध में जिले भर के शिक्षकों ने सभी विकासखंडों में किया जोरदार प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

टेट संयुक्त संघर्ष समिति एवं राज्य शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिले भर के शिक्षकों ने वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर सशर्त टीईटी परीक्षा लागू किए जाने के विरोध में आज कटनी जिले के समस्त विकासखंडों एवं तहसील मुख्यालयों में एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपकर अपना प्रबल विरोध दर्ज कराया। समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में रमाशंकर तिवारी ने बताया कि कटनी, रीठी, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, बड़वारा, बरही एवं विजयराघवगढ़ सहित जिले के सभी विकासखंडों में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने उपस्थित होकर शासन के इस निर्णय के विरुद्ध संगठित रूप से आवाज उठाई। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने स्पष्ट कहा कि वर्षों से नियमित सेवा दे रहे शिक्षकों पर सेवा के लंबे समय बाद नई पात्रता शर्तें लागू करना न्यायसंगत नहीं है तथा इससे शिक्षकों में गहरी चिंता और असुरक्षा की स्थिति निर्मित हुई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष



2010 में राइट टू एजयूकेशन एक्टके प्रावधान प्रभावी हुए तथा उसी अवधि के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) प्रारंभ की गई। अत: वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर यह नियम लागू करना विधिसम्मत नहीं माना जा सकता, क्योंकि उस समय नियुक्तियां शासन एवं संविधान द्वारा निर्धारित मापदंडों, चयन प्रक्रिया तथा नियमानुसार संपन्न हुई थीं। शिक्षकों ने कहा कि नियुक्ति के समय जो नियम प्रभावी थे, उन्हीं के आधार पर उन्होंने सेवा ग्रहण की और वर्षों से शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, ऐसे में अब नई परीक्षा की अनिवार्यता थोपना शिक्षकों के अधिकारों का हनन है। समिति ने यह भी कहा कि लंबे समय से सेवा कर रहे शिक्षकों की कार्यक्षमता, अनुभव और शैक्षणिक योगदान स्वयं उनकी पात्रता का प्रमाण है। ऐसे में सशर्त परीक्षा के माध्यम से सेवा को असुरक्षित करना न केवल शिक्षकों के आत्मसम्मान के विपरीत है बल्कि शिक्षा व्यवस्था में अस्थिरता भी उत्पन्न कर सकता है। शिक्षकों ने शासन से मांग की कि टीईटी की अनिवार्यता समाप्त अथवा शिथिल की जाए, अथवा सरकार द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका प्रस्तुत कर शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित किया जाए। प्रदर्शन के दौरान विभिन्न विकासखंडों में शिक्षकों ने पूर्ण अनुशासन, एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति के साथ अपनी बात रखी। ज्ञापन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला शिक्षकों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही, जिसने आंदोलन को और अधिक प्रभावी स्वर प्रदान किया।

समिति ने आगे बताया कि 24 मार्च को जिले के समस्त शिक्षक पुन: एकजुट होकर व्यापक स्तर पर अपना विरोध दर्ज कराएंगे तथा शासन तक अपनी मांग को और अधिक मजबूती से पहुंचाएंगे। इसके लिए सभी शिक्षकों से विकासखंड एवं तहसील स्तर पर अधिकतम संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है। इस आंदोलन को राज्य कर्मचारी संघ, अधिकारी–कर्मचारी संयुक्त मोर्चा सहित कर्मचारी हितैषी विभिन्न संगठनों ने समर्थन प्रदान किया तथा इसे शिक्षक हितों की रक्षा हेतु आवश्यक कदम बताया।

# टी-20: न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर सीरीज में बनाई बढ़त



ऑकलैंड (वार्ता)।

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टॉम लैथम (नाबाद 63) की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 22 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। टॉम लैथम को उनके शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में केशव महाराज ने डेवोन कॉन्वे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेवोन कॉन्वे ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। टिम रॉबिन्सन 17 रन बनाकर 17वें ओवर की पहली गेंद पर पगबाधा आउट हुये। उन्हें लुथो सिपामला ने आउट किया। टॉम लैथम ने 55 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली। यह टी-20 में लैथम का चौथा अर्धशतक है। लैथम को 27 के स्कोर पर जीवनदान मिला था, जब डियान फॉरेस्टर ने एक आसान सा कैच टपका दिया। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवरों में दो विकेट पर 137 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया।

उल्लेखनीय है कि यह डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के लिए इस सीरीज का आखिरी मैच है, बाकी दो मैचों में इन तीनों खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में तीन छक्के और एक चौका भी लगाया। जॉर्ज लिंडे ने 19 गेंदों में (23), डियन फॉरेस्टर (17), गेराल्ड कोएत्जी ने (16) तथा टोनी डी जॉर्जी और कॉनर एस्टरहुइजन (15-15) रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स ने दो-दो विकेट लिये। लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, जेम्स नीशम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# रिधिमा ने 2026 का तीसरा खिताब जीता



**नोएडा (वार्ता)।** रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत (बोगी -बोगी) के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरा राउंड 71 के स्कोर के साथ पूरा किया और जेपी विशटाउन गोल्फ कोर्स में हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर के छठे चरण में जैस्मिन शेखर को पीछे छोड़ दिया। पर -71 लेआउट पर खेलते हुए, रिधिमा, जो फाइनल राउंड की शुरुआत में जैस्मिन से तीन शॉट पीछे थीं, सिर्फ दो होल के बाद पांच शॉट पीछे हो गई थीं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी बनाईं और कोई बोगी नहीं की, जबकि जैस्मिन ने 4-ओवर 75 का स्कोर बनाया, जिसका अंत एक बोगी के साथ हुआ। जब जैस्मिन और रिधिमा 18वें टी पर पहुंचीं, तो वे इवन पार पर बराबरी पर थीं। रिधिमा ने पार किया, लेकिन जैस्मिन ने बोगी मार दी, जिससे रिधिमा को पिछले पांच इवेंट्स में अपनी तीसरी जीत मिली। रिधिमा ने दूसरा और चौथा चरण जीता था और अब उन्होंने छठा चरण भी अपने नाम कर लिया है, जिससे वह हीरो आर्डर ऑफ़ मेरिट में शीर्ष पर बनी हुई हैं। जैस्मिन के लिए, जिन्होंने इस सीज़न का पहला चरण जीता था, यह लगातार दूसरा मौका था जब वह दूसरे स्थान पर रहीं। अब तक हुए छह चरण में से, रिधिमा ने तीन जीते हैं, जबकि जैस्मिन और त्वेसा मलिक ने एक-एक जीता है और एमेच्योर खिलाड़ी लावण्या गुप्ता ने पांचवां चरण जीता है। जहां रिधिमा की शुरुआत खराब रही, लेकिन उसके बाद उनका खेल काफी सहज रहा, वहीं जैस्मिन का राउंड उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्होंने बोगी-बर्डी के साथ शुरुआत की, फिर पांचवें होल पर बोगी और छठे होल पर डबल बोगी कर दी। नौवें होल पर एक बर्डी का मतलब था कि वह 2-ओवर 38 के स्कोर के साथ हाफ-वे मार्क पर पहुंचीं। बैक नाइन में, उन्होंने 13वें होल पर बोगी की और प्ले-ऑफ में जाने के लिए उन्हें 18वें होल पर पार करने की जरूरत थी। लेकिन उन्होंने एक शॉट गंवा दिया और 1-ओवर 214 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गईं। इस प्रतियोगिता में कुल 53 खिलाड़ियों ने शुरुआत की और 34 खिलाड़ियों ने कट (अगले दौर में जगह) बनाई; इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 17 लाख रुपये थी। रिधिमा 9,91,667 रुपये की कमाई के साथ ऑर्डर ऑफ़ मेरिट में शीर्ष पर हैं, जबकि जैस्मिन शेखर 7,38,333 रुपये की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अमनदीप द्राल 5,84,000 रुपये के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## पैर की चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हुए जैक एडवर्ड्स



**हैदराबाद (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर की चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। 25 वर्षीय एडवर्ड्स को नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 3 करोड़ रूपये में ख़रीदा था। इस सीजन में वह अपना आईपीएल डेब्यू कर सकते थे, जिसके लिए उन्हें अब इंतज़ार करना होगा। वह 2025 की नीलामी में साइन किए जाने वाले इकलौते अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी थे। एडवर्ड्स का बीबीएल 2025-26 सीजन काफ़ी अच्छा रहा था, जिसमें उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए थे और 133 रन भी बनाए थे। उन्होंने सिक्सर्स के बीबीएल फ़ाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स से हारने के चार दिन बाद पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ़ टी20 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया, लेकिन यह प्रदर्शन यादग़ार नहीं रहा।

उन्होंने दो ओवर में 25 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया और छह गेंदों में सिर्फ़ 5 रन बना पाए। तब से उन्होंने अपनी राज्य की टीम न्यू साउथ वेल्स के लिए दो शेफ़ील्ड शील्ड मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच गुरुवार को ही समाप्त हुआ। यह एसआरएच के लिए एक और बड़ा झटका है, क्योंकि उनके नियमित कप्तान पैट कमिंस भी लंबर स्ट्रेस समस्या से उबर रहे हैं और सीजन की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे। उनकी गैरमौजूदगी में ईशान किशन कप्तानी संभालेंगे। एडवर्ड्स की चोट ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज़ों की चोटों की बढ़ती सूची में एक और नाम जोड़ती है। कमिंस के अलावा जॉश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और नेथन एलिस चोटों के कारण आईपीएल में आंशिक या पूरी तरह से नहीं खेल पाएंगे। एसआरएच, 28 मार्च को बेंगलुरु में सीजन के पहले मैच में हिस्सा लेगी, जहां उनका मुक़ाबला मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया

ऑकलैंड (वार्ता)।




सोफी डिवाइन (दो विकेट/नाबाद 55) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में आठ गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18.4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (चार) और इजाबेला गेज (17) के विकेट जल्द ही गंवा दिये थे। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर और सोफी डिवाइन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में नॉनकुलुलेको म्लाबा ने अमेलिया केर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अमेलिया केर ने 28 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रन बनाये। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रूक हॉलिडे (दो) रनआउट हुई। मैडी ग्रीन ने सोफी डिवाइन के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। सोफी डिवाइन ने 38 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं मैडी ग्रीन ने 25 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एनेरी डर्कसेन, अयंदा ह्लुबी और एन म्लाबा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया।

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। ताजमिन ब्रिट्स (शून्य) और सुने लुस (तीन) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने टीम के लिए सर्वाधिक 37 रन बनाये। इसके अलावा एनेरी डर्कसेन ने 18 गेंदों में (27) और क्लोई ट्रायोन (15) रन बनाकर आउट हुई। कायला रेनेके ने 20 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के लिए सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स ने दो-दो विकेट लिये। जेस केर और रोजमेरी मेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## चोट की आशंका के चलते आईपीएल 2026 से सैम करन का बाहर होना तय



**जयपुर (वार्ता)।** आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले ही राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को बड़ा झटका लगा है क्योंकि ग्रोइन में चोट की आशंका के चलते सैम करन का पूरे आईपीएल सीजन से बाहर होना तय माना जा रहा है। करन ने पिछला मुक़ाबला 5 मार्च 2026 को भारत के ख़िलाफ टी20 विश्व कप 2026 का सेमीफ़ाइनल खेला था, जिसमें इंग्लैंड को हार मिली थी। पिछले साल नवंबर में सीएसके से आरआर ने करन को ट्रेड के ज़रिए अपने दल में शामिल किया था और वह पहली बार इस फ्रेंचाइजी के लिए खेलने वाले थे। विकेटकीपर बल्लेबाज़ संजू सैमसन के बदले में आरआर ने सीएसके से रवींद्र जडेजा और करन को अपने साथ जोड़ा था। करन ने 2019 में पंजाब किंग्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और आरआर तीसरी टीम होती जिनके लिए वह आईपीएल खेलते। 2020 और 2021 में सीएसके के लिए खेलने के बाद करन को पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ में अपने दल में शामिल किया था और वह उस समय लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बने थे। 2024 में करन ने पंजाब किंग्स के लिए ही खेला लेकिन 2025 में सीएसके ने 2.4 करोड़ में नीलामी में खरीद लिया। पिछले सीजन करन ने पांच मुक़ाबलों में 114 रन बनाए और वह एक ही विकेट हासिल कर पाए। फ़िलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि आरआर करन की जगह किस खिलाड़ी को अपने दल में शामिल करेगा लेकिन पता चला है कि फ़्रैंचाइज़ी ने कुछ विकल्पों पर विचार किया है। जडेजा के अलावा आरआर के पास डोनावन फ़रेरा के रूप में एक अन्य ऑलराउंडर है - एक पावर हिटर जो कि तेज ऑफ स्पिन भी कर सकता है। जडेजा और करन की तरह ही फरेरा को भी आरआर ने ट्रेड के जरिए ही दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से उनके एक करोड़ के बेस प्राइस में अपने दल में शामिल किया था।

# आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन फरवरी में 2.3 प्रतिशत बढ़ा



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश के आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में गत फरवरी में सालाना 2.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी, जो तीन महीने का निचला स्तर है। पिछले साल फरवरी में आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.4 प्रतिशत और इस साल जनवरी में 4.7 प्रतिशत बढ़ा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में सीमेंट और इस्पात उत्पादन में बड़ी वृद्धि देखी गयी है, जबकि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही। एक साल पहले की तुलना में फरवरी में सीमेंट का उत्पादन 9.3 प्रतिशत और इस्पात का 7.2 प्रतिशत बढ़ गया। उर्वरक उत्पादन में 3.4 फीसदी और कोयला उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि रही। बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। कच्चे तेल के उत्पादन में 5.2 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में पांच प्रतिशत की गिरावट रही। रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी।

चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अप्रैल से फरवरी के बीच औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में यह आंकड़ा 4.4 प्रतिशत रहा था। इस्पात उत्पादन 9.7 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 9.2 प्रतिशत बढ़ा। पहले 11 महीने में उर्वरक उत्पादन में दो प्रतिशत और बिजली में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 3.5 प्रतिशत और कच्चे तेल में 2.5 प्रतिशत की गिरावट रही। रिफाइनरी उत्पादों में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। कोयला उत्पादन वित्त वर्ष में अब तक स्थिर रहा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 7.052 अरब डॉलर घटा

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट के कारण देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.052 अरब डॉलर घटकर 709.759 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार दो सप्ताह में 18.735 अरब डॉलर घट चुका है। इससे पहले, 06 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 7.678 अरब डॉलर घटकर 555.568 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा, जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड शामिल हैं। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार 66.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 130.681 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 2.3 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.814 अरब डॉलर और 18.697 अरब डॉलर पर आ गया।

# चावल, गेहूं मजबूत, चीनी नरम- दालों, तेलों में घट-बढ़



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गयी। चावल के साथ गेहूं में भी मजबूती रही जबकि चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 49 रुपये बढ़कर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 36 रुपये महंगा हुआ और 2,818 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 31 रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये और मसूर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मूंग दाल 41 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 65.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 267 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। मूंगफली तेल 127 रुपये और वनस्पति 125 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 96 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 160 रुपये और सरसों तेल 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।

मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं, चीनी 11 रुपये सस्ती हुई।दाल चना 7706.90 रुपये, मसूर काली 8050.22 रुपये, मूंग दाल 10170.28 रुपये, उड़द दाल 10788.40 रुपये, तुअर दाल 11211.20 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2817.64 रुपये और चावल 3837.36 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3306.62 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी एस 4302.52 रुपये और गुड़ 5002.03 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17664.05 रुपये, मूंगफली तेल 18609.24 रुपये, सूरजमुखी तेल 17086.45 रुपये, सोया तेल 14407.61 रुपये, पाम ऑयल 13096.44 रुपये और वनस्पति 14593.03 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बंद खनन ब्लॉकों पर उठाये सवाल




नयी दिल्ली (वार्ता)।

खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने पिछले 10 साल में आवंटित 85 प्रतिशत खनन ब्लॉक के बंद होने पर चिंता जतायी है। श्री अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 10 वर्षों में नीलाम किये गये करीब 85 प्रतिशत खनन ब्लॉक आज भी चालू नहीं हो पाये हैं। इस दौरान कुल 592 ब्लॉक नीलाम किये गये जिनमें से केवल 82 ही उत्पादन कर रहे हैं, जो एक बड़ी चुनौती की ओर इशारा करता है।

वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच उन्होंने ऊर्जा और खनिज सुरक्षा पर जोर दिया और नीलामी के बाद खदानों को जल्द चालू करने की प्रक्रिया तेज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि अधिग्रहण में तकनीक आधारित सीधे भुगतान की व्यवस्था, मंजूरी प्रक्रियाओं को सरल बनाना और प्रीमियम की सीमा 60 प्रतिशत तक तय करना जरूरी है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि देश के करीब 400 अरब डॉलर के आयात बिल में से लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा प्राकृतिक संसाधनों के आयात पर खर्च होता है। इससे देश में रोजगार सृजन की संभावनाएं कम हो रही हैं और नौकरियां विदेशों में पैदा हो रही हैं। उन्होंने इस स्थिति के लिए भूमि अधिग्रहण में दिक्कतों, पर्यावरण और वन मंजूरी में देरी तथा कुछ खदानों पर बहुत अधिक प्रीमियम को जिम्मेदार ठहराया। वेदांता के चेयरमैन ने कहा कि भारत के पास खनिज, धातु और हाइड्रोकार्बन के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनने की बड़ी संभावना है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं, खासकर महिलाओं के लिए।



## रुपया 64 पैसे लुढ़का पहली बार, 93 प्रति डॉलर के पार

मुंबई (वार्ता)।

अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 64.50 रुपये प्रति डॉलर टूटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 93.5350 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज तीन पैसे की गिरावट में 92.92 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 92.88 रुपये प्रति डॉलर और नीचे 93.7550 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

# शेयर बाजारों में आई तेजी सेंसेक्स 326 अंक मजबूत



**मुंबई (वार्ता)।** पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में कम कीमतों पर हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत ऊपर 23,114.50 अंक पर पहुंच गया। बाजार में गुरुवार को भारी बिकवाली देखी गयी थी और दोनों सूचकांक सवा तीन प्रतिशत के करीब टूटे थे। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,079 अंक चढ़ गया था, लेकिन बाद में इसकी तेजी सीमित रह गयी। मझौली और छोटी कंपनियों में भी आज तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.09 प्रतिशत चढ़ा। आईटी, सरकारी बैंकों, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य और ऑटो सेक्टरों में अच्छी मजबूती रही। बैंकिंग, निजी बैंक, रियलटी और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक गिर गये। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इंफोसिस, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच मजबूत हुए। टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी ऊपर रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर लगभग ढाई प्रतिशत टूट गया। बीईएल में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिर गये।

# सिंहस्थ में दुनिया देखेगी सनातन संस्कृति का वैभव : डॉ. यादव

## पार्श्व गायक विशाल मिश्रा की प्रस्तुति, ड्रोन शो, लेजर शो और भव्य आतिशबाजी ने बांधा समां

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार्मिक नगरी उज्जैन का परमात्मा ने भाग्य विशेष रूप से लिखा है। जो भी व्यक्ति एक बार उज्जैन आता है, उसका जीवन संवर जाता है। मां शिप्रा के पावन तट पर बसी यह नगरी अनादि काल से अस्तित्व में है और हर युग में इसकी महिमा अक्षुण्ण रही है। उज्जैन, जिसे प्राचीन काल में अवंतिका और उज्जयिनी के नाम से जाना जाता था, 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री महाकालेश्वर का धाम है। वर्षप्रतिपदा के इस विशेष दिन विक्रम संवत 2083 के आगमन का उल्लास पूरे शहर में देखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को विक्रमोत्सव-2026 अंतर्गत उज्जैन के राम घाट पर आयोजित सृष्टि आरंभ उत्सव का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज जब दुनिया आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग युद्ध में कर रही है, वहीं ड्रोन तकनीक उज्जैन में देवी-देवताओं की झलक आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रही है। यह सनातन संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति का प्रतीक है। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उज्जैन के महान सम्राट विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांताओं को परास्त कर राष्ट्र की रक्षा की और सुशासन की मिसाल कायम की। उनका 32 पुतलियों वाला सिंहासन, नवरत्नों की विद्वता, वीरता और दानशीलता आज भी प्रेरणा का स्रोत है। आज विक्रमादित्य की इसी गौरवगाथा को पुनर्जीवित करते हुए पूरे प्रदेश में विक्रमोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव न केवल संस्कृति का उत्सव है, बल्कि सुशासन और प्रशासनिक आदर्शों की पुनर्स्थापना का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार का सिंहस्थ अभूतपूर्व और ऐतिहासिक होने वाला है। उज्जैन को जोड़ने वाले सभी मार्गों को फोरलेन और सिक्सलेन बनाया जा रहा है, वहीं मां शिप्रा के तट पर



लगभग 30 किलोमीटर लंबे नवीन घाट विकसित किए जा रहे हैं।

### उज्जैन को नई ऊंचाई देने का प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन को व्यापार और उद्योग की दृष्टि से भी विकसित किया जा रहा है। विक्रम उद्योगपुरी, मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 12,500 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र पूर्ण रूप से विकसित हो चुका है और अतिरिक्त 5 हजार एकड़ क्षेत्र में नया पार्क तैयार किया जा रहा है। साथ ही नए एयरपोर्ट और हेलीकॉप्टर सेवाओं की योजना से धार्मिक तीर्थाटन को नई ऊंचाई देने का प्रयास है। आने वाले समय में उज्जैन न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक, औद्योगिक और वैश्विक पहचान का केंद्र बनेगा। जब 2028 में सिंहस्थ का विराट स्वरूप दुनिया के सामने आएगा, तब पूरी दुनिया सनातन संस्कृति का वैभव देखेंगी।

### विशाल मिश्रा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, सृष्टि आरम्भ उत्सव के पावन अवसर पर धर्मनगरी उज्जैन में भव्य और आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिप्रा तट स्थित रामघाट,दत्त अखाड़ा घाट पर आयोजित इस महोत्सव में आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। इसके बाद प्रसिद्ध पार्श्व गायक विशाल मिश्रा ने अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने संगीत का आनंद लिया और नववर्ष का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। गुड़ी पड़वा, जिसे हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ का प्रतीक माना जाता है, से पूरे शहर में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

### आतिशबाजी से आकाश को भर दिया रोशनी और रंगों से

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य ड्रोन-शो, लेजर-शो और आकर्षक आतिशबाजी रही, जिसने शिप्रा तट के आकाश को रोशनी और रंगों से भर दिया। ड्रोन-शो के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक संदेशों का मनोहारी प्रदर्शन किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह अभिभूत हो उठा।

### विभिन्न साहित्य का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ का विक्रम पंचांग 2083, संस्कृति संचालनालय का कला पंचांग, बिमल कृष्ण दास की 84 महादेव, रामस्वरूप दास की ओरछाधीश, वीर भारत न्यास के महर्षि अत्रि, महर्षि अंगिरा, धनवंतरी, महर्षि अगस्त्य, भरत मुनि के भारत निधि मोनोग्राफ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ की अष्टावक्र गीता, नारद गीता, ब्राह्मण गीता, गर्भ गीता, उत्तर गीता का विमोचन किया। विक्रमोत्सव अंतर्गत आयोजित सृष्टि आरम्भ उत्सव ने धार्मिक आस्था के साथ संगीत, संस्कृति और तकनीक के संगम के रूप में उज्जैन को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान प्रदान की। सृष्टि आरम्भ उत्सव ने उज्जैन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आस्था और आधुनिक आयोजन क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज,विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा,महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, विक्रमादित्य शोधपीठ निदेशक डॉ. श्रीराम तिवारी, संजय अग्रवाल, राजेश धाकड़,राजेश कुशवाह, नरेश शर्मा, राजेंद्र भारती और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# अखंड भारत का सपना जागृत रखता है चेटीचंड पर्वः डॉ. यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चेटीचंड का पर्व अखंड भारत की याद दिलाता है और भारतीयों के हृदय में अखंड भारत का सपना जागृत रखता है। सामाजिक उत्सवों से एक दूसरे के प्रति प्रेम और आत्मीयता बढ़ती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य को उनकी वीरता, न्यायप्रियता और दानशीलता के लिए याद किया उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य से प्रेरित होकर शासन उन गुणों को आत्मसात कर सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के टावर चौक पर चेटीचंड महापर्व पर आयोजित सिंधी समाज के चल समरोह का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत 2083 में बाबा श्री महाकाल की नगरी से देश एवं प्रदेशवासियों को चेटीचंड के महापर्व की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश, प्रदेश विकास के नवीन आयाम स्थापित कर रहा है। सिंहस्थ 2028 के लिए सरकार नवीन विकास के कार्य कर रही है। सभी गणमान्य नागरिक भी विकास कार्यों में अपना योगदान दे रहे है। आगामी सिंहस्थ के दिव्य आयोजन से प्रदेश और उज्जैन की वैश्विक पटल पर नवीन पहचान स्थापित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवा ध्वज लहराकर चल समारोह का शुभारंभ किया। रैली में विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद और एक्ट्रेस जयाप्रदा, मशहूर एक्टर आफताब शिवदासानी, तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम गोली उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, संजय अग्रवाल, महेश पारियानी, डॉ. जितेंद्र जेठवानी और बड़ी संख्या में सिंधी समाजगण उपस्थित रहे।

**भगवा ध्वज लहराकर चेटीचंड महापर्व पर सिंधी समाज के चल समरोह का किया शुभारंभ**

---

# विश्व गौरैया दिवस पर संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल (वार्ता)।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय भोपाल में गौरैया संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय भोपाल, भोपाल बर्ड्स कंजर्वेशन सोसाइटी, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं व्ही.एन.एस. नेचर सेवियर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप नंदी ने घरेलू गौरैया का जीवन विषय पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में देशभर के 24 फोटोग्राफरों के 36 छायाचित्र प्रदर्शित किए गए, जिनमें गौरैया के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। इस अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें अर्चित बनवडीकर को प्रथम, प्रीति अत्रे को द्वितीय और अनामिका मिश्रा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। दीपक यादव और सुशील कुमार चौरे को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संगीता राजगीर ने गौरैया संरक्षण पर व्याख्यान देते हुए कहा कि शहरीकरण और पक्के मकानों के कारण गौरैया के प्राकृतिक आवास समाप्त हो रहे हैं, जिससे उनके जीवन चक्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से अपने घरों में गौरैया के अनुकूल वातावरण बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को कृत्रिम घोंसले वितरित किए गए। इस अवसर पर संग्रहालय के वैज्ञानिक-सी मानिक लाल गुप्त सहित अनेक गणमान्यजन

# सीसी रोड निर्माण में लापरवाही

## बिना संकेतक खुदाई से राहगीरों की मुश्किलें बड़ी



**हटा (स्वतंत्र मत)।** दमोह नाका से पन्ना नाका तक बन रही सीसी रोड में ठेकेदार की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले अंधियारा बगीचा क्षेत्र में बचे छोटे हिस्से को गिट्टी-मुरम डालकर समतल कर दिया गया था लेकिन अब उसी स्थान को दोबारा खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले खचना नाका पर कोई संकेतक या डायवर्जन बोर्ड नहीं लगाया गया। इससे वाहन सीधे निर्माण स्थल तक पहुंच जाते हैं। छोटे वाहन किसी तरह निकल जाते हैंए लेकिन बड़े वाहनों को वापस खचना नाका तक लौटना पड़ता हैए जिससे राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है और इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इस अव्यवस्था के चलते खचना नाका और अंधियारा बगीचा क्षेत्र में बार-बार जाम की स्थिति बन रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं पहले की तरह सड़क किनारे अवैध पार्किंग भी फिर से शुरू हो गई है जिससे समस्या और बढ़ गई है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि हाल ही में बाइक पर सवार एक छोटे बच्चे को हादसे का शिकार होना पड़ा। गनीमत रही कि बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन यह घटना प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थल पर तत्काल संकेतक लगाए जाएं वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए और यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि जाम और हादसों पर रोक लग सके।



# राज्यमंत्री लोधी ने तिलगुवां में दो होम स्टे का किया शुभारंभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा ब्लॉक अंतर्गत सिग्रामपुर तिलगुवां में दो होम स्टे का शुभारंभ किया। इसमें ग्राम सिग्रामपुर के कन्हा होमस्टे का उद्घाटन हुआ। राज्यमंत्री लोधी ने कहा निश्चित ही पर्यटन विभाग के द्वारा इस योजना के माध्यम से पर्यटकों के लिए सुविधा प्राप्त होगी जिसमें विधानसभा में स्थित पर्यटन स्थलों के लिए पर्यटन की संख्या निरंतर बढ़ेंगी। क्रियान्वयन एजेंसी मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह ने बताया आज के कार्यक्रम में गांव के लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

# वर्ष प्रतिपदा एवं प्रकट उत्सव कार्यक्रम संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघए पलंदी उपनगर द्वारा वर्ष प्रतिपदा एवं प्रकट उत्सव कार्यक्रम गुरुवार को स्थानीय कानेटकर भवन में उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं आद्य सरसंघचालक प्रणाम के साथ हुआ। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध उपस्थिति दर्ज कराई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्ष प्रतिपदा के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला तथा डॉ. हेडगेवार के जीवन एवं उनके राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को स्मरण किया। उन्होंने समाज में संगठन, संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

---

# जल गंगा संवर्धन अभियान में राज्यमंत्री लोधी हुए शामिल



दमोह (स्वतंत्र मत)।

संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया बनवार के ग्राम सगरा में श्जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक व्यापक एवं जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, संवर्धन एवं सतत उपयोग सुनिश्चित करना रहाए जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता बनी रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही।

# जल संरक्षण के कार्य को केवल शासन की योजना न समझें सक्रिय भागीदारी निभाएं : मंत्री उईके

### निगरी के मौहरी टोला स्थित तालाब के गहरीकरण एवं गाद निकासी कार्य का किया शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निगरी के मौहरी टोला स्थिति तालाब के गहरीकरण एवं गाद निकासी कार्य का विधिवत भूमि-पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज हम सब मौहरी टोला, ग्राम पंचायत निगरी, विकासखंड देवसर में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य तालाब गहरीकरण एवं जल संरचना संवर्धन के लिए एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक



विकास कार्य नहीं, बल्कि हमारे भविष्य को सुरक्षित करने का एक सामूहिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि निगरी क्षेत्र में कुल 5 जल संरचनाएं हैं, जिनमें से यह प्रमुख तालाब लगभग 2.50 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस तालाब का गहरीकरण हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है, जिससे हम वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन कर सकें और आने वाले समय में जल संकट से बच सकें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि जल ही जीवन है। यदि आज हम जल का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। तालाब के गहरीकरण से न केवल भू-जल स्तर बढ़ेगा, बल्कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा, पशुओं के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और पूरे क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन भी बेहतर होगा। उन्होने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करती हूँ कि इस कार्य को केवल शासन की योजना न समझें, बल्कि इसे अपनी जिम्मेदारी मानकर इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। जब जनभागीदारी जुड़ती है, तो हर अभियान सफल होता है। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री गौरव बैनल, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खंत्री, सीईओ जिला पंचायत श्री जगदीश गोमे, जनपद अध्यक्ष देवसर श्री प्रणव पाठक सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रानी अवंतीबाई लोधी को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नारी शक्ति, सुशासन, स्वाभिमान और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मातृभूमि के सम्मान के लिए रानी अवंतीबाई का त्याग और पराक्रम आज भी हमें अन्याय के विरुद्ध निर्भीक होकर खड़े रहने एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है।

# दमोह के युवाओं के लिए सेना में जाने का सुनहरा अवसर

दमोह (स्वतंत्र मत)।

दमोह सहित मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर आया है। भारतीय सेना द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के माध्यम से संचालित की जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण 13 फरवरी से 1 अप्रैल 2026 तक होंगे। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा संभावित ऑनलाइन परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

---

# युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के ध्वजवाहक : सारंग

## विकसित भारत युवा संसद 2026-समापन कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शुक्रवार को मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर स्थित मानसरोवर भवन में आयोजित विकसित भारत युवा संसद-2026 प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवा प्रतिभागियों से संवाद किया एवं उनके विचारों की सराहना कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के 54 जिलों से चयनित 270 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से शीर्ष 3 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह मंच केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि



राष्ट्र निर्माण के लिए विचारों की ऊर्जा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रमुख ध्वजवाहक हैं। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब युवा संस्कारित, अनुशासित और जिम्मेदार होंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप, तकनीक, शोध एवं नेतृत्व के क्षेत्र में व्यापक अवसर प्रदान कर रही है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही प्रदेश एवं देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने के लिये विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें खेलो एमपी यूथ गेम्स, प्रत्येक विधानसभा में खेल परिसर की स्थापना, पार्थ योजना, फिट इंडिया क्लब, मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान, युवा उत्सव, खेलो बढ़ो अभियान तथा सहकारिता के माध्यम से खेल एवं युवा गतिविधियों को प्रोत्साहन शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक युवा को चेंजमेकर के रूप में विकसित करना है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संसदीय प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराना, उनके नेतृत्व, संवाद एवं निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना तथा समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर उनके विचारों को मंच प्रदान करना है। इससे विकसित भारत 2047 के विज़न में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित होगी।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 20/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वर्षा शुकुल पति श्री संजय कुमार शुकुल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक ईडब्ल्यू एस 91-109 पिंक सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000386421 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 400 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 240 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज (1) श्री संजय कुमार लखोटिया (2) बलदेव प्रसाद होलानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 18/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनिता खरे पिता स्व. दुर्गा प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 132-133 विजय टेंट हाऊस सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000384372 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. प्रथम तल 600 व.फु. पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज स्व. मुन्नी भानुमति का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखंड लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखंड क्रमांक 653 श्रीमती गीता कटारे पति श्री राम भरोसे कटारे के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29.12.1999 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखंड श्रीमती गीता कटारे पति श्री राम भरोसे कटारे ने पंजीकृत विक्रय दिनांक 7.9.2010 के माध्यम से श्रीमती संगीता जैन पति श्री विनोद कुमार जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमती संगीता जैन पति श्री विनोद कुमार जैन द्वारा उक्त भूखंड उनके नाम लीज हस्तातरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / (भवन/भूखण्ड) बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखंड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखंड क्रमांक 296 श्री विनित अग्रवाल तिपा स्व. श्री संगम लाल अग्रवाल, श्रीमती मंजू अग्रवाल पति श्री विनित अग्रवाल के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24.11.2023 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखंड श्री विनित अग्रवाल पिता स्व. श्री संगम लाल अग्रवाल, श्रीमती मंजू अग्रवाल पति श्री विनित अग्रवाल ने पंजीकृत विक्रय दिनांक 11.2.2026 के माध्यम से श्रीमती कामना खम्परिया पति श्री नीरज खम्परिया को विक्रय किया है। अतः श्रीमती कामना खम्परिया द्वारा उक्त भूखंड उनके नाम लीज हस्तातरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / (भवन/भूखण्ड) बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# मौसम हुआ सुहाना...भीगा गेहूं का दाना



जिले में गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात लगभग 2 बजे मौसम ने अचानक करवट बदल ली। बिजली की गड़गड़ाहट और तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। एक तरफ जहां जनता को गर्मी से राहत मिली। वहीं दूसरी ओर अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। बारिश का यह सिलसिला शुक्रवार रात तक जारी रहा।



## बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी ने अचानक बदला मौसम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। इसी सिस्टम के असर से जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। विभाग ने कहीं-कहीं गरज-चमक और हल्की हवाएं चलने की भी संभावना जताई है। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29.7 और न्यूनतम तापमान 18.6 दर्ज किया गया ।

***किसानों की बढ़ी टेंशन***- अचानक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी गेहूं, चना और मसूर की फसल इस समय पककर तैयार है। किसानों का कहना है कि इस बारिश से फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और कटाई में भी देरी होगी।

***कई इलाकों की बिजली हुई गुल***- इधर अचानक मौसम के बदलने से शहर के अधिकांश इलाकों में रातभर बिजली गुल रही। तेज हवाएं चलने से कई क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था ठप्प पड़ गई। परेशानी के बीच जनता विद्युत दफ्तरों के चक्कर काट रही। बताया जा रहा है कि कई इलाकों में शुक्रवार दोपहर तक विद्युत व्यवस्था सुचारू हुई। वहीं कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े वृक्षों के गिरने के भी मामले सामने आए। हालांकि इनमें किसी के भी हताहत होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

***बीमारियों का बढ़ा खतरा***- मौसम विभाग के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की सक्रियता के चलते मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। जिससे जबलपुर सहित कई जिलों में बारिश और ओला वृष्टि देखने को मिल रही है। गर्मी के बाद अचानक मौसम में हुए बदलाव के कारण मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। चिकित्सकों की माने तो सर्द-गर्म मौसम के कारण वायरल फीवर, सर्दी-खांसी जैसी बीमारियां बढ़ सकती है। ऐसे में खासकर बच्चों और बुजुर्गों को एतिहात बरतने की आवश्यकता है।

**फोटोः अनिल तिवारी**

# भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 की हुई शुरूआत



### ऊर्जा सचिव ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित चार दिवसीय भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में मध्य प्रदेश को देखने सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले ऊर्जा विभाग पहुंचे। श्री गढ़पाले ने भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में ऊर्जा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर, एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर, एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी जबलपुर, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की सराहना की।

### चार दिवसीय होगा आयोजन

नई दिल्ली में आयोजित इस चार दिवसीय भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में ऊर्जा विभाग मप्र शासन द्वारा मप्र पावर सेक्टर में किए जा रहे नवाचारों जिनमें वी मित्र ऐप, उपाय ऐप, स्मार्ट बिजली ऐप, इनफॉर्मर स्कीम, ड्रोन पैट्रोलिंग, गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन के साथ ही ऊर्जा उत्पादन और वितरण की विभिन्न आधुनिक तकनीकों, योजनाओं जिनमें रिवेंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम, एसएसटीडी, पीएम जनमन योजना, पीएम धरती आबा योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, अटल ग्रह ज्योति योजना, समाधान योजना 2025- 26 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रदर्शनी में ऊर्जा विभाग मप्र शासन द्वारा विद्युतीय क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों, आधुनिक तकनीकों और जनहित योजनाओं का सफल प्रदर्शन किया। भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में आए भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, बिजली क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों, निवेशकों, परियोजना मालिकों, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण से जुड़ी कंपनियों, सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग क्षेत्र के दिग्गज, वित्तीय संस्थानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), बड़े निर्माताओं, उद्योग संघों और शिक्षाविदों सहित स्कूल कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने ऊर्जा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखा और उसकी सराहना की। गौरतलब है कि केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने चार दिवसीय भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 का गुरुवार को उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी, विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक, विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवार दम्पति को अज्ञात वाहन ने रौंदा, पति की मौत



### सिहोरा के उल्दना ओवरब्रिज पर हुआ हादसा

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

शुक्रवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने सब को चौंका दिया। दरअसल नेशनल हाईवे-33 स्थित उल्दना ओवरब्रिज पर बाइक सवार दंपति को अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल बतायी जा रही है । वहीं दंपति की डेढ़ साल की बच्ची इस हादसे में बाल-बाल बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रमाकांत नामदेव 33 वर्ष निवासी ग्राम सनकुई है। उनकी पत्नी रश्मि नामदेव 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं। शुक्रवार शाम रमाकांत अपनी पत्नी के साथ जबलपुर से ग्राम धरवारा किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे उल्दना ओवरब्रिज के पास पहुंचे, सामने से आ रहे अज्ञात भारी वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रमाकांत के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी घटना स्थल में ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गईं। घटना के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने रमाकांत को मृत घोषित कर दिया। रश्मि की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छत से गिरी वृद्धा की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** पनागर पुलिस ने बताया कि देवरी निवासी 76 वर्षीय रज्जोबाई दाहिया शुक्रवार सुबह अपने घर की छत से गिर गई। जिन्हें परिजनों द्वारा पनागर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल रेफर किया गया। उपचार दौरान रज्जोबाई दाहिया की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## सहेली के साथ गई नाबालिग को पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढ निकाला

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** लार्डगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत फुहारा बाजार से लापता हुई एक 15 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित ढूंढ निकाला है। पुलिस ने किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। थाना प्रभारी लार्डगंज नवल सिंह आर्य ने बताया कि 19 मार्च को एक 34 वर्षीय व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी सुबह लगभग 11 बजे फुहारा के पास से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी तलाश के बाद भी जब वह नहीं मिली। लार्डगंज पुलिस की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना तंत्र की मदद से किशोरी का पता लगाया। पूछताछ के दौरान किशोरी ने बताया कि वह अपनी सहेली के साथ चली गई थी। पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब कर उसके माता-पिता के हवाले कर दिया है।

# कारों की टक्कर से तीन लोग घायल

जबलपुर (स्वतंत्रमत)

ोतवाली थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इसी प्रकार मझगवां में भी एक कार चालक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि अधारताल न्यू कंचनपुर निवासी 36 वर्षीय आशीष कुमार सिंह अपनी मोटर साइकिल में अपने दोस्त दिनेश नामदेव को बैठाकर बल्देवबाग से बड़ा फुहारा पूजन सामग्री लेने जा रहा था। रात्रि साढ़े आठ बजे के करीब कार क्रमांक एमपी 20 सीएल-0449 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाईक में टक्कर मार दी। जिससे आशीष और दिनेश बाईक सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां कार चालक ने इलाज की राशि जमा करने से मना कर दिया। इसी प्रकार मझगवां पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर-13 निवासी 55 वर्षीय हुकुमचंद्र हल्दकार बीती देरशाम अपने पिता सुखदेव प्रसाद हल्दकार के साथ घर से जगदीश मंदिर की ओर जा रहे थे। उसी समय कार क्रमांक एमपी 20 सीडी-4487 के चालक ने तेजगति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनके पिता सुखदेव को टक्कर मार दी। जिससे उन्हें चोटे आ गई। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को विवेचना में लिया है।

## शासकीय कालोनियों, कार्यालयों को किया जाए अतिक्रमण मुक्त

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि जबलपुर में शासकीय कर्मचारी कॉलोनी, स्कूल, कार्यालय के आसपास लगातार अवैध अतिक्रमण हो रहा है। वहीं कार्यालयों और स्कूलों के आसपास पान गुटखा नशीले पदार्थो के टपरे खुल रहे हैं। यह अतिक्रमण नगर निगम की उदासीनता के चलते फल फूल रहे है। इन अवैध अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाते हुए शासकीय कालोनियों, शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किए जाने की आवश्यक कार्यवाही अतिशीघ्र की जानी चाहिए। संघ कमिश्नर एवं जिला कलेक्टर से मांग करता है की मामले को संज्ञान में लेकर शासकीय कालोनियों और कार्यालयों एवं स्कूलों के आसपास के क्षेत्र में जो अवैध अतिक्रमण है उन्हें हटाने की कार्यवाही शीघ्र की जानी चाहिए।

# शहर से पकड़े गए इंदौर के चर्चित अक्षय हत्याकांड के 3 आरोपी

### राइट टाउन क्षेत्र से पुलिस ने दबोचा, भाजपा नेत्री के घर में काट रहे थे फरारी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में हुए चर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड के तीन आरोपियों पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शशिकांत शर्मा, रवि और गौरव के रूप में हुई है, जिन पर पुलिस ने दो-दा हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। ये आरोपी जबलपुर के राइट टाउन स्थित आदि एन्क्लेव में एक भाजपा नेत्री के घर और उसके आसपास छिपकर रह रहे थे। कोतवाली सीएसपी रितेश कुमार शिव और लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्य की टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह बड़ी कामयाबी हासिल की है। बताया जा रहा है कि इंदौर पुलिस से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर जबलपुर पुलिस ने शहर के होटल, ढाबों और बस स्टैंडों पर तलाशी अभियान शुरू किया था। इसी दौरान गुरुवार शाम पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी शशिकांत शर्मा अपनी सास शिखा शर्मा के घर में छिपा हुआ है, जो खुद को भाजपा नेत्री बताती हैं। पुलिस टीम ने तत्काल राइट टाउन के आदि एन्क्लेव स्थित मकान पर दबिश दी और शशिकांत को हिरासत में लिया। उससे हुई कड़ाई से पूछताछ के बाद पुलिस ने पास के ही एक अन्य ठिकाने से उसके साथी रवि और गौरव को भी पकड़ लिया। इन तीनों को आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद इंदौर पुलिस की टीम के हवाले कर दिया गया है।

***यह था मामला***- दरअसल आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से अक्षय शर्मा का अपहरण किया। शशिकांत शर्मा ने अक्षय को फोन करके जमीन के पास बुलाया और वहां से उसे कार में डालकर इंदौर से 100 किलोमीटर दूर शाजापुर ले गए। शाजापुर में एक दोस्त के फार्महाउस पर अक्षय के साथ बर्बरता की सभी हदें पार कर दी गईं। आरोपियों ने उसे निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा और जबरन शराब पिलाई। गंभीर यातनाएं देते हुए गर्म लोहे की रॉड से उसके शरीर को कई जगह दागा गया और उसके निजी अंगों को भी जला दिया गया। अधमरी हालत में 18 जनवरी को आरोपी उसे इंदौर के बाणगंगा थाने के पास फेंककर भाग निकले थे।

***प्लाट को लेकर चल रहा था विवाद***- बताया जा रहा है कि मृतक अक्षय शर्मा और आरोपी पक्ष के बीच पुश्तैनी प्लॉट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। अक्षय और आरोपी एक ही परिसर में रहते थे और दोनों पक्ष उस बेशकीमती जमीन पर अपना दावा कर रहे थे। इस रंजिश में एक मोड़ तब आया जब अक्षय पर उसकी ही एक 22 वर्षीय रिश्तेदार बहन के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा और इसकी एफआईआर भी दर्ज कराई गई। इसी विवाद और बदले की भावना के चलते अक्षय की हत्या की खौफनाक साजिश रची गई। गंभीर रूप से घायल अक्षय ने 22 जनवरी को इंदौर के एमवाई अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

### एक्टिवा की डिक्की से टैब चुरा ले गये चोर

**जबलपुर।** तिलवारा थाने में धनवंतरी नगर जसूजा सिटी निवासी 24 वर्षीय कुनाल यादव ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। बीती शाम लगभग 7 बजे संग्राम सागर बाजनामठ घूमने गया था। उसने अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 04 यूएल 1766 की डिक्की में जियोमी कम्पनी का टेबलेट कीमती लगभग 20 हजार रूपये का रखा था। जिसके बाद वह तालाब से वापस मेडिकल कॉलेज आया और गाड़ी खड़ी करके मेडिकल कॉलेज की लायब्रेरी में गया।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**